


सीहोर जिले का प्रथम दैनिक

RNI No.MPHIN/2003/10309

# क्षितिज किरण

त्वदीय पाद पंकजम् नमामि देवी नर्मदे | सीहोर जिले, होशंगाबाद संभाग एवं जबलपुर से एक साथ प्रकाशित एकमात्र समाचार-पत्र

प्रेरणापुंज -विचित्र कुमार सिन्हा वर्ष-22 अंक-32 सीहोर, मंगलवार 18 मार्च 2025 पृष्ठ-8 मूल्य -1 रूपये सम्पादक- कृष्णाकान्त सक्सेना


## औरंगजेब कब्र विवाद में नागपुर में हिंसक झड़प, कई घायल, इलाके में तनाव



नागपुर (ए.)। औरंगजेब कब्र विवाद को लेकर महाराष्ट्र के नागपुर में दो गुटों में पथराव के बाद इलाके में तनाव की स्थिति बन गयी। वहीं कई लोग घायल हो गए। मिली जानकारी के अनुसार महाराष्ट्र के मध्य नागपुर में दो गुटों के लोग आमने-सामने आ गए। दोनों गुटों के लोगों द्वारा एक-दूसरे पर पथराव किया गया। आगजनी की गई। कई गाड़ियों में तोड़-फोड़ भी हुई। जिसके बाद यहां पुलिस को लाठीचार्ज करते हुए भीड़ को खदेड़ना पड़ा। फिलहाल इलाके में भारी तनाव है। जिसको देखते हुए पुलिस की भारी तैनाती कर दी गई है।

बताया गया कि औरंगजेब कब्र विवाद में सोमवार को महाराष्ट्र में विश्व हिंदू परिषद ने जगह-जगह विरोध-प्रदर्शन किया था। नागपुर में भी इसी के तहत औरंगजेब का पुतला जलाया गया था। जिसके बाद दो गुट के लोगों में झड़प हो गई। फिर दोनों ओर से पथराव और आगजनी शुरू हो गई। नागपुर के महल इलाके में पत्थर और तनावपूर्ण स्थिति बनाई जाती है।

नागपुर में भड़की हिंसा पर मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने लोगों से शांति की अपील की है। उन्होंने कहा कि पुलिस प्रशासन स्थिति को संभाल रही है। मुख्यमंत्री ने अपील की है कि नागरिकों को इस स्थिति में प्रशासन के साथ सहयोग करना चाहिए। हम लगातार पुलिस प्रशासन के संपर्क में हैं। नागरिकों को सहयोग करना चाहिए। किसी भी अफवाह पर विश्वास नहीं करें। प्रशासन मुस्तैदी से स्थिति को नियंत्रित करने में जुटा है।

ज्ञात रहे कि महाराष्ट्र में औरंगजेब की कब्र को लेकर घमासान मचा है। विश्व हिंदू परिषद ने औरंगजेब की कब्र को हटाने की मांग की है। इस मांग को लेकर सोमवार को महाराष्ट्र के अलग-अलग जिलों में विरोध-प्रदर्शन किया गया। इधर महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने सोमवार को कहा कि औरंगजेब की विचारधारा को बढ़ाने वाले कुचल दिए जाएंगे।

## सीएम डॉ. मोहन यादव ने देखी फिल्म छावा बोले

### राष्ट्र प्रेम, साहस और गौरवशाली इतिहास से परिचित करवाने वाली फिल्मों को देंगे प्रोत्साहन



भोपाल (ए.)। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आज 17वीं सदी में शासक रहे छत्रपति संभाजीराव महाराज के जीवन और संघर्ष पर बनी फिल्म छावा देखी। लक्ष्मण उतेकर द्वारा निर्देशित इस फिल्म को मध्यप्रदेश सरकार ने टैक्स फ्री भी किया है। अशोका लेक व्यू परिसर में ओपन थियेटर में हुए फिल्म के विशेष प्रदर्शन को मुख्यमंत्री डॉ. यादव के अलावा विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर, उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा, मंत्री परिषद के सदस्यों और अनेक जन प्रतिनिधियों ने देखा और फिल्म की सराहना की।मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि यह राष्ट्र प्रेम का संदेश देने वाली प्रेरक फिल्म है। मध्यप्रदेश सरकार ऐसी ऐतिहासिक पृष्ठभूमि पर बनी भारत के गौरवशाली इतिहास से अवगत करवाने वाली फिल्मों को प्रोत्साहित करेगी।


## गर्मी के बीच मौसम का बदला मिजाज, अगले एक हफ्ते तक 7 राज्यों में बारिश का अलर्ट



नई दिल्ली (आरएनएस)। मार्च महीने में बढ़ती गर्मी के बीच मौसम ने अचानक करवट ली है। होली के दौरान देश के कई हिस्सों में हुई हल्की से मध्यम बारिश के बाद, भारत मौसम विज्ञान विभाग (IMD) ने एक बार फिर बारिश की चेतावनी जारी की है।

आईएमडी के अनुसार, असम और उसके आसपास के क्षेत्रों में एक चक्रवाती परिसंचरण विकसित हो रहा है, जिसके कारण मौसम में फिर से बदलाव आ सकता है। अगले एक सप्ताह के दौरान असम और अरुणाचल प्रदेश में गरज के साथ बारिश होने की संभावना है। इस दौरान 30-40 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं भी चल सकती हैं। मेघालय, नागालैंड, मणिपुर, मिजोरम और त्रिपुरा में भी अगले सात दिनों तक गरज के साथ हल्की से मध्यम बारिश का अनुमान है। इसके अलावा, उत्तरी छत्तीसगढ़ से विदर्भ तक मौसम में बदलाव देखने को मिल रहा है। इसके चलते आज, सोमवार को पश्चिम बंगाल, सिक्किम, बिहार, झारखंड और ओडिशा में गरज और बिजली के साथ छिटपुट बारिश हो सकती है। इन क्षेत्रों में 30-50 किलोमीटर प्रति घंटे की गति से तेज हवाएं चलने की भी संभावना है। आईएमडी ने आज गंगा के तटीय पश्चिम बंगाल में कहीं-कहीं ओलावृष्टि की भी आशंका जताई है। मौसम विभाग ने आगे बताया कि 19 से 23 मार्च के दौरान पूर्वी-मध्य भारत में गरज और बिजली के साथ बारिश होने का अनुमान है। इस अवधि में तेज हवाएं भी चल सकती हैं। 20 और 21 मार्च को गंगा के तटीय पश्चिम बंगाल, झारखंड और ओडिशा के कुछ हिस्सों में ओलावृष्टि की संभावना बनी हुई है। आईएमडी ने लोगों को सतर्क रहने और मौसम के पूर्वानुमानों पर ध्यान देने की सलाह दी है।

## बौने कॉमेडियन नाबालिग को ले गया होटल, फिर किया रेप, कोर्ट ने सुनाई सजा



अंबाला (आरएनएस)। रेप केस में फंसे मशहूर बौना कॉमेडियन दर्शन को लेकर कोर्ट ने सजी का ऐलान कर दिया है। नाबालिग से रेप के मामले में उसे 20 साल की सजा सुनाई गई है। हिसार में एडीजे सुनील जिंदल की कोर्ट ने दोषी पर एक लाख सात हजार रुपए का जुर्माना भी लगाया है। पीड़िता के वकील रेखा मित्तल ने बताया कि दर्शन यूट्यूब पर अपनी कॉमेडी वीडियो बनाता था। पिछले कई दिनों से वह नाबालिग लड़की को एक्ट्रेस बनाने का झांसा दे रहा था। 21 सिंतबर 2020 को दर्शन ने नाबालिग को फोन कर कहा कि एक वीडियो शूट करनी है, जिसमें उसका भी रोल है।नाबालिग लड़की दर्शन के घर गई। इसके बाद उसे वह और उसका भाई बाइक पर एक जगह ले गए।

## कर्नल और उनके बेटे को बेसबैट से मारने पर पंजाब पुलिस पर बड़ा एक्शन, 12 पुलिसकर्मी सस्पेंड

पटियाला (आरएनएस)। पंजाब के पटियाला में सेना के कर्नल और उनके बेटे से मारपीट के मामले में पुलिस विभाग ने बड़ी कार्रवाई की है। इस मामले में 12 पुलिसकर्मियों को सस्पेंड किया गया है। मारपीट का पूरा मामला सीसीटीवी में कैद हो गया था। परिजनों ने इस संबंध में पुलिस में शिकायत भी दर्ज कराई।जानकारी के अनुसार, पूरा विवाद पार्किंग को लेकर हुआ था। एसएसपी नानक सिंह ने प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए कहा कि 13-14 मार्च की रात राजेंद्र हॉस्पिटल के बाहर एक घटना हुई थी। सेना के कर्नल और उनके बेटे के साथ पुलिस की झड़प हुई।

## श्रीराम जन्मभूमि ट्रस्ट का फैसला, अब कोई नहीं बनेगा राममंदिर का मुख्य पुजारी



अयोध्या,(ए.)। अयोध्या के राम जन्मभूमि मंदिर के मुख्य पुजारी आचार्य सत्येंद्र दास का निधन के कई दिनों के बाद अयोध्या में अब कोई मुख्य पुजारी नहीं होगा। ये जानकारी श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र सचिव चंपत राय ने दी है। चंपत ने आचार्य सत्येंद्र दास के निधन के बाद नए मुख्य पुजारी की नियुक्ति पर पूछे गए सवाल के जवाब में यह टिप्पणी की। चंपत राय ने कहा कि अब कोई मुख्य पुजारी नहीं होगा क्योंकि सत्येंद्र दास की उम्र और सम्मान का कोई व्यक्ति नहीं है। राय ने रविवार को कहा कि इतने लंबे समय तक कोई और हनुमानगढ़ी का महंत नहीं रहा है। उन्होंने कहा कि वे 1993 से सेवा कर रहे थे। वे 100 रुपए मासिक वेतन लेते थे। अब हर कोई युवा और नया है, कोई भी उनके जितना विद्वान नहीं है। अब, किसी को मुख्य पुजारी के रूप में संबोधित करना अतिशयोक्ति होगी।

## पीएम मोदी ने तुलसी गबार्ड को महाकुंभ का पवित्र गंगाजल भेंट किया



नई दिल्ली (ए.)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को अमेरिका की राष्ट्रीय खुफिया निदेशक तुलसी गबार्ड से मुलाकात की। इस दौरान पीएम मोदी ने तुलसी गबार्ड को प्रयागराज के महाकुंभ से लाया गया गंगाजल उन्हें भेंट किया। गौरतबल है कि महाकुंभ 2025 का आयोजन प्रयागराज के त्रिवेणी संगम पर किया गया था, जो 26 फरवरी को समाप्त हुआ। इस धार्मिक आयोजन में 66 करोड़ से अधिक श्रद्धालु पहुंचे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात करने से पहले तुलसी गबार्ड ने रक्षामंत्री राजनाथ सिंह से मुलाकात की थी। नई दिल्ली में आयोजित बैठक में प्रतिबंधित खालिस्तानी संगठन सिख फॉर जस्टिस द्वारा अमेरिकी धरती पर की जा रही भारत विरोधी गतिविधियों पर ध्यान केंद्रित किया गया।

## मध्य प्रदेश में अंत्येष्टि और अनुग्रह राशि के भुगतान में गड़बड़ी, कैग रिपोर्ट में खुलासा




भोपाल (आरएनएस)। मध्य प्रदेश में पंजीकृत कर्मकारों की अंत्येष्टि सहायता और अनुग्रह सहायता राशि में बड़ी गड़बड़ी सामने आई है। यह राशि कर्मकारों के परिजनों के बैंक खातों की जगह अन्य खातों में जमा कर दी गई। इसके अलावा भी भारत के नियंत्रक-महा लेखापरीक्षक के प्रतिवेदन में कई योजनाओं में गड़बड़ी का खुलासा हुआ है।

कैग की रिपोर्ट के मुताबिक कल्याण योजना निधि में पंजीकृत कर्मकारों के उत्तराधिकारी को अंत्येष्टि सहायता और अनुग्रह सहायता राशि के लिए संबंधित अधिकारी के पास निर्धारित प्रारूप में आवेदन करना होता है। इसी आवेदन पर संबंधित व सक्षम अधिकारी जांच के उपरांत मृत कर्मकार के उत्तराधिकारी के बैंक खाते में अंत्येष्टि और अनुग्रह राशि जमा की जाती है। इस प्रक्रिया का पालन नहीं किया गया, बल्कि राशि को दूसरे बैंक खातों में जमा किया गया।कैग की रिपोर्ट बताती है कि अंत्येष्टि और अनुग्रह राशि के भुगतान की नश्तियों और श्रम सेवा पोर्टल के आंकड़ों के विश्लेषण में एक बात साफ हुई है कि चयनित नगरीय निकायों में 142 प्रकरणों में संबंधित अधिकारियों ने 52 बैंक खातों में एक करोड़ 68 लाख रुपये जमा किए गए। यह खाते कर्मकार के उत्तराधिकारी के नहीं थे।इतना ही नहीं, राज्य में प्राकृतिक आपदा के तहत प्रभावितों को सहायता राशि दी जाती है। राज्य के वर्ष 2018-19 से 2021-22 के अवधि के बीच 10060 करोड़ की राशि वितरित की गई। 13 जिलों को चयनित कर जब कैग ने अध्ययन किया, तो पता चला कि इन जिलों के कर्मचारियों और उनके रिश्तेदारों सहित अनाधिकृत व्यक्तियों को 23 करोड़ 81 लाख का अनाधिकृत वितरण किया गया। इसके लिए कूटरचित दस्तावेज भी तैयार किए गए।

## कब्र से निकले औरंगजेब के जिन्न ने राजनीति में छेड़ा युद्ध, संजय राउत ने कब्र को बताया शौर्य का प्रतीक



मुंबई (आरएनएस)। महाराष्ट्र में औरंगजेब की कब्र को लेकर राजनीति में युद्ध छिड़ा हुआ है। विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल सहित कई हिंदू संगठन औरंगजेब की कब्र को हटाने की मांग कर रहे हैं। वहीं, इस मुद्दे को लेकर शिवसेना के नेता संजय राउत ने औरंगजेब की कब्र को शौर्य का प्रतीक बताते हुए इसे नहीं टूटने की बात कही।संजय राउत ने कहा, औरंगजेब की कब्र है, यह शौर्य का प्रतीक है, कभी टूटनी नहीं चाहिए। छत्रपति शिवाजी महाराज ने औरंगजेब से इतना बड़ा युद्ध किया। उनके बाद भी औरंगजेब 25 साल तक लड़ता रहा लेकिन कभी जीत नहीं सका। महाराष्ट्र में औरंगजेब की कब्र है। यह मराठों के शौर्य का प्रतीक है। संजय राउत ने आगे कहा कि औरंगजेब हो या अफजल खान की कब्र, यह मराठों के शौर्य का स्मारक है। आने वाली पीढ़ियों को पता चलना चाहिए कि शिवाजी महाराज और मराठों ने किस तरह आक्रामक दुश्मनों से लड़ाई लड़ी, लेकिन वे मराठों पर हावी नहीं हो सके।

## पाकिस्तानी महिला ने बॉर्डर पार कर राजस्थान में की एंट्री, पकड़े जाने पर लौटने से किया इनकार



जयपुर ,(आरएनएस)। सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) ने सोमवार को एक पाकिस्तानी महिला को हिरासत में लिया। यह महिला बलूचिस्तान की रहने वाली है और अवैध रूप से भारत-पाकिस्तान सीमा पार कर राजस्थान में घुस आई थी। अधिकारियों ने बताया कि महिला को सुबह श्रीगंगानगर जिले के अनूपगढ़ में विजेता चौकी से गिरफ्तार किया गया। महिला ने पाकिस्तान लौटने से साफ इनकार कर दिया है और दावा किया है कि उसके वापस लौटने पर उसकी जान को खतरा होगा। अधिकारियों के अनुसार, महिला सुबह करीब 5.30 बजे कांटेदार तार की बाड़ पार कर भारतीय क्षेत्र में प्रवेश कर गई। विजेता चौकी पर तैनात बीएसएफ जवानों ने तुरंत उसे हिरासत में ले लिया। शुरुआती पूछताछ के दौरान उसने भारत में शरण लेने की इच्छा जताई और कहा कि यदि उसे वापस भेजा गया तो उसकी जान को खतरा हो सकता है।हिरासत में ली गई महिला ने खुद को हुमारा (33) बताया है, जो बलूचिस्तान के केच जिले के दगरी खान गांव की रहने वाली है। उसने यह भी बताया कि उसके पति का नाम वसीम है और उसके माता-पिता मूल रूप से कराची के रहने वाले हैं। सुरक्षाकर्मियों ने उसके पास से एक मोबाइल फोन और आभूषण बरामद किए हैं। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि सुरक्षा एजेंसियां मामले की गहन जांच कर रही हैंअधिकारी यह पता लगाने का प्रयास कर रहे हैं कि महिला ने सीमा पार क्यों की और क्या उसका किसी संदिग्ध संगठन से संबंध है। बीएसएफ अधिकारियों ने पुष्टि की कि उसे भारतीय क्षेत्र में 50 मीटर अंदर से पकड़ा गया।स्थिति की गंभीरता को देखते हुए इंटेलिजेंस ब्यूरो (आईबी), सीआईडी और पुलिस सहित खुफिया और सुरक्षा एजेंसियों को सतर्क कर दिया गया है।जांचकर्ता इस बात का आकलन कर रहे हैं कि क्या उसका सीमा पार करना दुर्घटनावश हुआ था या यह किसी बड़ी साजिश का हिस्सा था।अधिकारियों ने बताया कि फिलहाल महिला बीएसएफ की हिरासत में है और उससे पूछताछ चल रही है। पुलिस उपाधीक्षक प्रशांत कौशिक ने बताया, यह घटना विजेता पोस्ट पर हुई। सुबह करीब साढ़े पांच बजे एक पाकिस्तानी महिला कंटीली तार की बाड़ पार कर भारतीय क्षेत्र में घुस आई। हालांकि, विजेता पोस्ट पर तैनात जवानों ने उसे पकड़ लिया। अधिकारी महिला से पूछताछ कर रहे हैं और जांच के तहत उसके मोबाइल फोन की जांच कर रहे हैं।




## झारखंड के चाईबासा में घर में लगी आग की चपेट में आकर चार बच्चों की मौत

चाईबासा (आरएनएस)। झारखंड के पश्चिमी सिंहभूम जिला अंतर्गत जगन्नाथपुर थाना क्षेत्र के गितिलिपि गांव में सोमवार को एक घर में लगी आग की चपेट में आकर चार बच्चों की मौत हो गई है। दिन में करीब 11 बजे हुई इस घटना से गांव में कोहराम मच गया है। दमकल की गाड़ी आग बुझाने की कोशिशों में जुटी है। पुलिस-प्रशासन के अफसर मौके पर पहुंचे हैं।

मृत बच्चों के शव फिलहाल बाहर नहीं निकाले जा सके हैं। बताया गया कि बच्चे एक घर के कमरे में रखे गए पुआल में खेल रहे थे। वहां अचानक आग लग गई और देखते-देखते यह पूरे घर में फैल गई। घर में उस वक्त कोई भी बड़ा व्यक्ति मौजूद नहीं था। सभी लोग काम करने घर के बाहर गए थे।

गांव की एक महिला बिरंग गगराई इस घर के पास पानी लेने गई थी। उसने पुआल में लगी आग में चार बच्चों को फंसा देखा तो उन्हें निकालने की कोशिश की, लेकिन नाकाम रही। शोर मचाने पर जब तक गांव के लोग जुटे, तब तक आग और भयावह रूप ले चुकी थी। धुएं का गुबार पूरे गांव में फैल गया है। आग कैसे लगी, यह पता नहीं चल पाया है।

## मासूम से दरिंदगी की हदें पार, होंठ काटे- सिर जमीन पर पटका; गले पर नाखून के निशान- दांत भी टूटे मिले

हाथरस (आरएनएस)। उत्तर प्रदेश के हाथरस जिले में एक हृदयविदारक घटना सामने आई है, जहां एक सात वर्षीय बच्ची के साथ कथित तौर पर दुष्कर्म किया गया। इस घिनौने कृत्य के बाद बच्ची गंभीर रूप से घायल है और इलाके में भारी आक्रोश व्याप्त है।

यह घटना हाथरस में हुई, जहां एक वहशी दरिंदे ने मानवता को शर्मसार कर दिया। जानकारी के अनुसार, सात वर्षीय मासूम बच्ची के साथ दुष्कर्म किया गया। बच्ची के शोर मचाने पर आरोपी ने उसके होंठों को काटा, जिससे उसका एक दांत टूट गया। बच्ची को जान से मारने की नीयत से उसका सिर जमीन पर पटका गया और उसे चाकू से डराया भी गया। बच्ची के गले पर नाखून के गहरे निशान भी पाए गए हैं।



इस घटना के सामने आने के बाद से ही लोगों में गहरा गुस्सा है। बिसावर में दूसरे दिन भी इस दरिंदगी के खिलाफ लोगों का गुस्सा उबलता दिखा। सुबह से ही इलाके में धरना-प्रदर्शन जारी है और बाजार पूरी तरह से बंद हैं। बड़ी संख्या में महिलाएं सड़कों पर बैठी हुई हैं और अधिकारियों के समझाने पर भी हटने को तैयार नहीं हैं। प्रदर्शनकारी महिलाएं दुष्कर्मी अमन खां के लिए मौत की सजा की मांग कर रही हैं। सोशल मीडिया पर इस विरोध प्रदर्शन से जुड़े कई वीडियो भी प्रसारित हो रहे हैं। धरने पर बैठी महिलाओं का कहना है कि दुष्कर्म करने वाले को गोली मार देनी चाहिए और उसके परिवार को गांव से निकाल देना चाहिए। कुछ महिलाओं ने चेतावनी दी है कि यदि उनकी मांगें पूरी नहीं हुईं तो वे आत्महत्या कर लेंगी।प्रदर्शनकारी महिलाओं ने पुलिस पर भी नाराजगी जताई। उनका कहना है कि हाथरस के एसपी मौके पर आए थे, लेकिन वे उनसे मिले बिना ही मस्जिद से वापस चले गए। महिलाओं ने कहा कि वे अपनी मांगों से पीछे नहीं हटेंगी, भले ही उन्हें जान से मार दिया जाए। उन्होंने आरोपी को पैर में गोली मारने पर भी सवाल उठाया और पूछा कि उसे सिर में गोली क्यों नहीं मारी गई।

## बिहार के समस्तीपुर में युवती का शव बरामद

समस्तीपुर(आरएनएस)। बिहार मे समस्तीपुर जिले के उजियारपुर थाना क्षेत्र में खेत से पुलिस ने सोमवार को एक युवती का शव बरामद किया। पुलिस सूत्रों ने यहां बताया स्थानीय लोगों से मिली सूचना के आधार पर सातनपुर गांव स्थित खेत से एक युवती का शव बरामद किया गया है। मृतक की पहचान इसी थाना क्षेत्र के बाजितपुर गांव निवासी सुरेंद्र दास की 25 वर्षीय पुत्री आभा कुमारी के रूप में की गई है। सूत्रों ने बताया कि आभा कुमारी कल घर से निकली थी, तभी से वह लापता थी। आज सुबह ग्रामीण जब खेत की ओर गए तो उसका शव क्षत-विक्षत अवस्था में पाया। इस सम्बंध में जिले के उजियारपुर थाना में मामला दर्ज कर पुलिस हत्या के कारणों की जांच में जुटी है। पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिये समस्तीपुर सदर अस्पताल भेज दिया है।






# प्रधानमंत्री श्री मोदी के प्रोत्साहन से प्रदेश में मिलेगा फुटबाल को बढ़ावा : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

## प्रधानमंत्री ने अमेरिकन पॉडकास्ट में बताया शहडोल में बसा है मिनी ब्राजील

भोपाल (ए.)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अमेरिकन पॉडकास्टर लेक्स फ्रिडमैन के साथ विस्तार से बातचीत में मध्यप्रदेश के शहडोल जिले के दौरे की स्मृतियों को साझा की। पॉडकास्ट में पीएम श्री मोदी ने शहडोल जिले के जनजातीय बाहुल्य गांव विचारपुर की चर्चा की। उन्होंने कहा कि शहडोल जिले की यात्रा में उन्हें उस जगह के बारे में पता चला, जहां के निवासियों में फुटबॉल के प्रति अटूट प्रेम है। वे अपने क्षेत्र को मिनी ब्राजील कहते हैं। अमेरिकन पॉडकास्ट में पीएम श्री मोदी ने कहा कि हमारे यहां सेंट्रल पार्ट ऑफ इंडिया में मध्यप्रदेश एक स्टेट है, वहां शहडोल एक जिला है, शहडोल जिला बहुत बड़ा ट्राइबल बेल्ट है, जहां काफी ट्राइबल लोग रहते हैं वहां ट्राइबल महिलाएं स्व-सहायता समूह चलाती हैं। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने शहडोल यात्रा में स्व-सहायता समूह की महिला सदस्यों और शहडोल संभाग की फुटबाल क्रांति के प्रणेता खिलाड़ियों से मिलकर चर्चा की और उनका उत्साह बढ़ाया। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने शहडोल जिले के भ्रमण की स्मृतियों को साझा करते हुए कहा कि मैं उनसे बातचीत कर रहा था। शहडोल में देखा कि स्पोर्ट्स की ड्रेस पहने हुए वहां 80 से 100 के करीब नौजवान, छोटे बच्चे, सभी लोग एक ही प्रकार से बैठे थे। मैं उनके पास गया, उनसे पूछा कि आप लोग कहां से हैं? जवाब मिला, हम मिनी ब्राजील से हैं। मैंने खिलाड़ियों से पूछा कि मिनी ब्राजील क्या है? तो खिलाड़ियों ने बताया कि हमारे गांव विचारपुर को लोग मिनी ब्राजील कहते हैं। मैंने फिर पूछा कैसे मिनी ब्राजील कहते हैं? खिलाड़ियों ने बताया कि हमारे गांव में हर परिवार में चार पीढ़ियों से लोग फुटबॉल खेलते आ रहे हैं। गाँव से 80 से अधिक नेशनल प्लेयर निकले हैं। पूरा गाँव फुटबॉल को समर्पित है और वो कहते हैं कि हमारे गांव का इंडिविजुअल मैच जब होता है, तो 20 से 25 हजार



दर्शक तो आसपास के गांव से ही आ जाते हैं। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने कहा कि भारत में फुटबॉल का क्रेज इन दिनों बढ़ रहा है, मैं उसके लिए शहडोल के मिनी ब्राजील को शुभ संकेत मानता हूं। इससे टीम स्पिरिट पैदा होती है।

**प्रधानमंत्री श्री मोदी का मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने माना आभार**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने प्रधानमंत्री श्री मोदी के प्रोत्साहन के लिये आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इससे शहडोल ही नहीं पूरे प्रदेश के खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ेगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश में फुटबाल को और अधिक प्रोत्साहित करने के लिये राज्य सरकार की ओर से हरसंभव मदद दी जायेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार खेलों को बढ़ावा देने में कोई कसर नहीं छोड़ रही है। हमारी खेल अकादमियों के खिलाड़ियों राष्ट्रीय और अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर मध्यप्रदेश और देश का नाम रोशन किया है।

**पूर्व कमिश्नर श्री शर्मा ने भी किया प्रोत्साहित**

शहडोल संभाग में फुटबाल को प्रोत्साहित करने के लिए शहडोल संभाग के पूर्व कमिश्नर राजीव शर्मा की पहल पर फुटबाल खिलाड़ियों को बेहतर से बेहतर सुविधाएं मुहैया कराने के प्रयास किये गए है। इसके अपेक्षित परिणाम मिल रहे हैं। शहडोल जिले के ग्राम विचारपुर गांव सहित शहडोल संभाग के लगभग सभी गांवों में फुटबाल क्लबों का गठन किया गया है तथा फुटबाल खिलाड़ियों को प्रोत्साहित किया जा रहा है।

**मन की बात में भी हो चुका है जिक्र**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा पूर्व में भी मन की बात कार्यक्रम में भी शहडोल संभाग की फुटबाल क्रांति के संबंध में चर्चा की जा चुकी है, जिससे शहडोल संभाग के फुटबाल खिलाड़ियों में नया उत्साहवर्धन हुआ है।

### पेपरलेस बूथ की प्रक्रिया का प्रचार-प्रसार कराने नोडल एवं सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त करने के निर्देश

भोपाल (ए.)। राज्य निर्वाचन आयुक्त मनोज श्रीवास्तव ने कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारियों को त्रिस्तरीय पंचायत उप चुनाव, नवीन प्रणाली पेपरलेस बूथ के माध्यम से कराने की प्रक्रिया का व्यापक प्रचार-प्रसार कराने के निर्देश दिये हैं। उन्होंने कहा है कि इसके लिये जिला एवं विकासखण्ड स्तरीय नोडल एवं सहायक नोडल अधिकारी (सेंस) तथा मास्टर ट्रेनर्स नियुक्त कर जानकारी जल्द भेजें। इनको राज्य स्तर पर प्रशिक्षण दिलाया जायेगा। राज्य निर्वाचन आयुक्त श्री श्रीवास्तव ने कहा है कि नवीन प्रणाली पेपरलेस बूथ की जानकारी से मतदाताओं, अभ्यार्थियों एवं राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों को परिचित कराया जाना अत्यंत आवश्यक है।

## सुंदरलाल पटवा राष्ट्रीय प्रबंधन संस्थान के निर्माणाधीन भवन का काम तेज गति से

### *भोपाल के भौरी में 45 करोड़ रुपये की लागत से तैयार हो रहा है भवन*

भोपाल (ए.)। नगरीय विकास एवं आवास विभाग द्वारा भोपाल के भौंरी में 45 करोड़ रुपये लागत से सुंदरलाल पटवा राष्ट्रीय प्रबंधन संस्थान भवन निर्माण का कार्य तेजी से किया जा रहा है। पिछले दिनों संस्थान के निदेशक कैलाश वानखेड़े एवं विभागीय अधिकारियों ने निर्माण स्थल पहुँच कर भवन निर्माण की प्रगति की जानकारी ली।

**संस्थान का उद्देश्य**

संस्थान की स्थापना का उद्देश्य शहरी निकायों की कार्य-प्रणाली में पारदर्शिता, जवाबदेही और जन-भागीदारी के साथ विकास के लक्ष्य को हासिल किया जाना है। इसके लिये नगरीय निकायों के लोक सेवकों एवं निर्वाचित जन-प्रतिनिधियों के क्षमता संवर्धन के प्रशिक्षण नियमित रूप से आयोजित किये जा रहे हैं। वर्तमान में यह संस्थान शिवाजी नगर स्थित पालिका भवन परिसर में संचालित हो रहा है। संस्थान द्वारा वर्ष 2024-25 में अब तक 49 राज्य स्तरीय प्रशिक्षण आयोजित किये जा चुके हैं। इन प्रशिक्षण कार्यक्रमों में एक हजार से अधिक प्रतिभागियों ने विभिन्न विषयों पर प्रशिक्षण प्राप्त किया। इसी के साथ केन्द्र सरकार की एकीकृत क्षमता संवर्धन योजना के अंतर्गत संस्थान द्वारा 18 प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किये जा चुके हैं। इन प्रशिक्षण में करीब 760 प्रतिभागियों की भागीदारी रही है।

**संस्थान का निर्माणाधीन नवीन परिसर**

सुंदरलाल पटवा राष्ट्रीय प्रबंधन संस्थान के लिये भौरी में 10.12 हेक्टेयर भूमि राजाभोज अंतर्राष्ट्रीय एयरपोर्ट के समीप प्रदान की गयी है। संस्थान में प्रशिक्षण भवन, लायब्रेरी, खेल प्रसाधन, स्मार्ट क्लॉस-रूम, अधिकारी-कर्मचारियों के लिये आवासीय इकाइयाँ और 4 हॉस्टल निर्मित किये जा रहे हैं।

**ऑनलाइन प्रशिक्षण**

संस्थान द्वारा आगामी वर्ष 2025-26 में लगभग 3 हजार निर्वाचित जन-प्रतिनिधियों और मिशन कर्मयोगी परियोजना के अंतर्गत शासकीय लोक सेवकों को ऑफलाइन के साथ-साथ ऑनलाइन प्रशिक्षण दिये जाने का कार्यक्रम तैयार किया जा रहा है।

## 24-25 मार्च को दो दिवसीय राष्ट्रव्यापी बैंक हड़ताल

### -8 लाख से ज्यादा कर्मचारी नहीं करेंगे काम




भोपाल (ए)। देशभर के बैंक ग्राहकों को 24 और 25 मार्च को परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। यूनाइटेड फोरम ऑफ बैंक यूनियंस के आह्वान पर 8 लाख से अधिक बैंक कर्मचारी और अधिकारी दो दिवसीय राष्ट्रव्यापी हड़ताल पर रहेंगे। जिसमें नौ बैंक कर्मचारी-अधिकारी संगठन- ऑल इंडिया बैंक एम्पलाइज एसोसिएशन, ऑल इंडिया बैंक ऑफिसर्स कनफेडरेशन, नेशनल कनफेडरेशन ऑफ बैंक एम्पलाइज, ऑल इंडिया बैंक ऑफिसर्स एसोसिएशन, बैंक एम्पलाइज फेडरेशन ऑफ इंडिया, इंडियन नेशनल बैंक एम्पलाइज फेडरेशन, इंडियन नेशनल बैंक ऑफिसर्स कांग्रेस, नेशनल ऑर्गेनाइजेशन ऑफ बैंक वर्कर्स,नेशनल ऑर्गेनाइजेशन ऑफ बैंक ऑफिसर्स शामिल हैं, इस हड़ताल में सार्वजनिक, निजी, विदेशी, सहकारी और क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों के कर्मचारी शामिल होंगे।यूनियन ने बैंकों में पर्याप्त भर्ती, स्थायी नौकरियों की आउटसोर्सिंग पर रोक और सप्ताह में पांच दिन कार्य सहित कई प्रमुख मांगें रखी हैं। इनके अलावा, परफॉर्मेंस रिव्यू और पीएलआई पर हाल ही में सरकार के फैसले को वापस लेने, बैंक कर्मचारियों की सुरक्षा, ग्रेच्युटी की सीमा बढ़ाने और बैंकिंग क्षेत्र में अनुचित श्रम प्रथाओं पर रोक की भी मांग की जा रही है।

## पोषण भी-पढ़ाई भी पर एक दिवसीय कार्यशाला 18 मार्च को

### महिला बाल विकास मंत्री सुश्री भूरिया करेंगीं शुभारंभ

भोपाल (ए.)। पोषण भी-पढ़ाई भी कार्यक्रम के सफल आयोजन को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से महिला बाल विकास विभाग के संभागीय संयुक्त संचालकों एवं जिला कार्यक्रम अधिकारियों के उन्मुखीकरण के लिये एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन भोपाल के होटल रेडिसन में 18 मार्च को प्रात: 9:30 बजे किया जा रहा है। महिला बाल विकास मंत्री सुश्री निर्मला भूरिया इस कार्यशाला का शुभारंभ करेंगी। केन्द्र सरकार के पोषण भी-पढाई भी कार्यक्रम के तहत प्रदेश की समस्त आंगनवाड़ी कार्यकताओं को नेशनल करिकल्म फॉर अर्ली चाईल्डहूड केयर एण्ड एजुकेशन 2024 (आधारशिला) एवं नेशनल फ्रेमवर्क फॉर अर्ली चाईल्डहूड स्टीमूलेशन 2024 (नवचेतना) के अनुसार प्रशिक्षित किया जाएगा। दो चरणों में यह प्रशिक्षण कार्यक्रम 20 से 22 मार्च 2025 और 24 से 26 मार्च को होगा।

## बंद कमरे में धर्मांतरण का खेल, मौजूद थे 50 ग्रामीण; पुलिस ने छापा मार टीचर समेत दो आरोपियों को किया गिरफ्तार

भोपाल(आरएनएस)। वैसे तो धर्मांतरण के खिलाफ कई कड़े कानून बनाए गए हैं, लेकिन इसके बाद भी आए दिन कहीं न कहीं से धर्म परिवर्तन की खबरें आती रहती हैं. ताजा मामला मध्यप्रदेश के सिंगरौली जिले में का है, जहां माड़ा थाना इलाके के करसुआ राजा गांव में धर्म परिवर्तन का खेल धड़ल्ले से चलाया जा रहा है. धर्मांतरण की सूचना मिलते ही पुलिस की टीम मौके पर पहुंच गई और धर्मांतरण को रोक दिया।

**बंद कमरे में चल रहा था खेल**

पुलिस के अनुसार, माड़ा पुलिस को करसुआ राजा गांव के एक मकान में धर्म परिवर्तन की सूचना मिली थी. इसके बाद एक



टीम ने मकान में छापा मारा तो वहां एक बंद कमरे में 50 से ज्यादा लोग मौजूद थे. उनके साथ बाइबल और दूसरी धार्मिक सामग्री भी थी। इस दौरान पुलिस ने दो लोगों को हिरासत में ले लिया है. आरोप है कि कमलेश साकेत करसुआ राजा गांव के सरकारी स्कूल में शिक्षक हैं, जो अपने साथी अरबिंद साकेत के साथ मिलकर गांव के आसपास के लोगों को इकट्ठा कर उनको बहला-फुसला कर धर्म परिवर्तन के लिए प्रेरित कर रहे थे. दोनों ही आरोपी करसुआ राजा गांव के निवासी बताए जा रहे हैं।

**धर्म परिवर्तन कराने वाले गिरोह का एक सदस्य सरकारी शिक्षक**

माड़ा थाना प्रभारी शिवपूजन मिश्रा ने बताया कि पुलिस को सूचना मिली थी कि करसुआ राजा गांव में धर्म परिवर्तन का खेल चल रहा है. पुलिस छापेमारी के दौरान भारी संख्या में लोग मौजूद थे. धर्म परिवर्तन कराने वाले गिरोह के 2 सदस्यों को हिरासत में लिया, जिनसे पूछताछ की जा रही है।

## सोने-चांदी के जेवरात समेट चुका चोर बर्तन गिरने की आवाज पर भाग गया




भोपाल(ए.)। निशातपुरा में घर में घुसकर अज्ञात चोर करीब 70 हजार रुपए का माल बटोरकर चंपत हो गया। बताया गया है की बदमाश सोने-चांदी के जेवरात बटोरने के बाद मकान में अन्य कीमती माल तलाश रहा था। लेकिन दूसरे कमरे में पहुंचने पर उसकी गलती से एक बर्तन जमीन पर गिर गया। इस आवाज से महिला की नींद खुल गई और चोर को सामने देख उसने शोर मचा दिया, इससे घबराया आरोपी फौरन ही खिड़की के रास्ते से वापस भाग गया।थाना पुलिस के अनुसार करोंद के पास कृषक नगर में रहने वाली अनीता अहिरवार पति दिनेश शर्मा (34) ने अपनी शिकायत में बताया की वह घरेलू काम करती है। उनके पति दिनेश शर्मा ड्रायवरी का काम करते है। काम के चलते पति के कई बार वाहन लेकर शहर से बाहर जाने के कारण वह घर पर अकेली रहती है। 15-16 मार्च की उरम्यानी रात को अनीता कमरे में सो रही थी। रात करीब 2 बजे घर में सामान गिरने की आवाज से उनकी नींद खुल गई। वह देखने के लिये वहॉ पहुंची तो उन्हें एक अज्ञात बदमाश खड़ा नजर आया। उसे देखाकर अनीता ने मदद के लिये जोर-जोर से शोर मचाना शुरु कर दिया। चीखने की आवाज से घबराया आरोपी खिड़की के रास्ते से फरार हो गया। बताया गया है की चोर खिड़की के रास्ते से ही घर में दाखिल हुआ था। आरोपी करीब 70 हजार कीमत के सोने-चांदी के जेवरात बटोरकर ले गया है। पुलिस ने जॉच के बाद अज्ञात के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर आगे की कार्यवाही शुरु कर दी है।

## प्रवासी नेपाली संपर्क मंच के जनेऊ संस्कार कार्यक्रम में सम्मिलित हुए सबनानी

भोपाल (आरएनएस)। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश महामंत्री व विधायक भगवानदास सबनानी रविवार को प्रवासी नेपाली संपर्क मंच द्वारा आयोजित सामूहिक जनेऊ संस्कार कार्यक्रम में सम्मिलित रहे। बच्चों के जनेऊ संस्कार (बर्त्तबन्द) का आयोजन गढ़वाली समाज भवन तुलसी नगर में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में प्रवासी नेपाली संपर्क मंच के अध्यक्ष लोकमणी पौडेल द्वारा सबनानी का पुष्प गुच्छ देकर सम्मान किया गया।

इस अवसर पर सबनानी ने कहा कि संस्कारों से जुड़कर ही संस्कृति समृद्ध होती है, यह संस्कार न केवल नई पीढ़ी को अपने मूल से जोड़ता है, बल्कि जीवन में मर्यादा,अनुशासन और संस्कारों की नींव भी मजबूत करता है,वर्तमान समय में इंटरनेट के माध्यम से बच्चों की पहुंच से कोई भी चीज दूर नहीं रह गई है और वह इसका क्या इस्तेमाल कर रहे है यह देखना अभिभावकों की जिम्मेदारी है बच्चों में संस्कारों के प्रति आदर हो और वह अपने सामाजिक दायित्व को समझे इसके लिए इस प्रकार का आयोजन बहुत ही जरूरी है। मैं इस अवसर पर आप सभी को होली एवं रंग पंचमी की अपनी शुभकामनाएं देता हूं।

इस अवसर पर प्रवासी नेपाली संपर्क मंच समिति के सदस्य डोल राज भंडारी, जीव नारायन घिमिरे, गणेश पांडे, के आर शर्मा, दीपक भंडारी, इस्वरी खनाल, महासचिव अखिलनाथ नाथ शर्मा सहित महिला समिति सदस्यों के साथ बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित रहे।

## ट्रांसफार्मर, पोल के पास ठेले न लगाएं, हो सकती है दुर्घटना

भोपाल (ए.)। मध्यप्रदेश मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी ने कहा है कि व्यापारीगण या फेरी वाले बिजली के वितरण ट्रांसफार्मर एवं पोल के आसपास हाथ ठेले या गुमठियां न लगाएं। ऐसा करने से कभी भी बड़ी दुर्घटना हो सकती है। विद्युत वितरण कंपनी का कहना है कि कई स्थानों पर ऐसा देखने में आ रहा है, ऐसा करके लोग जहां अपनी जान को जोखिम में डाल रहे हैं, वहीं इस तरह से बिजली के खंभों या ट्रांसफार्मर से सटाकर ठेले पर सामान बेचना नियमों के विपरीत भी है। इसलिए यदि कहीं पर भी इस तरह की गतिविधियां हो रही हों तो स्वयं ही उन्हें हटा लें, अन्यथा विद्युत वितरण कंपनी को कार्रवाई करने के लिए बाध्य होना पड़ेगा।

## भोपाल मेट्रो का कमर्शियल रन टला, जून के बजाए अब अगस्त में



भोपाल (ए)। भोपाल मेट्रो में सफर करने की तैयारी कर रहे लोगों को अभी थोड़ा और इंतजार करना पड़ेगा। जून में शुरू होने वाला कमर्शियल रन अब अगस्त 2025 में शुरू होगा। इससे पहले मध्य प्रदेश मेट्रो रेल कॉपोरेशन एम्स, अलकापुरी और डीआरएम मेट्रो स्टेशन का काम पूरा करेगा। सुभाष नगर से रानी कमलापति रेलवे स्टेशन के बीच करीब करीब काम पूरा हो गया है। अब इन स्टेशनों पर फिनिशिंग का काम चल रहा है। भोपाल मेट्रो का कमर्शियल रन सुभाष नगर से एम्स भोपाल मेट्रो स्टेशन के बीच शुरू होगा।कॉरपोरेशन के अधिकारियों ने अब इसकी नई तारीख अगस्त 2025 दी है। इससे पहले रेलवे ब्रिज पर मेट्रो का लोड भी चेक किया जाएगा। इसके बाद सब कुछ ठीक रहने पर मेट्रो रेल सेफ्टी कमिश्नर मई या जून में ट्रेक का निरीक्षण कर सकते है, जिनकी रिपोर्ट ठीक आने पर कमर्शियल रन शुरू हो जाएगा।

**6.22 किमी की दूरी 11 मिनट में तय करेगी मेट्रो**

मेट्रो के ट्रायल रन के दौरान इसे रानी कमलापति स्टेशन से एम्स तक 10-20 किमी प्रति घंटा की गति से चलाया गया। कमर्शियल रन में मेट्रो की स्पीड 70-90 किमी प्रति घंटा होगी, जिससे 6.22 किमी की दूरी मात्र 11 मिनट में पूरी की जा सकेगी।

**प्राक्कलन समिति भी जता चुकी है नाराजगी**

पिछले दिनों विधानसभा की प्राक्कलन समिति ने भोपाल मेट्रो प्रोजेक्ट का निरीक्षण किया था। समिति ने मेट्रो के काम में देरी को लेकर नाराजगी जताई थी। उस समय मेट्रो रेल कॉरपोरेशन के अधिकारियों ने 15 अगस्त तक कमर्शियल रन शुरू करने की समयसीमा दी थी।

**छह मेट्रो भोपाल पहुंची, 21 और आएंगी**

भोपाल मेट्रो स्टेशन पर तीन-तीन कोच की मेट्रो को शुरुआत में चलाया जाएगा। स्टेशन छह कोच के हिसाब से तैयार किए गए हैं। अभी भोपाल में 6 मेट्रो कोच के सेट आ गए हैं। इस तरह के कुल 27 मेट्रो कोच के सेट भोपाल आएंगे। अभी 21 मेट्रो कोच के सेट आना बाकी हैं।

## होली के दिन 9 साल की मासूम को घर ले जाकर युवक ने की अश्लील हरकते


### - स्कूल में हुए बैड टच जागरूकता कार्यक्रम के बाद मासूम ने मॉ को बताई घटना

भोपाल(ए)। शहर के निशातपुरा इलाके में होली के दिन रंग के दौरान मोहल्ले में रहने वाला युवक 9 साल की मासूम को सबकी नजरो से बचाकर अपने घर में ले गया। वहाँ उसने मासूम के साथ अश्लील हरकतें की और फिर किसी को न बताने की धमकी देकर छोड़ दिया। बाद में स्कूल में बैड टच के बारे में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित हुआ तब मासूम ने घर जाकर होली के दिन की गई आरोपी की करतूत के बारे में मां को बताया। इसके बाद मामला पुलिस थाने पहुंच गया। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार करोंद इलाके में रहने वाली 9 साल की मासूम स्कूली छात्रा है। होली के दिन मोहल्ले में रंग खेला जा रहा था। इस दौरान मासूम भी अपने घर के बाहर खड़ी हुई थी, तभी मोहल्ले में रहने वाले सोनू कुशवाहा मासूम को सबकी नजरो से बचाते हुए अपने घर ले गया और वहां उसके साथ अश्लील हरकतें की।

अश्लील हरकते करने के बाद आरोपी ने मासूम को घटना के बारे में किसी को कुछ भी न बताने की बात कहते हुए घर जाने दिया। इसके बाद स्कूल में आयोजित कार्यक्रम में मासूम को बैड टच के बारे में बताया गया। जानकारी लगने पर उसे आरोपी सोनू द्वारा की किये गये बैड टच की याद आ गई। स्कूल से घर आकर उसने अपनी मां को बताया कि सोनू कुशवाहा ने उसके साथ अश्लील हरकते की थी। जानकारी लगने पर परिवार वाले मासूम को लेकर पुलिस थाने पहुचें। जहॉ आरोपी सोनू के खिलाफ छेड़खानी, पॉक्सो एक्ट सहित अन्य धाराओं के तहत मामला कायम कर पुलिस ने उसकी गिरफ्तारी के प्रयास शुरू कर दिये है।

## रेलवे के इंजीनियरों का कमालः खराब मदरबोर्ड की मरम्मत कर बचाए लाखों रुपये

### आत्मनिर्भरता की ओर एक कदमः रेलवे कर्मचारियों ने किया इन-हाउस समाधान



भोपाल (निप्र)। मंडल रेल प्रबंधक देवाशीष त्रिपाठी के कुशल मार्गदर्शन में पश्चिम मध्य रेलवे, भोपाल मंडल के अंतर्गत इलेक्ट्रिक लोको शेड, इटारसी ने एक अभिनव पहल करते हुए रेलवे के संसाधनों का न केवल कुशलतापूर्वक उपयोग किया, बल्कि उल्लेखनीय आर्थिक बचत भी सुनिश्चित की है। वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता(कर्षण चल स्टॉक) इटारसी शेड नीरज कुमार शर्मा के अनुसार इलेक्ट्रिक लोको शेड, इटारसी में वर्तमान में 269 थ्री-फेज इलेक्ट्रिक इंजनों का रखरखाव किया जाता है, और प्रत्येक लोकोमोटिव में लगा स्पीडोमीटर ट्रेन की वर्तमान गति दर्शाकर चालक दल को सुरक्षित परिचालन में मदद करता है। वर्ष 2024-25 के दौरान, गलत तरीके से मेमोरी कार्ड लगाने के कारण कुल 65 स्पीडोमीटर (55 AAL मेक एवं 10 Laxven मेक) के मदरबोर्ड के पिन क्षतिग्रस्त हो गए थे। इन कार्डों की बाजार से नई खरीद के बजाय, शेड के अनुभवी तकनीकी दल ने इन-हाउस मरम्मत का सराहनीय निर्णय लिया। इस महत्वपूर्ण पहल का नेतृत्व इलेक्ट्रिक लोको शेड इटारसी के E-5 सेक्शन के एसएसई दीपक यादव, जेई अनुराग बढ़खने, टेक्निशियन-I नितिन पटेल एवं टेक्निशियन-II धर्मेंद्र चौरे ने किया। शेड अधिकारियों के निर्देशन में इस टीम ने अपने तकनीकी ज्ञान और उपलब्ध संसाधनों का श्रेष्ठ उपयोग करते हुए क्षतिग्रस्त मदरबोर्ड की सफल मरम्मत की। इस अभिनव प्रयास से भारतीय रेलवे को 13,22,675/- की उल्लेखनीय बचत हुई है। बाजार में AAL मेक के एक मदरबोर्ड की कीमत 18,685 और Laxven मेक की कीमत 29,500 है। टीम ने अपने कुशल प्रबंधन, तकनीकी दक्षता और संसाधनों के समुचित उपयोग से रेलवे की अर्थव्यवस्था में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक सौरभ कटारिया ने कहा कि भोपाल मंडल की यह पहल न सिर्फ तकनीकी नवाचार का उत्कृष्ट उदाहरण है, बल्कि रेलवे कर्मचारियों की प्रतिबद्धता, लगन और कर्तव्यनिष्ठा का परिचायक भी है। पश्चिम मध्य रेलवे भोपाल मंडल, इलेक्ट्रिक लोको शेड इटारसी के इस उल्लेखनीय प्रयास की सराहना करता है।

### प्रधानमंत्री द्वारा शहडोल के विचारपुर गांव के जिक्र करने पर नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने भाजपा सरकार पर उठाए सवाल

भोपाल (आरएनएस)। सोशल मीडिया प्लेटफर्म एक्स पर लिखा...प्रतिभाओं की कमी नहीं, सरकारी सुविधाएं जरूरी!!!शहडोल जिले के जिस विचारपुर गांव के फुटबॉल खिलाड़ियों का प्रधानमंत्री जी जिक्र कर रहे हैं, वह वास्तव में गर्व करने वाली बात है!लेकिन, प्रधानमंत्री जी इतनी प्रतिभा वाले गांव के लिए भाजपा सरकार ने क्या किया? क्या बीजेपी सरकार ने वहां कोई आधुनिक खेल सुविधाएं उपलब्ध करवाईं? क्या कोई स्पोर्ट्स एकेडमी या प्रशिक्षकों की व्यवस्था की गई? यह गांव इतना प्रतिभाशाली है, तो इसे राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान क्यों नहीं मिल रही?

# थाने में महिला का हंगामा, युवक को छुड़ाने आई, पुलिस वालों से की अभद्रता

इंदौर (ए.)। रविवार रात विजयनगर थाने पर एक महिला ने जमकर हंगामा मचाया। महिला ने करीब आधे घंटे तक चिल्लाते हुए अपशब्द कहे और थाने में मौजूद स्टाफ से भी अभद्र व्यवहार किया। वह पुलिस कर्मियों और अन्य उपस्थित लोगों से लगातार उलझती रही, जिससे माहौल तनावपूर्ण हो गया। महिला का यह हंगामा काफी देर तक चलता रहा, लेकिन अंतत: परिचितों के समझाने पर वह वहां से चली गई।

**थाने में क्या हुआ था ?**

महिला देर रात अपने परिचित युवक और अन्य महिला के साथ थाने आई थी। पुलिस ने एक युवक को पकड़ा था, जो आपसी विवाद के चलते थाने में लाया गया था। महिला इस युवक को छुड़ाने आई थी और काफी गुस्से में थी। वह पुलिस पर युवक को छोड़ने का दबाव बना रही थी। महिला लगातार पुलिस अधिकारियों और टीआई को धमकी देती रही और उन्हें बात करने



के लिए उकसाती रही।

**पुलिसकर्मियों के साथ बुरा व्यवहार**

महिला के हंगामे के दौरान वह पुलिसकर्मियों को भी अपशब्द कहने लगी। उसकी इस हरकत को कुछ लोगों ने वीडियो में कैद कर लिया, जिसे बाद में सोशल मीडिया पर अपलोड किया गया। महिला की गुस्से में की गई अभद्र भाषा और हंगामे को लेकर पुलिसकर्मियों ने वरिष्ठ अधिकारियों को सूचित किया और पूरे मामले की जानकारी दी। इसके बाद महिला को समझाने की कोशिश की गई, लेकिन वह अपनी हरकतों से बाज नहीं आई।

**पुलिस ने की कार्यवाही**

विजयनगर थाने के टीआई चंद्रकांत पटेल के अनुसार, विवाद के चलते पुलिस ने लक्की चोपड़ा, अभिषेक, शैलेष यादव और एक अन्य को हंगामा और मारपीट के आरोप में पकड़ा था। इनमें से एक युवक महिला का परिचित था, और वह उसे छुड़ाने के लिए थाने आई थी। महिला का हंगामा देखकर पुलिस ने वीडियो भी बनाया, ताकि पूरे घटनाक्रम का रिकॉर्ड रखा जा सके। फिलहाल, सभी युवक पुलिस हिरासत में हैं और मामले की जांच जारी है।

## तेज रफ्तार का कहर, 50 फीट खाई में गिरी कार में विस्फोट के बाद लगी आग, तीन घायल

मऊगंज (ए.)। रविवार देर रात करीब 2:30 बजे सीधी-मऊगंज मार्ग पर कोदौरा घाटी में एक भीषण सड़क हादसा हो गया। एक अनियंत्रित महिंद्रा XUV (वाहन क्र. MP17278136) 50 फीट गहरी खाई में गिर गई, जिससे कार में विस्फोट हो गया और देखते ही देखते आग लग गई। इस हादसे में कार सवार तीन युवक बाल-बाल बच गए, लेकिन गंभीर रूप से घायल हो गए।



घायलों की पहचान आसू सिंह - निवासी बहेराडाबर, शिवेंद्र सिंह - निवासी पुरानी मऊ, मऊगंज, स्वदीप सिंह - निवासी पुरानी मऊ, मऊगंज के रूप में की गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, हादसा उस समय हुआ जब कार सीधी से मऊगंज की ओर जा रही थी। वाहन तेज गति से था और अचानक अनियंत्रित होकर गहरी खाई में गिर गया। गिरते ही उसमें जबरदस्त विस्फोट हुआ और कार आग की लपटों में घिर गई। स्थानीय लोगों ने तुरंत राहत कार्य शुरू किया और किसी तरह घायलों को बाहर निकाला।

## बाबा महाकाल के दर्शन करने पहुंचे क्रिकेटर केएल राहुल, मस्तक पर लगवाया तिलक, पहनी आंकड़े की माला



उज्जैन (ए.)। बाबा महाकाल के दर्शन के लिए इन दिनों बड़ी संख्या में वीआईपी श्रद्धालु उज्जैन पहुंच रहे हैं। आज सुबह भारतीय क्रिकेटर केएल राहुल भी महाकालेश्वर मंदिर पहुंचे, जहां उन्होंने चांदी द्वार से भगवान महाकाल के दर्शन कर पूजन-अर्चन किया और आगामी आईपीएल में सफलता के लिए आशीर्वाद लिया।

**बाबा महाकाल के दर्शन कर मांगी सफलता की कामना**

महाकालेश्वर मंदिर के सहायक प्रशासक मूलचंद जूनवाल ने जानकारी देते हुए बताया कि केएल राहुल विशेष रूप से बाबा महाकाल के दर्शन के लिए उज्जैन आए थे। उन्होंने विधिवत पूजा-अर्चना कर अपने मस्तक पर तिलक लगाया और गले में आंकड़े की माला पहनी। पूजन के बाद वे नंदी हॉल पहुंचे और नंदी महाराज के कानों में अपनी मनोकामना कही।

**बाबा महाकाल के अनन्य भक्त हैं केएल राहुल**

बताया जाता है कि केएल राहुल बाबा महाकाल के अनन्य भक्त हैं और समय मिलने पर उज्जैन आकर महाकाल के दर्शन करते हैं।

## टल गया वकील-पुलिस टकराव, इंदौर में नहीं हुआ प्रदर्शन, आठ थानों का बल था तैनात

इंदौर (ए.)। इंदौर में सोमवार को पुलिस और वकीलों के बीच होने वाला संभावित टकराव टल गया। वकील बड़ी संख्या में प्रदर्शन करने नहीं पहुंचे। इस बार पुलिस ने प्रदर्शन के मद्देनजर जिला कोर्ट, रीगल तिराहे पर तगड़ा बंदोबस्त कर रखा था। दंगा नियंत्रक वाहनों के अलावा फायर ब्रिगेड भी तैनात थी।



दरअसल सोमवार को जिला कोर्ट में वकीलों ने बैठक आयोजित की थी। इसमें आगे की रणनीति बनाई गई थी। वकीलों ने पहले कहा था कि वे सोमवार को बड़ा प्रदर्शन करेंगे।

बैठक की जानकारी मिलते ही अफसरों ने पुलिस बल तैनात कर दिया। वकीलों के बैठक में तय हुआ कि सिर्फ एक प्रतिनिधिमंडल पुलिस अफसरों से मिलने जाएगा।

कोई बड़ा प्रदर्शन नहीं होगा। इसके बाद पांच वकील पुलिस कमिश्नर से मिले। उनके लौटने के बाद पुलिस बल भी हटा दिया गया। बैठक में तय हुआ कि जो गलत हुआ है, उसके खिलाफ एक्शन लिया जाएगा। हाईकोर्ट के सामने प्रतिबंधित क्षेत्र में चक्काजाम, आम लोगों के साथ मारपीट करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

## पति बना रहा था धर्म परिवर्तन का दबाव, पत्नी ने कराई एफआईआर

इंदौर (ए.)। इंदौर के विजय नगर क्षेत्र में एक युवक पर धर्म परिवर्तन के लिए दबाव करने का आरोप है। उसके बारे में उनकी पत्नी ने ही शिकायत की है। पत्नी से उसने अपने धर्म की पहचान छुपाकर शादी की। धर्म परिवार के लिए युवक पत्नी से मारपीट भी करता था। अपनी शिकायत में महिला ने पुलिस को बताया कि तीन पहले उनने मंदिर में एक युवक से शादी की थी। युवक ने उसके सामने प्रेम प्रस्ताव रखा था। शादी के बाद एक केस में वह जेल गया।

# सीएम के प्रोटोकॉल में रोके गए रास्ते, मरीज की मौत, परिजनों का आरोप समय से नहीं पहुंच पाए अस्पताल

राजगढ़ (ए.)। मध्यप्रदेश के राजगढ़ जिले में स्वास्थ सुविधाएं बेहतर बनाने के उद्देश्य से रविवार को मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉक्टर मोहन यादव ने 200 बिस्तर के नवीन अस्पताल भवन का लोकार्पण किया। लोकार्पण से पूर्व ही एक ऐसी घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हुआ जो वीआईपी कल्चर पर सवालिया निशान लगा रहा है। यहां मुख्यमंत्री के प्रोटोकॉल के कारण लगाई गई सुरक्षा व्यवस्था के कारण एक स्थानीय बुजुर्ग मरीज समय पर अस्पताल नहीं पहुंच पाया। जिस वजह से उसने दम तोड़ दिया। मरीज की मौत के बाद महिला अटेंडर का गुस्सा फूट पड़ा और वो सीएम के निरीक्षण के दौरान ही अस्पताल प्रबंधन को कोसते हुए नजर आई।

दरअसल राजगढ़ जिला प्रशासन पर लापरवाही का आरोप लगा है। रविवार को राजगढ़ के जिला चिकित्सालय



के लोकार्पण कार्यक्रम में मुख्यमंत्री के कार्यक्रम के समय एक वृद्ध को इलाज के लिए जिला अस्पताल में लाने में देर हो गई और उनकी अस्पताल में ही मौत हो गई। परिजनों का आरोप है कि वीआईपी प्रोटोकॉल के चलते मरीज को कई जगह रोका गया, जिसके कारण वह समय पर अस्पताल नहीं पहुंच सका और उसकी मौत हो गई।

जानकारी के मुताबिक राजगढ़ के रहने वाले अमिचंद्र सोनी रविवार को घर पर ही थे। अचानक उन्हें घबराहट और बेचैनी सी महसूस होने लगी। परिजन उन्हें तुरंत वाहन से जिला अस्पताल ले गए। जिला अस्पताल में मुख्यमंत्री का कार्यक्रम था और वहां पर वीआईपी प्रोटोकॉल के चलते कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की गई थी। जिस कारण वे समय पर अस्पताल नहीं पहुंच पाए।

परिजनों का आरोप है कि वीआईपी प्रोटोकॉल के चलते उनके वाहन को तीन से चार स्थानों पर रोका गया। जिस कारण मरीज को अस्पताल पहुंचने में देर हो गई और मरीज की स्थिति और अधिक बिगड़ गई। हालांकि अस्पताल में मरीज को बचाने के लिए डॉक्टरों ने तमाम इंतजाम किए और सीपीआर भी दिया, लेकिन अमिचंद्र ने दम तोड़ दिया।

## आज से नौ दिनों तक बंद रहेगा मां शारदा देवी मंदिर का रोपवे, इस रास्ते से मिलेंगे माता दर्शन

मैहर(ए.)। मैहर स्थित मां शारदा मंदिर का रोपवे अगले नौ दिनों तक बंद रहेगा। कंपनी के मुताबिक आगामी 17 मार्च से 26 मार्च तक कंपनी ने रोपवे बंद करने का फैसला किया है। यह फैसला नवरात्रि मेले की तैयारियों को लेकर किया गया है। संचालक कंपनी रोपवे का मेंटनेंस कर रही है।

चैत्र नवरात्रि के त्यौहार में अब कुछ दिन ही बचे हैं। ऐसे में मैहर के त्रिकूट पर्वत पर विराजी मां शारदा देवी का मंदिर प्रशासन भी तैयारियों में लग गया है। हर वर्ष लाखों की संख्या में भक्तगण माता रानी की दर्शन करते हैं। ऐसे



में जिला प्रशासन भी यहां तैयारियों में लग गया है। साथ ही व्यवस्थाओं को सुदृढ़ करने में जुटा है। शारदा मंदिर तक पहुंचाने वाले रोपवे को 17 मार्च से बंद कर दिया जाएगा। इसके बाद रोपवे की शुरुआत 26 मार्च से होगी।

**दर्शन के लिए चढ़ने होंगी 1063 सीढ़ियां**

जानकारी के अनुसार रोपवे सर्विस को अचानक बंद करने का कारण मेंटेनेंस बताया जा रहा है। दरअसल, 17 मार्च से 26 मार्च तक रोपवे मेंटेनेंस के लिए बंद रहेंगी। इस दौरान दर्शनार्थियों को माता के दर्शन के लिए 1063 सीढ़ियां चढ़नी पड़ेंगी।

**मंदिर में भक्तों का लगता है तांता**

मां शारदा के दरबार में पूरे साल भीड़ रहती है। अपनी मनोकामनाओं को लेकर भक्त यहां आते हैं। वहीं, चैत्र नवरात्रि के दौरान भक्तों की संख्या काफी अधिक बढ़ जाती है। नौ दिनों भक्त देश के अलग-अलग हिस्सों से मां का आशीर्वाद लेने आते हैं।

## व्यापार समाचार

### उद्योगपति गौतम अदाणी और राजेश अदाणी कथित बाजार विनियमन उल्लंघन मामले में बरी, ये है मामला



नई दिल्ली (ए.)। बॉम्बे हाईकोर्ट से सोमवार को अदाणी समूह के अध्यक्ष गौतम अदाणी और प्रबंध निदेशक राजेश अदाणी को बड़ी राहत मिली। दोनों को करीब 388 करोड़ रुपये के बाजार नियमन के कथित उल्लंघन के मामले से बरी कर दिया गया।

गंभीर धोखाधड़ी जांच कार्यालय (एसएफआईओ) ने 2012 में अदाणी एंटरप्राइजेज लिमिटेड (एईएल) और इसके प्रमोटर्स गौतम अदाणी और राजेश अदाणी के खिलाफ मामला शुरू किया गया था। इस दौरान एक आरोप पत्र दायर कर उन पर आपराधिक साजिश और धोखाधड़ी का आरोप लगाया गया था। 2019 में, दोनों उद्योगपतियों ने उच्च न्यायालय में एक याचिका दायर की, जिसमें उसी वर्ष के सत्र अदालत के आदेश को रद्द करने की मांग की गई, जिसमें उन्हें मामले से मुक्त करने से इनकार कर दिया गया था।

सोमवार को हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति आरएन लड्ढा की एकल पीठ ने सत्र अदालत के आदेश को रद्द कर दिया और दोनों को मामले से बरी कर दिया। विस्तृत आदेश की प्रति बाद में उपलब्ध होगी। दिसंबर 2019 में उच्च न्यायालय ने सत्र अदालत के आदेश पर रोक लगा दी और इसे समय-समय पर बढ़ाया गया। 2012 में, एसएफआईओ ने अदाणी सहित 12 लोगों के खिलाफ आरोपपत्र दायर किया, जिसमें उन पर आपराधिक षड्यंत्र और धोखाधड़ी का आरोप लगाया गया।

# बाजार में लौटी हरियाली; सेंसेक्स 341अंक चढ़ा, निफ्टी 22500 के पार

मुंबई (ए.)। होली के त्योहार के बाद कारोबारी सप्ताह के पहले दिन शेयर बाजार में हरियाली लौट आई है। सोमवार को प्रमुख बेंचमार्क सूचकांक हरे निशान पर बंद हुए। बेंचमार्क बीएसई सेंसेक्स सोमवार को 341.04 अंक ऊपर बंद बंद हुआ। वहीं, 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 111.55 अंक या 0.50 प्रतिशत की तेजी के 22,508.75 पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय सेंसेक्स 547.44 अंक उछलकर 74,376.35 अंक पर पहुंच गया था।

सेंसेक्स पर सूचीबद्ध कंपनियों में से बजाज फिनसर्व, महिंद्रा एंड महिंद्रा, एक्सिस बैंक, बजाज फाइनेंस, अदाणी पोर्ट्स, आईसीआईसीआई बैंक, जोमैटो और अल्ट्राटेक सीमेंट के शेयरों में तेजी रही। वहीं, आईटीसी, नेस्ले, भारतीय स्टेट बैंक, रिलायंस इंडस्ट्रीज, एशियन पेंट्स और टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज के शेयरों में गिरावट का रुख रहा।

बता दें कि बीते सप्ताह तगड़ी बिकवाली वाले इंडसइंड बैंक का शेयर रिजर्व बैंक के आश्वासन के




बाद 5.30 प्रतिशत तक उछलने के बाद 0.72 प्रतिशत की बढ़त पर बंद हुआ। गौरतलब है कि शनिवार को रिजर्व बैंक ने ग्राहकों को आश्वस्त किया था कि निजी क्षेत्र के इस बैंक के पास पर्याप्त पूंजी उपलब्ध है।

वहीं, एशिया के अन्य बाजारों में दक्षिण कोरिया का कॉस्पी, जापान का निक्की, चीन का शंघाई कम्पोजिट और हांगकांग का हैंगसेंग भी हरे निशान पर बंद हुआ। यूरोप के बाजार दोपहर के सत्र में बढ़त के साथ कारोबार कर रहे थे।

**एक अप्रैल से वाहन होंगे महंगे, मारुति और टाटा चार फीसदी तक बढ़ाएंगे दाम**

नए वित्त वर्ष से कारें खरीदनी महंगी हो जाएंगी। देश की दो बड़ी वाहन कंपनियों मारुति और टाटा ने चार फीसदी तक दाम बढ़ाने का फैसला किया है। मारुति ने बढ़ती लागत की वजह से वह एक अप्रैल से सभी मॉडलों की कीमतों में इजाफा करेगी।

मारुति ने शेयर बाजारों को दी सूचना में कहा, हर मॉडल पर अलग-अलग कीमतें बढ़ेंगी। कंपनी अल्टो के-10 से लेकर मल्टी पर्पज कारें बेचती है। फरवरी में कंपनी ने सभी मॉडलों की 32,500 रुपये तक कीमत बढ़ा दी थी।

उधर, टाटा मोटर्स ने भी शेयर बाजारों को दी सूचना में कहा, वह सभी वाणिज्यिक वाहनों की कीमतें एक अप्रैल से दो फीसदी तक बढ़ाएगी। कंपनी ने कहा, इनपुट लागत बढ़ने से उस पर असर हो रहा है, जिसकी वजह से ग्राहकों पर कुछ भार डालना जरूरी है। इसलिए सभी मॉडलों पर अलग-अलग कीमतें बढ़ेंगी।

## फरवरी में थोक महंगाई दर बढ़कर 2.38 फीसदी हुई



**- जनवरी में थोक महंगाई दर 2.31 फीसदी थी**

नई दिल्ली (ए.)। केंद्र सरकार द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार फरवरी 2025 में थोक मूल्य सूचकांक (डब्ल्यूपीआई) आधारित महंगाई दर बढ़कर 2.38 फीसदी हो गई, जो जनवरी 2025 में 2.31 फीसदी थी। यह वृद्धि खाद्य पदार्थों और ईंधन की बढ़ती कीमतों के कारण हुई है। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय के अनुसार, खाद्य वस्तुओं की महंगाई में तेजी आई, जिससे थोक महंगाई दर में बढ़ोतरी दर्ज की गई। हालांकि, विनिर्मित उत्पादों और कुछ अन्य वस्तुओं की कीमतों में स्थिरता बनी रही। आधिकारिक बयान में कहा गया है कि 2025 के पहले महीने में महंगाई मुख्य रूप से खाद्य उत्पादों, खाद्य वस्तुओं, अन्य विनिर्माण, गैर-खाद्य वस्तुओं और वस्त्रों के विनिर्माण आदि की कीमतों में वृद्धि के कारण हुई। वहीं दूसरे महीने खाद्य महंगाई में गिरावट देखने को मिली है।

### मारुति सुजुकी अप्रैल से वाहनों की कीमतें बढ़ाएगी

नई दिल्ली (ए.)। मारुति सुजुकी इंडिया ने सोमवार को कहा कि वह अप्रैल से अपने वाहनों की कीमतों में चार प्रतिशत तक की बढ़ोतरी करेगी। देश की सबसे बड़ी कार विनिर्माता कंपनी ने शेयर




बाजार को बताया कि कच्चे माल की बढ़ती लागत और परिचालन व्यय के मद्देनजर उनसे अप्रैल से अपनी कारों की कीमतों को बढ़ाने का फैसला किया है। मारुति सुजुकी ने बताया कि कीमत में चार प्रतिशत तक की वृद्धि होगी और यह मॉडल के आधार पर अलग-अलग होगी। कंपनी ने कहा कि हालांकि लागत बढ़ने के असर को घटाने और ग्राहकों पर इसके प्रभाव को कम करने का प्रयास लगातार किए जा रहे हैं, लेकिन बढ़ी हुई लागत का कुछ हिस्सा ग्राहकों पर डालने की जरूरत पड़ सकती है। मारुति सुजुकी घरेलू बाजार में शुरुआती स्तर की ऑल्टो के-10 से लेकर इनविक्टो तक के मॉडल बेचती है।

# गोल्ड लोन : अनिश्चितता व महंगाई के दौर में कर्ज का बेहतर विकल्प, ऐसे हालात में और चमकता है सोना

नई दिल्ली (ए.)। ना न सिर्फ निवेश के लिहाज से भारतीयों का पसंदीदा विकल्प है, बल्कि यह कठिन समय में वित्तीय सहायता भी मुहैया कराता है। आज भी लोग अन्य कर्ज विकल्पों की तुलना में गोल्ड लोन लेना पसंद करते हैं, क्योंकि यह पर्सनल लोन की तुलना में आसानी से मिल जाता है। यही वजह है कि 2024 में गोल्ड लोन में 56 फीसदी की जोरदार वृद्धि दर्ज की गई थी।

वैश्विक आर्थिक अनिश्चतता, मंदी की आशंका और महंगाई के इस दौर में अगर आप भी गोल्ड लोन लेना चाहते हैं, तो सोने की कीमतों पर जरूर नजर रखें। ऐसे हालात में सोने में अक्सर तेजी देखी जाती है, जिससे आपको सोने के एवज में अधिक कर्ज मिलने की संभावना रहती है। वैश्विक अनिश्चितता के कारण मांग बढ़ने से अंतराष्ट्रीय स्तर पर सोने की कीमत पहली बार 3,000 डॉलर के पार पहुंच गई है। घरेलू बाजार में भी यह रिकॉर्ड ऊंचाई पर पहुंच गया है।



संघर्ष और युद्ध जैसे भू-राजनीतिक परिवर्तन भी सोने की कीमतों को प्रभावित करते हैं।

ब्याज दरें घटने से सोने का भाव बढ़ जाता है।

ऐसे हालात में और चमकता है सोना

सोने को महंगाई के खिलाफ ढाल और आर्थिक-राजनीतिक अनिश्चितता के दौर में विश्वसनीय निवेश के रूप में देखा जाता है। महंगाई जब बढ़ती है या अर्थव्यवस्था में मंदी आती है, तो लोग सुरक्षा के लिए सोना खरीदते हैं, जिससे इसकी मांग व कीमत बढ़ जाती है। मांग अधिक है व आपूर्ति कम, तो सोने के दाम बढ़ते हैं। सोने की कीमत अमेरिकी डॉलर में होती है और इसका मूल्य मुद्रा के साथ चलता है। कमजोर डॉलर अंतरराष्ट्रीय खरीदारों के लिए सोने को सस्ता बनाता है, जिससे मांग के साथ भाव भी बढ़ते हैं।

**उतार-चढ़ाव का कर्ज राशि पर असर**

लोन का सोने की कीमतों में उतार-चढ़ाव से संबंध है। कीमतें जब बढ़ती हैं, तो सोने के एवज में अधिक कर्ज मिलता है। दाम घटने पर कर्ज कम हो जाता है। सोने की कीमतों में गिरावट मौजूदा गोल्ड लोन लेने वालों के लिए चुनौतियां पैदा कर सकती है, क्योंकि ऋणदाता उन्हें अधिक सोना गिरवी रखने या आंशिक पुनर्भुगतान करने को कह सकते हैं।

# सम्पादकीय

**अभिव्यक्ति हमारा जन्म सिद्ध अधिकार है, सत्य प्रस्तुत करना हमारा कर्तव्य**

## बात टैरिफ से आगे

जब अमेरिका ने अपने यहां बाहरी कंपनियों की पहुंच सीमित या प्रतिबंधित करने की नीति अपना रखी है, भारत के प्रति उसके रुख को मुक्त बाजार की सोच के अनुरूप नहीं कहा जा सकता। बल्कि इसे जोर-जबरदस्ती कहना ज्यादा ठीक होगा।

वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल संभवत: इसी महीने दोबारा अमेरिका जाएंगे। यह संकेत है कि उनकी इस हफ्ते खत्म हुई यात्रा कामयाब नहीं रही। खबरों के मुताबिक गोयल आयात शुल्क में कटौती का जो ऑफर लेकर गए थे, उसे अमेरिका ने अपर्याप्त माना। अब वाणिज्य मंत्री नए प्रस्ताव लेकर जाएंगे। संभवत: अमेरिका भारत में टैरिफ की दर शून्य करवाने पर अड़ा हुआ है। वैसे बात अब सिर्फ टैरिफ की नहीं रही है। इसकी पुष्टि वाणिज्य राज्यमंत्री जितिन प्रसाद के लोकसभा में दिए बयान से होती है। प्रसाद ने कहा- 'भारत और अमेरिका टैरिफ और गैर-टैरिफ बाधाओं को घटा कर और आपूर्ति श्रृंखला का एकीकरण कर एक-दूसरे के बाजार में अधिक पहुंच पर ध्यान दे रहे हैं।'

प्रसाद ने कहा कि दोनों देश द्विपक्षीय व्यापार समझौते पर बात कर रहे हैं, जिसके इस वर्ष के अंत तक पूरा होने की उम्मीद है। स्पष्टत: अमेरिका ने भारतीय बाजार में पहुंच और अमेरिकी कंपनियों के लिए 'समान धरातल' हासिल करने के तमाम मुद्दों को भारत के सामने रखा है। उसकी व्यापार एजेंसी पहले ही भारत में- खास कर यहां के औषधि उद्योग में- बौद्धिक संपदा अधिकारों के हनन का आरोप लगा चुकी है। इसके अलावा संकेत हैं कि सरकारी खरीद नीति, देशी कंपनियों को संरक्षण, और डब्लूटीओ नियमों के तहत विकासशील देश के नाते भारत को मिले खाद्य सुरक्षा के विशेष अधिकारों के सवाल को भी डॉनल्ड ट्रंप प्रशासन उठा रहा है। संकेत यह भी है कि इन मामलों में अपनी तमाम शर्तों को मनवाने का रुख उसने अपना रखा है।

जिस दौर में खुद अमेरिका ने भूमंडलीकरण की प्रक्रिया को पलटने और अपने बाजार में बाहरी कंपनियों की पहुंच सीमित या प्रतिबंधित करने की नीति अपना रखी है, उस समय उसका यह रुख किसी रूप में मुक्त बाजार की सोच के अनुरूप नहीं कहा जा सकता। बल्कि इसे जोर-जबरदस्ती के रूप में देखना ज्यादा ठीक होगा। दुर्भाग्यपूर्ण है कि भारत सरकार ने इस पर अस्पष्ट रुख अपना रखा है। उधर भारत के कारोबारी सिर्फ अपनी खाल बचा लेने की फिराक में जुटे हैं। जाहिर है, भारत के लोगों के लिए यह चिंतित होने का वक्त है।

# होली के रंग में राजनीति की भंग

**अजीत द्विवेदी**

भारत में जब कोई किसी को कहता है कि 'ज्यादा राजनीति मत कीजिए' तो इसका मतलब होता है कि गलत काम मत कीजिए, साजिश या धोखा मत कीजिए, भड़काऊ काम मत कीजिए या लोगों को लड़वाइए मत। सोचें, भारत में राजनीति शब्द कैसे नकारात्मक अर्थों में रूढ़ हो गया है! इस राजनीति का शिकार भारत की लोकतांत्रिक व्यवस्था बन रही है तो समाज व्यवस्था और धार्मिक व निजी व्यवहार और तीज त्योहार भी बन रहे हैं। यह अचानक नहीं हुआ है कि इस साल होली से पहले सामाजिक स्तर पर इतना विभाजन दिख रहा है। यहां तक पहुंचने की शुरुआत कई साल पहले हो गई थी। जब सोशल मीडिया में पानी बचाने की सलाह देने वालों को गालियां दी जाने लगी थी, रंग व गुलाल को सनातन धर्म से जोड़ा जाने लगा था और यह व्हाटअबाउटरी शुरू हुई थी कि मुस्लिम त्योहारों पर क्यों नहीं बोलते हो, तभी यह सुनिश्चित कर दिया गया था कि आने वाले दिनों में हमारे त्योहार प्यार, मोहब्बत, भाईचारे, धार्मिकता, आध्यात्मिकता की बजाय नफरत और जहालत का शिकार होने वाले हैं। अब कोई त्योहार इससे अछूता नहीं है क्योंकि सब पर राजनीति की छाया पड़ गई है।

अनेक आशावादी लोग कह रहे हैं कि देश के लोग नफरत की राजनीति करने वाले और धर्म के आधार पर समाज को बांटने वाले लोगों को पहचान गए हैं और उनकी साजिशों को विफल कर देंगे। लेकिन यह विशुद्ध सदिच्छा है, जिसका जमीनी वास्तविकताओं से कोई मतलब नहीं है। पहली बात तो यह है कि पूरे कुएं में राजनीति की भंग पड़ी है और दूसरी बात यह है कि सामाजिक सद्भाव बिगाड़ने या प्यार, मोहब्बत और भाईचारे के उत्सव को या किसी धार्मिक या राष्ट्रवादी आयोजन को नफरत या हिंसा में बदल देने के लिए सभी 140 करोड़ लोगों की जरुरत नहीं होती है। थोड़े से मोटिवेटेड लोग, जो किसी व्यक्ति या किसी पार्टी या किसी संगठन के लिए काम करते हैं वे अपने से थोड़े ज्यादा लोगों के समूह को झूठी, सच्ची भड़काऊ बातों से उकसा सकते हैं और उसके बाद घटनाक्रम पर किसी का जोर नहीं रह जाएगा। ऐसी घटना देश के किसी भी कोने में हो सकती है, जिसका असर पूरे देश के लोगों की मन:स्थिति पर पड़ेगा। मिसाल के तौर पर भारत के चैंपियंस ट्रॉफी जीतने के बाद मध्य प्रदेश के महू में हुई घटना को देख सकते हैं। भारत की जीत की खुशी में पूरा देश जश्न मना रहा था लेकिन एक छोटी सी जगह पर, छोटे से समूह के लोगों की झड़प ने धर्म और संप्रदाय के आधार पर विभाजन को राष्ट्रीय बना दिया।

असल में निहित स्वार्थों की सांप्रदायिक राजनीति धीरे धीरे लोगों की सोचने, समझने की क्षमता को, सहनशीलता को और उत्सव की मूल भावना की अभिव्यक्ति को कम करती जा रही है। सवाल है कि इसके लिए किसको दोष दिया जाए? क्या सिर्फ भारतीय जनता पार्टी और उसकी पिछले एक दशक की राजनीति इसके लिए दोषी है या स्वाभाविक रूप से नागरिकों में सांप्रदायिक कट्टरता बढ़ रही है, जिससे सहिष्णुता घटती जा रही है और एक साथ मिल कर सद्भाव के साथ रहने और आपस में मिल कर तीज त्योहार या उत्सव मनाने की स्वाभाविक प्रवृत्ति खत्म होती जा रही है? यह वास्तविकता है कि सांप्रदायिक कट्टरता भारत के समाज में बहुत गहरे जड़ जमाती जा रही है और इसके लिए सिर्फ भारतीय जनता पार्टी की राजनीति जिम्मेदार नहीं है। उसने तो अपने राजनीतिक लाभ के लिए धर्म के आधार पर विभाजन कराने का प्रयास किया। यह प्रयास भाजपा और उससे पहले भारतीय जनसंघ की ओर से भी किए ही जा रहे थे। लेकिन तब उसमें कामयाबी नहीं मिल पाई थी। पहले कामयाबी क्यों नहीं मिली और अब क्यों मिल गई, इसको लेकर दो तरह की थ्योरी है। एक थ्योरी भाजपा की है, जिसका मानना है कि पहले हिंदू एकतरफा तरीके से बरदाश्त करता रहा। यानी जो सद्भाव समाज में दिख रहा था वह हिंदू के सहिष्णु और उदार होने की वजह से था। इसका मतलब है कि हिंदुओं ने अब सहिष्णुता और उदारता छोड़ दी है तो टकराव बढ़ गया है। दूसरी थ्योरी सेकुलर बिरादरी की है, जिसके मुताबिक सत्ता तंत्र का इस्तेमाल करके राजनीतिक लाभ के लिए व्यवस्थित तरीके से सामाजिक सद्भाव बिगाड़ा जा रहा है। उनके मुताबिक इसके पीछे बड़ी साजिश है।


इन दोनों में कुछ कुछ सचाई हो सकती है। इसके बीच एक तीसरी थ्योरी यह बनती है कि पहले सामाजिक विभाजन की कोशिशें इसलिए कामयाब नहीं हो पाती थीं क्योंकि जो लोग इसके प्रयास करते थे वे भी चुनावों के समय ही इसका प्रयास करते थे। यानी विभाजन के प्रयास में निरंतरता और सांस्थायिकता नहीं थी। दूसरे, शहरीकरण बहुत कम था और उपभोक्ता संस्कृति का विकास नहीं हुआ था। इसकी वजह से मनुष्य एकाकी या अरक्षित या बाजार पर निर्भर नहीं था। उसके अंदर सामूहिकता का भाव स्वाभाविक रूप से मौजूद था, जिससे विभाजनकारी और भड़काऊ बातों से उसे प्रभावित करना मुश्किल था। व्यक्ति पर परिवार, समूह और समाज का असर ज्यादा था। तीसरे, आजादी के बाद कई दशकों तक आजादी की लड़ाई के मूल्य जीवित थे। इसके अलावा सामाजिक स्पेस में ईमानदारी, नैतिकता, समझदारी जैसे मूल्य मौजूद थे। चाहे कारोबारी हों या फिल्म व खेल जगत के लोग हों या सामाजिक कार्यकर्ता हों या नौकरीपेशा लोग हों या मीडिया के लोग हों, सबको अपनी जवाबदेही का अहसास था। किसी भी घटना पर तत्काल समझदारी वाली बातें सुनवाई देने लगती थीं। आग में घी डालने की बजाय आग पर पानी डालने वाले लोग ज्यादा सामने आते थे। आज यह स्थिति पूरी तरह से उलट गई है। आज नेता भी भड़का रहे हैं, अधिकारी भी भड़का रहे हैं, मीडिया भी भड़का रहा है, धर्मगुरू भी भड़का रहे हैं इसलिए चारों तरफ आग लगी हुई दिख रही है।अन्यथा कोई कारण नहीं था कि होली पर मस्जिदें ढंकी जाएं या नमाज का समय दो घंटे आगे बढ़ाया जाए या होली का त्योहार दो घंटे तक रोक देने की मांग की जाए। उत्तर प्रदेश के एक पहलवान रहे पुलिस अधिकारी ने कह दिया कि मुस्लिम समाज के लोग जुमे की नमाज के लिए नहीं निकलें क्योंकि उनका जुमा तो हर हफ्ते आता है लेकिन होली साल में एक बार आती है। यह बहुत खराब बयान था लेकिन राज्य के महंत मुख्यमंत्री ने इसका समर्थन कर दिया। उधर बिहार में एक विधायक ने मुसलमानों को होली के समय बाहर नहीं निकलने की सलाह दी तो उसी शहर की मेयर ने हिंदुओं से कहा कि वे दो घंटे तक होली स्थगित रखें ताकि मुस्लिम लोग नमाज पढ़ सके।

ऐसे समय में नागरिक समाज की जो भूमिका बनती थी वह निभाने के लिए कोई सामने नहीं आया। उलटे मुसलमानों ने मस्जिदें ढंकनी शुरू कर दीं। हो सकता है कि प्रशासन ने ऐसा कोई सुझाव दिया हो लेकिन कोई मौलवी या मुतवल्ली इसे मानने के लिए बाध्य नहीं था। वह कह सकता था कि रंग या गुलाल पड़ने से मस्जिद अपवित्र नहीं होती है या नमाज पढ़ने जा रहे मुस्लिम पर अगर रंग पड़ गया तो उसका धर्म भ्रष्ट नहीं होता। दूसरी ओर हिंदुओं की ओर से भी नहीं कहा गया कि होली के उत्सव के बीच अजान या नमाज की आवाज आती है तो उससे उत्सव के माहौल में कोई खलल नहीं पड़ेगा। दोनों समुदाय अपने रहनुमाओं की कट्टरता और जहालत के हाथों खेलने लगे। यह खेल काफी समय से चल रहा है, जिसके लाभार्थी थोड़े से नेता हैं, जिनकी सत्ता दांव पर लगी है और नुकसान उठाने वाली बाकी पूरी आबादी है।



आयुष और स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) प्रतापराव जाधव नई दिल्ली में विज्ञान भवन में मुख्य अतिथि के रूप में 'राष्ट्रीय आयुर्वेद विद्यापीठ' के अंतर्गत 28वें दीक्षांत समारोह और शिशुपान संस्कार के उद्घाटन समारोह में दीप प्रज्वलित करते हुए।

# अधिकारियों ने महाकाल मंदिर की जमीन को भी नहीं छोड़ा



**संदीप कुलश्रेष्ठ**

उज्जैन में बाबा महाकाल मंदिर की जमीन में गड़बड़ी का सनसनीखेज मामला सामने आया है। महाकालेश्वर मंदिर की दान में प्राप्त 45 बीघा जमीन को लेकर बड़ा विवाद हाल ही में सामने आया है। महाकाल मंदिर की यह जमीन उज्जैन विकास प्राधिकरण की टीडीएस 4 की स्कीम में चली गई है। इस प्रक्रिया को इस तरह से अंजाम दिया गया कि मंदिर समिति को इसकी भनक तक नहीं लगी।

### उज्जैन विकास प्राधिकरण ने की धांधली -

जिस वक्त यह गड़बड़ी हुई, उस वक्त उज्जैन विकास प्राधिकरण के कार्यकारी मुख्य कार्यपालन अधिकारी आशीष पाठक और उज्जैन संभाग के आयुक्त संदीप यादव जो उज्जैन विकास प्राधिकरण के पदेन अध्यक्ष थे। 6 दिसंबर 2023 को महाकाल मंदिर के नाम से उज्जैन विकास प्राधिकरण को अनुमोदन पत्र भेजा गया। इस पर उज्जैन विकास प्राधिकरण सीईओ और मंदिर प्रशासक दोनों के रूप में संदीप कुमार सोनी के हस्ताक्षर है। इस मामले को लेकर अब कांग्रेस हमलावर है। कांग्रेस इसे बड़ी धांधली बता रही है।

### कलेक्टर नीरज कुमार सिंह का बयान

ये मामला आज सामने नहीं आया है। वर्ष 2021 में टीडीएस 4 का नोटिफिकेशन हुआ था और उसके बाद से यह कार्रवाई चल रही थीं। ये हमेशा से मंदिर समिति का स्टैंड रहा है और इसमें धर्मस्व विभाग का सर्कुलर भी है कि मंदिर समिति की किसी भी प्रकार की संपत्ति का अंतरण बिना विधि की प्रक्रिया को अपनाया नहीं किया जा सकता है। धर्मस्व विभाग द्वारा भी इस संबंध में सर्कुलर जारी किए गए हैं कि बिना शासन की अनुमति के ये चीजे नहीं हो सकती है। मंदिर की किसी भी जमीन का कोई भी अंतरण नहीं हुआ है। सारे शासकीय रिकॉर्ड्स में, सभी जगह पर मंदिर की जमीन यथावत है। इस पूरे मामले में गड़बड़ी सामने आने पर कलेक्टर ने मंदिर की जमीन को अधिगृहण से मुक्त करने के लिए उज्जैन विकास प्राधिकरण को पत्र भी भेजा है। अधिगृहण से जमीन मुक्त होने पर यह पूरा मामला सब सामान्य होने के भी प्रयास किए जा रहे हैं।

### महाकाल मंदिर की जमीन किसी को नहीं दी जा सकती

उज्जैन विकास प्राधिकरण द्वारा जमीन अधिग्रहण की पूरी प्रक्रिया इस तरह पूरी की गई कि महाकाल मंदिर प्रबंधन समिति को भनक तक नहीं लगी। हालांकि मंदिर प्रबंधन की भूमिका पर सवाल उठ रहे हैं। महाकालेश्वर मंदिर अधिनियम की धारा 12 और उपधारा 2 में स्पष्ट कहा गया है कि मंदिर की किसी भी अचल संपत्ति को आयुक्त की अनुमति के बिना ना तो बेचा जा सकता है और ना ही गिरवी या हस्तांतरित किया जा सकता है। इस नियम का सरासर उल्लंघन करते हुए जमीन का अधिग्रहण कर लिया गया है।

### पूरे मामले की जाँच की जाए

उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव उज्जैन के विधायक भी है, इसलिए उनका दायित्व है कि वे इस पूरे मामले की उच्च स्तरीय जाँच कराए और जाँच में दोषी पाए गए।

अधिकारियों पर सख्त कार्रवाई करें। यह किए जाने से अधिकारियों को यह सख्त संदेश जायेगा कि भविष्य में कोई भी अधिकारी इस प्रकार की धांधली करने का साहस न कर सके।




**मेष राशि** आज आपका दिन बेहतर रहेगा। आपकी पहले से चली आ रही समस्याओं का समाधान मिलेगा, जिससे आपका मन प्रसन्न रहेगा। परिवार में धार्मिक काम की योजना बन सकती है। आप अपने जीवन को बेहतर बनाने के लिए कुछ अच्छे बदलाव करने की कोशिश करेंगे। आप लम्बे समय तक स्वस्थ रहें इसके लिए आपको अच्छी डाइट लेनी चाहिए। आपके व्यवहार में कुछ अच्छे बदलाव आने से नए दोस्त बनेंगे।

**वृष राशि :** आज का दिन आपके लिए अच्छे परिणाम लाने वाला होगा। विद्यार्थियों को सफलता मिलने के योग बने हुए हैं, लेकिन पढ़ाई में और मेहनत करने की जरूरत है। आज घरवालों के साथ अच्छा समय बिताने को मिलेगा, जिससे परिवार का माहौल खुशनुमा रहेगा। ऑफिस मे सहकर्मियों का सहयोग मिलेगा, जूनियर आपसे काम सीखना चाहेंगे। लवमेट के रिश्ते में सुधार आएगा। आज आपको अपने कार्यों में राजनीतिक रिश्ते का फायदा मिलेगा। आपके सारे काम असानी से पूरे हो जाएंगे।

**मिथुन राशि :** आज आपके हर परेशानी का हल चुटकियों में निकल जाएगा। सरकारी कार्यों में आपको बड़े लाभ की संभावना है। आज आप अपनी संतान के साथ पिकनिक के लिए जा सकते हैं। उनके साथ आप अच्छा समय बिताएंगे। ऑफिस में आप किसी प्रोजेक्ट के लिए अपनी बेहतरीन राय देंगे, बॉस आपके काम की तारीफ करेंगे। आज आप लेखन कार्य में रुचि लेंगे आपका लेखन और अच्छा होगा। आज आपकी बातों का प्रभाव दूसरों पर पड़ेगा।

**कर्क राशि :** आज आपका दिन बढ़िया रहेगा। बड़े निर्णय लेने के लिए दिन अच्छा है। किसी नए बिजनेस डील के लिए ऑफर मिलेगा। आप जीवनसाथी के साथ घर के कार्यों को पूरा करने में व्यस्त रहेंगे। मेडिकल की पढ़ाई कर रहे छात्रों के लिए दिन अच्छा है। बेटी के ससुराल पक्ष से बड़ी खुशखबरी मिलेगी। बच्चे आज अपने पढ़ाई के प्रति सीरियस रहेंगे।

**सिंह राशि :** आज आपका दिन अच्छे मूड से शुरू होने वाला है। कुछ दिनों से चल रही पारिवारिक समस्या का समाधान मिलने से रिलैक्स फील करेंगे। राजनीति व सामाजिक सेवा से जुड़े लोगों के लिए दिन फेवरेबल रहेगा। महिलाओं के लिए दिन शानदार रहेगा।

**कन्या राशि :** आज आपका दिन मिला-जुला रहेगा। एकाग्र मन से किया गया काम लाभदायक साबित होगा। लवमेट के लिए आज का दिन बढ़िया है। साथ ही किसी अच्छे रेस्टोरेंट में भी जा सकते हैं। किसी जिम्मेदारी को अनदेखा करने से आपको बचना चाहिए। आपकी सेहत ठीक-ठाक रहेगी।

**तुला राशि :** आज आपका दिन उत्तम रहने वाला है। आज आप किसी बात को लेकर उलझन में रहेंगे, जिसे आप अपने किसी ख़ास मित्र से शेयर करेंगे। परिवार वालों के साथ बाहर मूवी का प्लान बन सकता है। दोस्तों की बर्थडे पार्टी में जाएंगे जहां बाकी दोस्तों के साथ एंजॉय करने का मौका मिलेगा। आज नई स्किल सीखने का विचार कर सकते हैं।

**वृश्चिक राशि :** आज आपका दिन खुशियों से भरा रहने वाला है। आपके दोस्त आपसे मदद के लिए कहेंगे, आप उन्हें निराश नहीं करेंगे। बिजनेस कर रहे लोगों को अच्छा मुनाफा होगा। आज आप शॉपिंग करने का मन बनाएंगे। आज आप अपनी बहन को कुछ गिफ्ट दे सकते हैं। जिससे आपका रिश्ता मजबूत बनेगा। आज आप किसी जरुरी मीटिंग में शामिल होंगे। पिता की सलाह से आपको अपने बिजनेस में काफी मदद मिलेगी।

**धनु राशि :** आज आपका दिन अच्छा रहने वाला है। घर खरीदने का विचार कर रहे लोगों के लिए आज का दिन शुभ है। आज आपका मन घरेलू काम काज में लगेगा। आज बॉस आपको किसी नए प्रोजेक्ट पर काम करने को कह सकते हैं। डिप्लोमा की तैयारी कर रहे छात्रों को आज ज्यादा पढ़ाई करने की जरूरत है। व्यापार कर रहे लोगों का कारोबार अच्छा चलेगा।

**मकर राशि :** आज का दिन ठीक-ठाक रहने वाला है। आज ऑफिस में वर्कलोड बढ़ सकता है। जिसके लिए आपको ओवर टाइम करना पड़ेगा। रुपए-पैसों के मामले में लापरवाही करने से बचे। आज आपको किसी करीबी से ऐसी सलाह मिलेगी, जिससे आपको काफी फायदा होगा। आप आर्थिक मामलों में किसी एक्सपर्ट से सलाह लेंगे, यह सलाह मददगार साबित होगी। ऑफिस में रुके हुए काम को समय से पूरा कर लेंगे।

**कुंभ राशि :** आज का दिन शानदार रहने वाला है। आज आप अपने व्यापार को आगे बढ़ाने के लिए कुछ ऐसी योजनाएं बनाएंगे, जिससे आपको फायदा ही फायदा होगा। पारिवारिक समस्याओं को सॉल्व करने में बड़े-बुजुर्गों का सहयोग प्राप्त होगा। कॉस्मेटिक का व्यापार कर रहे लोगों को आज बड़ा मुनाफा होगा।

**मीन राशि :** आज किस्मत का पूरा साथ मिलेगा। जो लोग बैंक में कार्य करते हैं वह आज अपना काम बहुत जल्द निपटा लेंगें। लवमेट आज साथ में समय बिताएंगे। रुका हुआ पैसा आज आपको वापस मिलेगा। पिता से आजआपको कुछ नया सीखने को मिलेगा। आज ऐसी पुरानी चीज आपके हाथ लग सकती है, जिसे पा कर आपको खुशी महसूस होगी।

# हेडफोन-गेमिंग से बच्चों के बहरे होने का खतरा

**ललित गर्ग**

टेक्नोलॉजी विकास एवं उससे जुड़े नये-नये उपकरण आधुनिक जीवनशैली को भले ही बहुत आसान कर दिया हो लेकिन इसके अनियंत्रित उपयोग से भारी परेशानियों का सामना भी करना पड़ सकता है। अक्सर देखा जाता है कि जॉब करने वाले माता-पिता अपना टाइम बचाने एवं सुविधा के लिए बच्चों को छोटी उम्र में ही फोन और हेडफोन का उपयोग करने के लिए देते हैं। लेकिन ये उपकरण उनके बच्चों के लिए कितने नुकसानदायक एवं खतरनाक हैं इसका खुलासा नये-नये अध्ययनों से सामने आ रहा है, जो चिन्ताजनक एवं डरावना है। ऐसे ही एक अध्ययन में यह आशंका जतायी गयी है कि लगातार कानों पर मोबाइल व ईयरफोन लगाने का बच्चों की श्रवण शक्ति पर नकारात्मक असर पड़ रहा है और वे बधिरता से ग्रस्त होते जा रहे हैं। रिपोर्ट की मानें तो पिछले कई महीनों में बच्चों के कानों में दर्द, सुनने में परेशानी, बधिरता और संक्रमण की शिकायतें बहुत ज्यादा आ रही हैं। वहीं डॉक्टर्स का कहना है कि इन उपकरणों के उपयोग से कानों पर काफी ज्यादा जोर पड़ता है और घंटो तक तेज आवाज सुनने से सुनने की क्षमता कमजोर पड़ जाती है।

विश्व स्वास्थ्य संगठन और केंद्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय भी इस खतरे की पुष्टि कर रहे हैं। इसीलिए अभिभावकों को सर्तक किया गया है कि बहुत अधिक स्क्रीन टाइम और गैजेट्स की तेज ध्वनि से बच्चों की रक्षा करें। दरअसल, डब्ल्यूएचओ की दक्षिण पूर्व एशिया की निदेशक साइमा वाजेद ने कहा है कि दुनिया में 1.40 अरब लोग इस संकट से प्रभावित हुए हैं। जिसमें 40 करोड़ लोग दक्षिण पूर्व एशिया में बधिरता से ग्रस्त हो रहे हैं। एक अध्ययन के अनुसार वर्ष 2050 तक 1.6 अरब लोग बधिरता से प्रभावित हो सकते हैं। जिनमें अधिकांश लोग मध्यम व कम आय वर्ग के होंगे। यूं तो साठ साल के बाद सुनने की क्षमता प्राकृतिक रूप से कम हो जाती है, लेकिन हाल के वर्षों में लगातार कानों में ईयरफोन आदि लगाने से यह संकट बच्चों एवं युवाओं में बढ़ता जा रहा है। खासकर वे बच्चे एवं युवा जो लगातार लेपटॉप व मोबाइल पर गेमिंग व अन्य कार्यक्रम तेज आवाज में घंटों सुनते रहते हैं। पहले कम सुनने की समस्या दिखायी देती है और कालांतर में यह समस्या बहरेपन में तब्दील हो जाती है। दरअसल, कानों पर तकनीकी शोर का इतना अधिक दबाव बढ़ गया है कि बच्चे



एवं युवा अपनी सुनने की प्राकृतिक क्षमता खोने लगे हैं। जो एक विश्वव्यापी आसन्न गंभीर संकट को ही दर्शाता है, इसे नियंत्रित नहीं किया गया तो बहरों की दुनिया बनने से रोकना मुश्किल हो जायेगा।

विज्ञान के अनुसार, हमारे कानों के सुनने की क्षमता निर्धारित है। हमारे कानों के लिए 40 से 60 डेसिबल सुनने की क्षमता निर्धारित की है जो सही है, लेकिन इससे ऊपर यानी 85 से 100 डेसिबल साउंड कानों के लिए खतरनाक है। यूं तो बहरापन उम्र के साथ आता है लेकिन पिछले कुछ दशकों में कम सुनाई देने यानी बहरेपन की समस्या तेजी से युवाओं और बच्चों को अपना शिकार बना रही है और स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने इस पर चिंता जाहिर की है। युवाओं एवं बच्चों में बढ़ते मोबाइल एवं ईयरफोन के प्रचलन एवं तेज आवाज में गाने एवं संगीत सुनने की लत से पिछले कुछ सालों में बहरेपन का संकट बढ़ता जा रहा है। आंकड़ों की बात करें तो पिछले दशकों में दुनिया में 3.4 करोड़ से अधिक बच्चों में कम सुनाई देने की क्षमता के केस सामने आए हैं। यह दुनिया की एक भयावह एवं चुनौतीपूर्ण समस्या की ओर बढ़ने का संकेत है, एक पूरी पीढ़ी के बहरे होने की चुनौती को खड़ा कर रहा है। विडंबना यह है कि जीवनशैली में नित-नये आ रहे बदलावों तथा शिक्षा कार्यों के लिये ऑनलाइन रहने की दलील ने बच्चों को मोबाइल-लेपटॉप-ईयरफोन का आदी बना दिया है। तेज आवाज का संगीत व तरह-तरह के कंसर्ट बच्चों को लुभाते हैं। ऐसे में अभिभावक बच्चों को इस संकट की भयावहता से अवगत कराएं तथा समय-समय पर उनके कानों का चेकअप कराते रहें। कोशिश हो रचनात्मक तरीके से उनकी इस आदत को बदलने का प्रयास किया जाए।

हेल्थ एक्सपर्ट का कहना है कि सामान्य तौर पर 60 साल के बाद लोगों में सुनने की क्षमता कम होने लगती है। लेकिन जिस तरह की जीवनशैली आज के युवा एवं बच्चे अपना रहे हैं, उससे कम उम्र में ही ये क्षमता कमजोर हो रही है। इसकी सबसे बड़ी वजह ईयरफोन और हैडफोन को बताया जा रहा है। नए जमाने में हैडफोन और ईयरफोन भले ही काफी उपयोगी हों लेकिन इनका ज्यादा इस्तेमाल करने से युवा एवं बच्चें बहरेपन के रिस्क में आ रहे हैं। माना जा रहा है कि जितने ज्यादा डेसिमल में हेडफोन यूज किया जाएगा, उतना ही ज्यादा कानों को नुकसान होगा। जिस तरह से आजकल के युवा एवं बच्चे हैडफोन और ईयरफोन का ज्यादा इस्तेमाल कर रहे हैं, उससे उनके कान तेज आवाज के संपर्क में लगातार रहते हैं और इससे कान की नाजुक मांसपेशियों को नुकसान पहुंच रहा है एवं बेहरेपन की समस्या उग्र से उग्रतर होती जा रही है।

दरअसल, सबसे बड़ा संकट यह है कि आज मोबाइल फोन, लेपटोप, हैडफोन और ईयरफोन एक आवश्यक बुराई बन चुका है। आज नई पीढ़ी इस संबंध में मां-बाप एवं शिक्षकों की नसीहतों एवं हिदायतों पर ध्यान कम ही देती है। ऐसे में स्कूल-कालेजों में शिक्षकों व सामाजिक अभियानों से जुड़े लोगों को जागरूकता अभियान चलाने की जरूरत है। सरकार भी इसके लिये जागरूक करें। विभिन्न सूचना माध्यमों और सोशल मीडिया प्लेटफॉर्मों से बच्चों को जागरूक करने के लिये मुहिम चलाने का कुछ लाभ जरूर मिल सकता है। लेकिन विडंबना यह है कि हरदम कानों पर मोबाइल व ईयरफोन तथा बड्स आदि लगाना स्टेटस सिंबल बन गया। व्यक्ति खुद व्यस्त होने का दिखावा करता रहता है। वैसे भी महानगरों व भीड़भाड़ वाले इलाकों में ध्वनि प्रदूषण लगातार बढ़ता जा रहा है। जिसके खतरों को लेकर समाज में जागरूकता के प्रचार-प्रसार की सख्त जरूरत होती है। बच्चों को लेकर अभिभावकों व शिक्षकों की जिम्मेदारी और बढ़ जाती है, क्योंकि उनके लंबे जीवन पर बहरेपन का संकट मंडराने का खतरा बढ़ता ही जा रहा है। आधुनिक सुनने के उपकरणों एवं तेज़ आवाज़ से कान की नसों और हियरिंग सेल्स को नुकसान हो सकता है, जिससे बहरापन भी हो सकता है। एक समय था जब कम सुनाई देने की शिक़ायत बुजुर्ग किया करते थे, लेकिन बदलती जीवनशैली के कारण कम उम्र में भी लोगों में यह समस्या होने लगी है। स्वस्थ जीवनशैली अपनाने से सुनने की क्षमता को बेहतर बनाया जा सकता है





## केंद्र सरकार ने चंद्रयान-5 मिशन को दी मंजूरी, चंद्रयान-4 की लॉन्चिंग पर आया बड़ा अपडेट; जानें क्या बोले इसरो प्रमुख

नई दिल्ली (आरएनएस)। केंद्र सरकार ने महत्वाकांक्षी मिशन चंद्रयान-5 को मंजूरी दे दी है। इसरो के अध्यक्ष वी.नारायणन ने इस बात की जानकारी दी है। इसके साथ ही इस बात की जानकारी भी सामने आई है कि भारत का चंद्रयान-4 मिशन कब तक लॉन्च किया जाएगा। इसरो के अध्यक्ष वी नारायणन ने बताया बस 3 दिन पहले ही हमें चंद्रयान-5 मिशन के लिए मंजूरी मिली है। हम इसे जापान के सहयोग से करेंगे। उन्होंने बताया कि भारत के चंद्रयान-5 मिशन के तहत, चंद्रमा की सतह का अध्ययन करने के लिए 250 किलोग्राम का रोवर भेजा जाएगा।इसरो ने रविवार को ये भी बताया कि चंद्रयान-4 मिशन कब लॉन्च होगा। इसरो अध्यक्ष ने बताया कि संभावना है कि चंद्रयान-4 को साल 2027 में प्रक्षेपित किया जाएगा। इसरो अध्यक्ष ने बताया है कि चंद्रयान-4 मिशन का मकसद चंद्रमा से इकट्ठा किए गए नमूनों को वापस लाना है।

## मुंबई में रफ्तार का कहर, सड़क किनारे सो रहे शख्स को वाहन ने कुचला, पुलिस चालक की तलाश में जुटी

मुंबई (आरएनएस)। मुंबई के विले पार्ले में तेज रफ्तार का कहर देखने को मिला, जहां सड़क किनारे सो रहे 55 वर्षीय शख्स को एक जेसीबी ने कुचल दिया। घटना के बाद चालक मौके से फरार हो गया। जुहू पुलिस ने अज्ञात चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।पुलिस फरार चालक की तलाश कर रही है। जुहू पुलिस के मुताबिक, नंबाकबंदी करते समय एक शख्स उनके पास आया और उसने बताया कि एक व्यक्ति खून से लतपथ सड़क किनारे पड़ा है। इसके बाद पुलिस की टीम मौके पर पहुंची। पुलिस ने तुरंत इलाज के लिए नजदीकी अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।पुलिस ने घटना स्थल पर मौजूद सीसीटीवी कैमरा चेक किया। सीसीटीवी फुटेज में सड़क निर्माण कार्य में लगी जेसीबी को देखा गया। चालक ने रिवर्स लेते समय सड़क किनारे सो रहे शख्स पर जेसीबी को चढ़ा दिया। इसके बाद वे मौके से फरार हो गया। पुलिस ने जेसीबी चालक के खिलाफ केस दर्ज कर उसकी तलाश में शुरू कर दी है।बता दें कि इसी साल जनवरी में नवी मुंबई के तलोजा एमआईडीसी क्षेत्र में हिट एंड रन का मामला सामने आया था। तेज रफ्तार वाहन चालक ने दो लोगों को अपनी गाड़ी से कुचल दिया था। इस हादसे में एक व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई थी, जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया था। यह हादसा एक सीसीटीवी में कैद हो गया था।

## कुपवाड़ा में सुरक्षा बलों और आतंकियों के बीच मुठभेड़, एक जवान के घायल होने की सूचना; तलाशी अभियान जारी

श्रीनगर ,(आरएनएस)। उत्तरी कश्मीर के कुपवाड़ा जिले के खुरमोरा राजवार इलाके में नियंत्रण रेखा के पास आज सुरक्षा बलों और आतंकवादियों के बीच मुठभेड़ हुई। सुरक्षा बलों ने आतंकियों के छिपे होने की सूचना मिलने पर इलाके में तलाशी अभियान शुरू किया था।

अधिकारियों ने बताया कि तलाशी अभियान के दौरान आतंकियों ने सुरक्षा बलों पर गोलीबारी शुरू कर दी, जिसके बाद मुठभेड़ शुरू हो गई। हालांकि, आतंकवादी घेराबंदी तोड़कर भागने में सफल रहे।

सुरक्षा बलों ने भागे हुए आतंकवादियों को पकड़ने के लिए इलाके में अपना तलाशी अभियान जारी रखा है। मुठभेड़ में एक सुरक्षाकर्मी के घायल होने की सूचना है, जिसे इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। फिलहाल इलाके में सुरक्षा बलों का घेरा मजबूत है और आतंकवादियों की तलाश जारी है।

# पेट्रोल-डीजल की कीमतों से जनता को लूट रही है सरकार : खरगे




नई दिल्ली (ए.)। पॉडकास्ट कर मोदी जी जनता को केवल मन की बात सुनाते हैं तेल के खेल में उलझा कर महंगाई के आंसू रुलाते हैं। उन्होंने कहा, मई 2014 से अब तक 34 प्रतिशत गिरा कच्चा तेल, 10 साल में 36 लाख़ करोड़ रुपये का कर वसूली खेल। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने सोमवार को आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार पेट्रोल एवं डीजल की कीमतें न घटाकर जनता को लूट रही है। खरगे ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमत में लगातार गिरावट आ रही है, लेकिन सरकार पेट्रोल और डीजल की कीमतों कम नहीं कर रही है। खरगे ने एक्स पर पोस्ट किया, कच्चे तेल की क़ीमत रही है लगातार लुढ़क, पेट्रोल-डीज़ल की क़ीमतों को न घटा मोदी सरकार जनता को लूट रही बेधड़क। लंबे-लंबे एकतरफ़ा पॉडकास्ट कर मोदी जी जनता को केवल मन की बात सुनाते हैं तेल के खेल में उलझा कर महंगाई के आंसू रुलाते हैं। उन्होंने कहा, मई 2014 से अब तक 34 प्रतिशत गिरा कच्चा तेल, 10 साल में 36 लाख़ करोड़ रुपये का कर वसूली खेल।

### आंध्र प्रदेश में बड़ा हादसा टला, मालगाड़ी में भारी लोडिंग के कारण ट्रैक हुआ क्षतिग्रस्त



नई दिल्ली (आरएनएस)। आंध्र प्रदेश में आज एक बड़ा रेल हादसा टल गया, जब अनकापल्ली से विशाखापट्टनम जा रही एक मालगाड़ी भारी लोडिंग के कारण गर्डर से टकरा गई। इस टक्कर से रेलवे ट्रैक क्षतिग्रस्त हो गया, जिसके कारण मालगाड़ी अनकापल्ली के पास रुक गई। अधिकारियों ने बताया कि घटना के बाद अनकापल्ली और विशाखापट्टनम के बीच ट्रेन सेवाओं को अस्थायी रूप से बाधित कर दिया गया था। हालांकि, यात्रियों को राहत देते हुए यह भी बताया गया कि अन्य ट्रेनें बिना किसी बड़ी बाधा के दूसरे ट्रैक का उपयोग करके अपने गंतव्य तक जा रही हैं। रेलवे विभाग ने तुरंत मरम्मत कार्य शुरू कर दिया है और उम्मीद है कि जल्द ही ट्रैक को पूरी तरह से ठीक कर लिया जाए. इस घटना में किसी के हताहत होने की कोई खबर नहीं है।

## बहुत जल्द 'मेड इन बिहार' लोकोमोटिव का निर्यात होगा : वैष्णव




नई दिल्ली (ए.)। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने सोमवार को राज्यसभा में घोषणा की कि बिहार के मढौरा स्थित रेल कारखाने में तैयार होने वाले लोकोमोटिव का बहुत जल्द निर्यात शुरू हो जाएगा। उन्होंने कहा, निकट भविष्य में, बिहार में जिस फैक्टरी की लालू प्रसाद जी (तत्कालीन रेल मंत्री लालू प्रसाद) ने सिर्फ घोषणा की थी, काम नहीं किया...2014 से उस फैक्टरी पर काम चालू किया गया। बिहार में सारण के मढौरा में, इस फैक्टरी में बने करीब 100 लोकोमोटिव का बहुत जल्द निर्यात शुरू होने वाला है। मेड इन बिहार लोकोमोटिव दुनिया में जाने वाला है।'' इस घोषणा का सदस्यों ने मेजें थपथपा कर स्वागत किया। लालू प्रसाद 2004 से 2009 तक कांग्रेस नीत संप्रग सरकार में रेल मंत्री थे। इसके साथ ही वैष्णव ने कहा कि भारत अब ऑस्ट्रेलिया को मेट्रो कोच का निर्यात कर रहा है। उन्होंने बताया कि भारत ब्रिटेन, सऊदी अरब, फ्रांस, ऑस्ट्रेलिया को भी रेल डिब्बों के अहम उपकरणों का निर्यात कर रहा है उन्होंने बताया कि भारत से रेल के डिब्बों और लोकोमोटिव का भी विभिन्न देशों को निर्यात किया जा रहा है। वैष्णव रेल मंत्रालय के कामकाज पर उच्च सदन में हुयी चर्चा का जवाब दे रहे थे।

# दिल्ली-एनसीआर में पकड़े गए अवैध रूप से रह रहे 7 बांग्लादेशी

नई दिल्ली ,(आरएनएस)। दिल्ली पुलिस ने एक विशेष अभियान के तहत दिल्ली-एनसीआर क्षेत्र से सात अवैध बांग्लादेशी प्रवासियों को हिरासत में लिया है। इनमें एक नाबालिग लड़की भी शामिल है। ये लोग वैध दस्तावेजों के बिना भारत में रह रहे थे। पुलिस ने इन्हें पकड़ने के लिए कई जगहों पर छापेमारी की और अब इन्हें निर्वासित करने की प्रक्रिया शुरू की जा रही है। पूर्वी जिला पुलिस ने अवैध प्रवासियों के खिलाफ अभियान तेज कर दिया है। इसके लिए स्पेशल स्टाफ और एंटी-नारकोटिक्स स्क्वॉड की दो टीमें बनाई गईं। इन टीमों ने इंस्पेक्टर जितेंद्र मलिक और इंस्पेक्टर अरुण कुमार के नेतृत्व में काम किया। एडिशनल डीसीपी निथ्या राधा कृष्ण के मार्गदर्शन में यह ऑपरेशन चलाया गया।16 मार्च को गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने दिलावर खान नाम के शख्स को कृष्णा नगर से पकड़ा। पहले उसने खुद को पश्चिम बंगाल का निवासी बताया, लेकिन पूछताछ में पता चला कि वह बांग्लादेश के खुलना जिले का रहने वाला है। उसकी जानकारी के आधार पर पुलिस ने दिल्ली के लक्ष्मी नगर, लाजपत नगर, सीमापुरी, कृष्णा नगर और गाजियाबाद के शालीमार गार्डन में छापे मारे। इन छापों में छह अन्य बांग्लादेशी नागरिक पकड़े गए।पुलिस के मुताबिक, ये लोग भारत-बांग्लादेश सीमा के पास नदी के रास्ते अवैध तरीके से भारत में घुसे थे। यहां पहचान छिपाने के लिए ये अलग-अलग जगहों पर रह रहे थे। पकड़े गए लोगों में दिलावर खान (48), ब्यूटी बेगम (39), एक नाबालिग लड़की (15), रफीकुल (43), तौहीद (20), मोहम्मद अजहर (28) और जाकिर मलिक (40) शामिल हैं। ये सभी बांग्लादेश के अलग-अलग जिलों से हैं।

अब इन सभी को विदेशी क्षेत्रीय पंजीकरण कार्यालय (एफआरआरओ), आरके पुरम में पेश किया जाएगा, जहां से निर्वासन की प्रक्रिया शुरू होगी।

## विकसित महाराष्ट्र का लक्ष्य हासिल करने के लिए बुनियादी ढांचे और कृषि को प्राथमिकता : अजित पवार



मुम्बई (ए.)। महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री अजित पवार ने सोमवार को कहा कि महायुति सरकार ने विकसित महाराष्ट्र के लक्ष्य को हासिल करने के लिए कृषि, उद्योग, रोजगार सृजन और कल्याणकारी योजनाओं के साथ-साथ बुनियादी ढांचे के विकास को प्राथमिकता दी है। राज्य के बजट 2025-26 पर विधानसभा में चर्चा का जवाब देते हुए पवार ने कहा कि बड़े सपने देखने और बड़े विकास लक्ष्यों को हासिल करने के लिए राजनीतिक इच्छाशक्ति की जरूरत होती है। अजित पवार के पास राज्य के वित्त विभाग की भी जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि महायुति सरकार में ताकत और राजनीतिक इच्छाशक्ति है। उन्होंने कहा कि यदि सड़क अवसंरचना और नेटवर्क का विस्तार किया जाए, तो उद्योगों की उत्पादकता बढ़ेगी, किसानों को परिवहन पर कम खर्च उठाना पड़ेगा, ईंधन की बचत होगी और अर्थव्यवस्था को बढ़ावा मिलेगा। पवार ने कहा कि कृत्रिम मेधा (एआई) प्रौद्योगिकी राज्य में कृषि को नया जीवन देगी और किसानों को समृद्ध बनाएगी। उन्होंने आश्वासन दिया कि मुख्यमंत्री माझी लाडकी बहिन योजना जारी रहेगी और अयोग्य लाभार्थियों को हस्तांतरित धन वापस नहीं लिया जाएगा।



न्यूजीलैंड के प्रधान मंत्री, श्री क्रिस्टोफर लक्सन ने भारत की राष्ट्रपति, श्रीमती द्रौपदी मुर्मू से नई दिल्ली में राष्ट्रपति भवन में एक शिष्टाचार भेंट करते हुए।

### नोएडा की सोसायटी में लेपर्ड की दहशत, जांच में निकली जंगली बिल्ली, वन विभाग की टीम कर रही है जांच

ग्रेटर नोएडा (आरएनएस)। ग्रेटर नोएडा की सीआरसी सबलिमिस सोसायटी में एक जंगली जानवर के देखे जाने का वीडियो सामने आने के बाद इलाके में हड़कंप मच गया। वीडियो में एक जानवर को दीवार के पास घूमते हुए देखा गया, जिसे लोगों ने लैपर्ड समझ लिया। खबर तेजी से फैलने के बाद सोसाइटी में दहशत का माहौल बन गया, और लोगों ने घरों से बाहर निकलना बंद कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस और वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और देर रात तक सर्च ऑपरेशन चलाया। टीम ने सोसायटी के कॉमन एरिया, पार्किंग, पार्क और अन्य संभावित स्थानों की गहन जांच की। वन विभाग के डीएफओ प्रमोद श्रीवास्तव ने बताया कि जांच के दौरान मिले पैरों के निशान लैपर्ड के नहीं, बल्कि जंगली बिल्ली के पाए गए। वीडियो और पगमार्क्स के आधार पर पुष्टि हुई कि यह महज एक जंगली बिल्ली थी, जो पास के जंगल से भटककर सोसायटी में आ गई थी।

## रिश्वतखोरी के आरोपी सत्र अदालत के न्यायाधीश को नहीं मिली अग्रिम जमानत

मुम्बई (ए.)। बंबई उच्च न्यायालय ने रिश्वतखोरी के एक मामले में आरोपी सत्र अदालत के न्यायाधीश को अग्रिम जमानत देने से सोमवार को इनकार कर दिया। महाराष्ट्र भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) ने धोखाधड़ी के एक मामले में जमानत देने के लिए कथित तौर पर पांच लाख रुपये की रिश्वत मांगने के आरोप में सतारा जिला एवं सत्र न्यायाधीश धनंजय निकम के खिलाफ मामला दर्ज किया था। न्यायिक अधिकारी से संबंधित मामला होने के कारण न्यायमूर्ति एन आर बोरकर की एकल पीठ ने मामले की सुनवाई कक्ष में की लेकिन उन्होंने यह कहते हुए याचिका को खारिज कर दिया कि वह कोई राहत देने के इच्छुक नहीं हैं। निकम ने जनवरी में अग्रिम जमानत के लिए उच्च न्यायालय का रुख किया था और दावा किया था कि वह निर्दोष हैं तथा उन्हें इस मामले में फंसाया गया है। वकील वीरेश पुरवंत के माध्यम से दायर याचिका में कहा गया कि प्राथमिकी में निकम द्वारा पैसे की कोई सीधी मांग या स्वीकार करने के तथ्य नहीं दिखाए गए हैं। इसमें दावा किया गया है कि उन्हें न तो शिकायतकर्ता और अन्य आरोपियों के बीच मुलाकातों के बारे में पता था तथा न ही शिकायतकर्ता का जमानत मांगने वाले आरोपी से कोई संबंध था।एक महिला द्वारा दर्ज कराई गई शिकायत के अनुसार, उसके पिता, जो 'सिविल डिफेंस' कर्मचारी हैं, सरकारी नौकरी देने के बहाने किसी को धोखा देने के आरोप में न्यायिक हिरासत में हैं।

# जहानाबाद में मटका फोड़ने को लेकर हुए विवाद के बाद पुलिसकर्मियों पर हमला, कई घायल

जहानाबाद (आरएनएस)। बिहार में पुलिसकर्मियों पर हमले की घटनाएं थमने का नाम नहीं ले रही हैं। ताजा मामला बिहार के जहानाबाद में सामने आया है। यहां होली के दूसरे दिन मटका फोड़ने को लेकर हुए विवाद और पथराव में एक पुलिसकर्मी सहित कई लोग घायल हो गए।

घटना नगर थाना क्षेत्र के सदर अस्पताल के समीप नया टोला मोहल्ले की है। होली के दूसरे दिन मटका फोड़ होली का आयोजन किया गया था। जहां मटका फोड़ने में काफी जद्दोजहद के बाद भी मटका नहीं टूटा तो मोहल्ले के एक लड़के ने डंडा मारकर उसे तोड़ दिया। इस घटना से गुस्साए लोग आपस में ही भिड़ गए। हालांकि, मौके पर मौजूद पुलिसकर्मियों ने बीच-बचाव करने की कोशिश की, मगर लोगों ने पुलिस पर भी ईंट-पत्थर से हमला बोल दिया। एक पुलिसकर्मी विकास कुमार को घटना के दौरान सिर पर चोट आई। जिसके बाद पुलिस ने लाठीचार्ज कर भीड़ को तितर-बितर किया।उधर, घटना की सूचना पाकर एसडीओ और एसडीपीओ दलबल के साथ मौके पर पहुंचे और उन्होंने हंगामा कर रहे छह लोगों को हिरासत में लिया। एसडीपीओ ने बताया कि वीडियो फुटेज के आधार पर दोषियों को चिन्हित कर कार्रवाई की जाएगी।बता दें कि बिहार में बीते दिनों दो एएसआई की हत्या कर दी गई थी। बीते शुक्रवार को बिहार के नंदलालपुर के पास एक व्यक्ति ने तेज धारदार हथियार से एएसआई संतोष कुमार पर हमला कर दिया था। घायल पुलिस अधिकारी संतोष कुमार की इलाज के दौरान मौत हो गई। इससे पहले बिहार के अररिया जिले में पुलिस पदाधिकारी राजीव रंजन की ग्रामीणों के साथ हुई झड़प में मौत हो गई थी।

इससे पहले बिहार विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने बिहार सरकार पर निशाना साधा था। उन्होंने कहा, 20 वर्षों की एनडीए सरकार में बिहार में सत्ता संरक्षित, सत्ता संपोषित और सत्ता प्रायोजित अपराध सब रिकॉर्ड तोड़ चुका है। सत्ता, अपराधी और पुलिस के गठजोड़ ने नागरिकों का जीना मुहाल कर कानून व्यवस्था की धज्जियां उड़ा रखी हैं। अपराधियों द्वारा पुलिस अधिकारियों की हत्या हो रही है। प्रति माह सैकड़ों हत्याएं हो रही हैं। मुख्यमंत्री विधि व्यवस्था को लेकर बेसुध हैं। बिहार भगवान भरोसे चल रहा है।

## मौसम बदलते ही माता वैष्णो देवी मंदिर में श्रद्धालुओं का उमड़ा सैलाब, बोले व्यवस्थाएं पहले से ज्यादा अच्छी

कटरा ,(आरएनएस)। जम्मू-कश्मीर के कटरा में गर्मियों की शुरुआत के साथ ही माता वैष्णो देवी मंदिर में श्रद्धालुओं की संख्या तेजी से बढ़ी है। देश के अलग-अलग राज्यों से आए तीर्थयात्री बड़ी संख्या में दर्शन के लिए पहुंच रहे हैं।श्राइन बोर्ड तीर्थयात्रियों की सुविधा के लिए कई व्यवस्थाएं कर रहा है। इसमें हेलीकॉप्टर सेवाएं, घोड़े, पालकियां और मुफ्त सामुदायिक लंगर शामिल हैं। ये सुविधाएं यात्रा को आसान और आरामदायक बनाने में मदद कर रही हैं। मंदिर तक पहुंचने वाले मार्ग पर भी बोर्ड लगातार निगरानी रख रहा है।गर्मियों में हर साल यहां श्रद्धालुओं की संख्या बढ़ती है। भक्त माता वैष्णो देवी के दर्शन के लिए उत्साह के साथ कटरा पहुंच रहे हैं। श्राइन बोर्ड ने सभी तीर्थयात्रियों से नियमों का पालन करने की अपील की है।



नागपुर से आई श्रद्धालु ने आईएएनएस से बताया कि मैं यहां पर दूसरी बार आई हूं। मुझे यहां पर आकर बहुत तरह के बदलाव देखने को मिल रहे हैं, जिन्हें देखने के बाद मुझे बहुत अच्छा लग रहा है। मैं लॉकडाउन से पहले आई थी और अब फिर आई हूं। मुझे यहां पर आकर बहुत अच्छा लग रहा है। यहां हर तरह की व्यवस्था रहती है। हमें कोई दिक्कत नहीं होती है। यहां आकर हमें बहुत अच्छा लगता है। मन को बहुत शांति मिलती है।

# दिल्ली पुलिस में अब योग्यता परीक्षा से होगी एसएचओ की नियुक्ति, पहली बार लागू किया गया नियम

नई दिल्ली (आरएनएस)। दिल्ली पुलिस ने अपने इतिहास में एक बड़ा बदलाव करते हुए स्टेशन हाउस ऑफिसर के पद पर नियुक्ति के लिए योग्यता आधारित परीक्षा प्रणाली लागू कर दी है। अब तक एसएचओ की पोस्टिंग वरिष्ठता और अनुभव के आधार पर होती थी, लेकिन इस नई व्यवस्था का उद्देश्य चयन प्रक्रिया को अधिक पारदर्शी और कुशल बनाना है।इस नई पहल के तहत, दिल्ली पुलिस विशेष रूप से साइबर पुलिस स्टेशनों के लिए पहली योग्यता परीक्षा आयोजित करने जा रही है। यह परीक्षा कल, 18 मार्च को वजीराबाद स्थित दिल्ली पुलिस अकादमी में होगी।

इस परीक्षा के माध्यम से चुने गए अधिकारी राजधानी में बढ़ते डिजिटल अपराधों से निपटने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। साइबर थानों में एसएचओ के 15 रिक्त पदों के लिए कुल 122 पुलिस निरीक्षकों ने आवेदन किया है, जिससे यह प्रक्रिया काफी प्रतिस्पर्धी हो गई है। परीक्षा में सफल होने वाले अधिकारियों को साइबर अपराधों की जांच, डिजिटल फोरेंसिक और साइबर सुरक्षा प्रवर्तन जैसे महत्वपूर्ण कार्य सौंपे जाएंगे। पश्चिमी दिल्ली के एक निरीक्षक ने इस प्रतिस्पर्धा को कड़ी बताते हुए कहा कि दैनिक पुलिस ड्यूटी के साथ परीक्षा की तैयारी करना चुनौतीपूर्ण है, लेकिन सभी इस पद के महत्व को समझते हैं।

### क्या होगा परीक्षा का पैटर्न ?

इस योग्यता परीक्षा में उम्मीदवारों का विस्तृत पाठ्यक्रम के आधार पर मूल्यांकन किया जाएगा। परीक्षा में भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस), भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस), भारतीय साक्ष्य अधिनियम (बीएसए), साइबर अपराध और आईटी कौशल, एनडीपीएस अधिनियम, पोक्सो अधिनियम, किशोर न्याय (जेजे) अधिनियम, शस्त्र अधिनियम, दिल्ली पुलिस अधिनियम, दिल्ली आबकारी अधिनियम, कंपनी अधिनियम आदि से संबंधित प्रश्न पूछे जाएंगे।

### क्या होंगे इस बदलाव के फायदे ?

दिल्ली पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों का मानना है कि यह योग्यता आधारित प्रणाली यह सुनिश्चित करेगी कि केवल सबसे सक्षम अधिकारियों को ही नेतृत्व के पदों पर नियुक्त किया जाए। उनका कहना है कि यह कदम जांच कौशल को और अधिक प्रभावी बनाएगा और पुलिसिंग के मानकों को ऊपर उठाएगा। अधिकारियों का यह भी मानना है कि यह एसएचओ की नियुक्ति के लिए एक निष्पक्ष, पारदर्शी और प्रतिस्पर्धी तरीका है। वरिष्ठता की बजाय योग्यता को प्राथमिकता देकर दिल्ली पुलिस का लक्ष्य ऐसे अधिकारियों को नेतृत्व की भूमिका सौंपना है जो आधुनिक पुलिसिंग की चुनौतियों का सामना करने के लिए सबसे बेहतर तरीके से तैयार हैं।




केंद्रीय वित्त और कॉर्पोरेट मामलों की मंत्री, श्रीमती निर्मला सीतारमण नई दिल्ली में संसद भवन में पीएम इंटर्नशिप योजना मोबाइल ऐप के शुभारंभ पर संबोधित करती हुई।

# रोजलिन ने हिना खान की बीमारी को फिर बताया 'फेक'

मुंबई (ए.)। एक्ट्रेस रोजलिन खान ने एक बार फिर एक्ट्रेस हिना खान की बीमारी को बीमारी को 'फेक' बताया है। इससे पहले भी रोजलिन हिना के कैंसर को लेकर संदेह जता चुकी हैं। मीडिया से बातचीत के दौरान, रोजलिन खान ने हिना खान के कैंसर को लेकर कहा कि उन्हें नहीं लगता कि मामला उतना गंभीर है जितना हिना दिखा रही हैं।

उन्होंने दावा किया कि स्टेज 3 कैंसर से जूझ रहे मरीज और कीमोथेरेपी के दौरान सर्जरी कराने वाले लोग लंबे समय तक उपवास नहीं कर सकते। हालांकि उन्होंने हिना का नाम सीधे तौर पर नहीं लिया, लेकिन उनके बयान से यह साफ झलक रहा था कि उनका इशारा हिना खान की ओर था। इतना ही नहीं, रोजलिन खान ने कहा कि वह जल्द ही कैंसर अवेयरनेस पर एक फिल्म बनाने वाली हैं, जिसमें वह हिना खान को कास्ट करने पर विचार कर रही हैं। उन्होंने हिना की एक्टिंग की तारीफ करते हुए कहा कि वह इस विषय पर बेहतरीन तरीके से अभिनय कर सकती हैं। इस दौरान रोजलिन ने अपनी कैंसर सर्वाइवल जर्नी भी साझा की और बताया कि उन्होंने इस गंभीर बीमारी से किस तरह संघर्ष किया और खुद को मजबूत बनाए रखा।





उन्होंने कहा कि जो लोग कैंसर जैसी घातक बीमारी से जूझ रहे हैं, उन्हें सोशल मीडिया पर फैल रही किसी भी जानकारी पर आंख मूंदकर भरोसा नहीं करना चाहिए।

उन्होंने लोगों को आगाह करते हुए कहा कि उन्हें सिर्फ अपने डॉक्टर की सलाह पर ही ध्यान देना चाहिए और उसी के मुताबिक इलाज कराना चाहिए। रोजलिन ने यह भी कहा कि सोशल मीडिया पर कई बार गलत जानकारियां फैलाई जाती हैं, जिनका कोई वैज्ञानिक आधार नहीं होता। उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि कैंसर जैसी बीमारी के बारे में किसी भी तरह की भ्रामक जानकारी लोगों के लिए जानलेवा साबित हो सकती है।

**हिना खान को लेकर आए इस बयान पर फिलहाल हिना की ओर से कोई प्रतिक्रिया नहीं आई है।**

हालांकि, इससे पहले जब रोजलिन ने उनकी बीमारी पर सवाल उठाए थे, तब हिना ने उन्हें नजरअंदाज करने का फैसला किया था। अब देखना होगा कि इस नए बयान पर हिना कोई जवाब देती हैं या फिर पहले की तरह चुप्पी साधे रहती हैं। बता दें कि टीवी एक्ट्रेस हिना खान ने जब से अपने ब्रेस्ट कैंसर की तीसरी स्टेज से पीड़ित होने की खबर साझा की है, तब से वह लगातार सुर्खियों में बनी हुई हैं। फैंस और इंडस्ट्री के उनके साथी जहां हिना के जल्द स्वस्थ होने की कामना कर रहे हैं।

# बेलमकोंडा साई श्रीनिवास, नारा रोहित अभिनीत बहुप्रतीक्षित एक्शन थ्रिलर भैरवम का दमदार टीज़र रिलीज़

बेलमकोंडा साई श्रीनिवास, मनोज मांचू और नारा रोहित अभिनीत बहुप्रतीक्षित एक्शन थ्रिलर भैरवम का दमदार और शानदार टीज़र रिलीज़ हो गया है। विजय कनकमेडला द्वारा निर्देशित और श्री सत्य साईं आर्ट्स के केके राधामोहन द्वारा निर्मित इस फ़िल्म में अदिति शंकर, आनंदी और दिव्या पिल्लई भी मुख्य भूमिकाओं में हैं। टीज़र की शुरुआत एक महिला की आवाज़ से होती है, जो बेलमकोंडा साईं श्रीनिवास के चरित्र द्वारा उसके सपनों में की गई हिंसा का वर्णन करती है, और उसके कार्यों के लिए उसकी तुलना भगवान कृष्ण से करती है।

कहानी एक वाराही मंदिर और तीन दोस्तों के इर्द-गिर्द घूमती है, जिनकी भूमिका बेलमकोंडा साईं श्रीनिवास, मनोज मांचू और नारा रोहित ने निभाई है, जो एक-दूसरे के लिए किसी भी हद तक जा सकते हैं। टीज़र में फ़िल्म की कहानी को दर्शाया गया है, जिसमें मुख्य किरदारों और केंद्रीय संघर्ष का परिचय दिया गया है। श्री सत्य साईं आर्ट्स के शानदार प्रोडक्शन वैल्यू और हरि के वेदांतम के शानदार कैमरा वर्क के साथ, टीज़र देखने लायक है। संगीत निर्देशक श्री चरण पकाला ने अपने शानदार स्कोर से अनुभव को और भी बेहतर बना दिया है। बेल्लमकोंडा साईं श्रीनिवास एक कच्चे, देहाती लुक में चमकते हैं और एक सम्मोहक प्रदर्शन देते हैं, खासकर अंतिम क्षणों में जो उनके चरित्र की प्रतिभा को प्रदर्शित करते हैं।

# एक बार फिर दुश्मनों को तोड़ने आए सुनील शेट्टी, जैकी श्रॉफ से करेंगे दो-दो हाथ, हंटर 2 का टीजर जारी



बॉलीवुड अभिनेता सुनील शेट्टी एक्शन थ्रिलर सीरीज हंटर के दूसरे सीजन के साथ अपनी वापसी करने के लिए तैयार हैं। इसकी शूटिंग शुरू हो गई है। हाल ही में अभिनेता ने शूटिंग की एक झलक साझा की, जिसने दर्शकों को उत्साहित कर दिया है। वहीं अब, निर्माताओं ने भी सीरीज के दूसरे सीजन का अनाउंसमेंट वीडियो जारी कर दिया है।

हंटर सीरीज को दर्शकों ने खूब प्यार दिया था। वहीं, अब फैंस हंटर 2 के लिए तैयार हैं। ऐसे में ओटीटी चैनल के आधिकारिक इंस्टाग्राम हैंडल ने हंटर टूटेगा नहीं तोड़ेगा के सीजन 2 की भी घोषणा की। इस आकर्षक प्रमोशनल वीडियो में सुनील शेट्टी को एक दमदार अवतार में दिखाया गया है, जिसमें जैकी श्रॉफ भी अहम भूमिका में हैं। वीडियो साझा करते हुए ओटीटी प्लेटफॉर्म ने सीरीज का टीजर वीडियो साझा करते हुए लिखा, हंटर वापस आ गया है...याद है ना, यह टूटेगा नहीं, तोड़ेगा। हंटर सीजन 2, जल्द ही अमेजन एमएक्स प्लेयर पर आ रहा है। हालांकि, निर्माताओं ने अभी सीरीज की आधिकारिक रिलीज डेट का एलान नहीं किया है, लेकिन यह शो इसी साल दर्शकों का मनोरंजन करेगा। वहीं, बात करें सीरीज के कलाकारों की तो सुनील शेट्टी और जैकी श्रॉफ के साथ हंटर 2 में बरखा बिष्ट, अनुषा दांडेकर भी हैं। सीरीज के निर्माता विक्रम मेहरा और सिद्धार्थ आनंद कुमार हैं। सीरीज का निर्माण सारेगामा इंडिया, यूडली फिल्म्स के बैनर तले किया गया है। प्रिंस धीमान और आलोक बत्रा द्वारा निर्देशित इस सीरीज को खुश मलिक, अली हाजी और वीर ने मिलकर लिखा है।

# जगन शक्ति की मूवी में तमन्ना की एंट्री? साथ दिखेंगे ये बॉलीवुड स्टार्स? कब शुरू होगी शूटिंग

निर्देशक जगन शक्ति की आगामी फिल्म में कथित तौर पर तमन्ना भाटिया नजर आएंगी। वहीं इस फिल्म में उनके साथ अजय देवगन और संजय दत्त की भी होने की उम्मीद है। इस फिल्म की शूटिंग मार्च के आखिर में शुरू होगी। यह एक एक्शन-ड्रामा फिल्म हो सकती है।



तमन्ना भाटिया मिशन मंगल फिल्म निर्माता जगन शक्ति द्वारा निर्देशित एक रोमांचक नई फिल्म में अजय देवगन और संजय दत्त के साथ स्क्रीन शेयर करने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। हालांकि, फिल्म के बारे में अभी तक कोई आधिकारिक घोषणा नहीं हुई है। फिल्म में तीनों का एक्शन अवतार देखने को मिल सकता है।

कथित तौर पर इस फिल्म का नाम "रेंजर" रखा गया है। इसे लव फिल्म्स बना रही है, जिसके साथ अजय देवगन पहले "दे दे प्यार दे" फिल्म पर काम कर चुके हैं। इस फिल्म में संजय दत्त विलेन की भूमिका निभाएंगे। इस फिल्म की शूटिंग मार्च के आखिर में शुरू होगी। पिंकविला की खबर के मुताबिक, फिल्म के डायरेक्टर जगन शक्ति ने तमन्ना भाटिया को मुख्य भूमिका के लिए चुना है। तमन्ना अप्रैल के पहले हफ्ते में अजय देवगन और संजय दत्त के साथ शूटिंग शुरू करेंगी। यह फिल्म एक्शन और रोमांच से भरी होगी।

कथित तौर पर तमन्ना इस फिल्म का हिस्सा बनने के लिए बहुत उत्साहित हैं। उनकी भूमिका अच्छी तरह लिखी गई है और इसमें एक खास मोड़ भी है। उन्होंने फिल्म के लिए अपनी कई तारीखें दी हैं और तैयारी शुरू कर दी है। तमन्ना ने डायरेक्टर जगन शक्ति के साथ स्क्रिप्ट पर भी कई बार चर्चा की है।

फिल्म में कई बड़े कलाकार होंगे, लेकिन उनके नाम अभी छिपाए गए हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक, फिल्म को पूरे साल में अलग-अलग चरणों में शूट किया जाएगा और 2026 में सिनेमाघरों में बड़े स्तर पर रिलीज होगी। कथित तौर पर यह एक महंगी फिल्म होगी। फिल्म में नए तरह के सींस होंगे और अजय नई तकनीक से कुछ खास करने के लिए तैयार हैं।

# मोहनलाल की एल2 : एम्पुरान को सेंसर बोर्ड ने यू/ए सर्टिफिकेट के साथ रिलीज करने की मंजूरी दी



मलयालम स्टार मोहन लाल की एल2-एम्पुरान फिल्म प्रेमियों के बीच काफी दिलचस्पी पैदा कर रही है क्योंकि यह फिल्म ब्लॉकबस्टर फिल्म गॉडफादर की अगली कड़ी है। फिल्म 27 मार्च 2025 को शानदार रिलीज के लिए तैयार है। इस बीच, फिल्म के सेंसर विवरण और रनटाइम के बारे में रिपोर्ट आ रही हैं।

अंदरूनी चर्चा है कि फिल्म ने अपनी सेंसर औपचारिकताएं पूरी कर ली हैं और उसे यू/ए सर्टिफिकेट मिल गया है और चर्चा है कि फिल्म का रनटाइम 3 घंटे से अधिक हो गया है। यह काफी लंबा है और हालांकि, निर्माताओं की ओर से आधिकारिक पुष्टि का इंतजार है।

पृथ्वीराज सुकुमारन इस फिल्म का निर्देशन कर रहे हैं, जिसमें टोविनो थॉमस, इंद्रजीत सुकुमारन, मंजू वारियर, सानिया इयप्पन, साई कुमार और सचिन खेडेकर अहम भूमिका में हैं। फिल्म का निर्माण लाइका प्रोडक्शंस और आशीर्वाद सिनेमा द्वारा भव्य और प्रतिष्ठित तरीके से किया गया है। दीपक देव संगीत निर्देशक हैं, जबकि सुजीत वासुदेव सिनेमैटोग्राफर हैं और अखिलेश मोहन फिल्म के संपादक हैं।

# रोजलिन ने हिना खान की बीमारी को फिर बताया 'फेक'

एक्ट्रेस रोजलिन खान ने एक बार फिर एक्ट्रेस हिना खान की बीमारी को बीमारी को 'फेक' बताया है। इससे पहले भी रोजलिन हिना के कैंसर को लेकर संदेह जता चुकी हैं। मीडिया से बातचीत के दौरान, रोजलिन खान ने हिना खान के कैंसर को लेकर कहा कि उन्हें नहीं लगता कि मामला उतना गंभीर है जितना हिना दिखा रही हैं।


उन्होंने दावा किया कि स्टेज 3 कैंसर से जूझ रहे मरीज और कीमोथेरेपी के दौरान सर्जरी कराने वाले लोग लंबे समय तक उपवास नहीं कर सकते। हालांकि उन्होंने हिना का नाम सीधे तौर पर नहीं लिया, लेकिन उनके बयान से यह साफ झलक रहा था कि उनका इशारा हिना खान की ओर था। इतना ही नहीं, रोजलिन खान ने कहा कि वह जल्द ही कैंसर अवेयरनेस पर एक फिल्म बनाने वाली हैं, जिसमें वह हिना खान को कास्ट करने पर विचार कर रही हैं। उन्होंने हिना की एक्टिंग की तारीफ करते हुए कहा कि वह इस विषय पर बेहतरीन तरीके से अभिनय कर सकती हैं। इस दौरान रोजलिन ने अपनी कैंसर सर्वाइवल जर्नी भी साझा की और बताया कि उन्होंने इस गंभीर बीमारी से किस तरह संघर्ष किया और खुद को मजबूत बनाए



रखा।उन्होंने कहा कि जो लोग कैंसर जैसी घातक बीमारी से जूझ रहे हैं, उन्हें सोशल मीडिया पर फैल रही किसी भी जानकारी पर आंख मूंदकर भरोसा नहीं करना चाहिए। उन्होंने लोगों को आगाह करते हुए कहा कि उन्हें सिर्फ अपने डॉक्टर की सलाह पर ही ध्यान देना चाहिए और उसी के मुताबिक इलाज कराना चाहिए। रोजलिन ने यह भी कहा कि सोशल मीडिया पर कई बार गलत जानकारियां फैलाई जाती हैं, जिनका कोई वैज्ञानिक आधार नहीं होता। उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि कैंसर जैसी बीमारी के बारे में किसी भी तरह की भ्रामक जानकारी लोगों के लिए जानलेवा साबित हो सकती है। हिना खान को लेकर आए इस बयान पर फिलहाल हिना की ओर से कोई प्रतिक्रिया नहीं आई है। हालांकि, इससे पहले जब रोजलिन ने उनकी बीमारी पर सवाल उठाए थे, तब हिना ने उन्हें नजरअंदाज करने का फैसला किया था।

अब देखना होगा कि इस नए बयान पर हिना कोई जवाब देती हैं या फिर पहले की तरह चुप्पी साधे रहती हैं। बता दें कि टीवी एक्ट्रेस हिना खान ने जब से अपने ब्रेस्ट कैंसर की तीसरी स्टेज से पीड़ित होने की खबर साझा की है, तब से वह लगातार सुर्खियों में बनी हुई हैं। फैंस और इंडस्ट्री के उनके साथी जहां हिना के जल्द स्वस्थ होने की कामना कर रहे हैं।

# साई-फाई सुपरनेचुरल थ्रिलर फिल्म बैदा का टीजर जारी, तुम्बाड को भूल जाएंगे




सुधांशु राय बेहद यूनिक तरह की साई-फाई सुपरनेचुरल थ्रिलर फिल्म बैदा लेकर आ रहे हैं। इसका टीजर रिलीज कर दिया गया है और दर्शकों द्वारा बेहद पसंद किया जा रहा है। यह फिल्म साइंस-फिक्शन है जिसे प्राचीन भारतीय मान्यताओं से लिंक किया गया है। टीजर की शुरुआत भगवद गीता के श्लोक से होती है जिसका मतलब है कि आत्मा अमर है, अनश्वर है। लगभग 1 मिनट 42 सेकेंड लंबे टीजर में फिल्म बैदा के मुख्य नायक और कहानीकार-अभिनेता सुधांशु राय को एक मायावी अंधेरी दुनिया में फंसते और एक शैतानी शक्ति का मुकाबला करते देखा जाएगा।

पुनीत शर्मा द्वारा बनाई गई बैदा असल में भ्रम यानी माया की कहानी है जिसमें एक गांव का शख्स मृत्यु और समय के चक्र में अपनी जिंदगी के लिए द्वन्द करता है। घने जंगलों के बीच आग के सामने बैठा एक इंसान सारंगी बजा रहा है और यह बताता है की सामने का जंगल एक अजीब चादर ओढ़े बैठा है। टीजर के मुताबिक फिल्म बैदा भारतीय दर्शकों को पूरी तरह से एक फ्रेश और अनएक्सपेक्टेड कहानी पेश करने के लिए तैयार है। इसमें हितेन तेजवानी और सौरभ राज जैन जैसे कलाकार अपनी पिछली भूमिकाओं के विपरीत किरदार निभा रहे हैं।

फिल्म के निर्देशक पुनीत शर्मा ने कहा- 'बैदा एक दिलचस्प और आकर्षक कहानी का मिश्रण है जिसमें शक्तिशाली किरदार हैं जो सिने दर्शकों पर खास छाप छोड़ेंगे। यह एक एंटरटेनिंग फिल्म है जो सभी आयु वर्ग के दर्शकों को लुभाएगी। बैदा की कहानी दर्शक सिनेमाघरों से वापस अपने घर तक ले जाएंगे। हम फर्स्ट लुक और टीजर दोनों को मिली जबरदस्त प्रतिक्रिया के लिए दर्शकों को तहेदिल से धन्यवाद देते हैं। उनके प्यार से हम इतने अभिभूत हैं कि 21 मार्च को सिनेमाघरों में उनसे मिलने का इंतजार तक नहीं कर पा रहे।' फिलहाल तो इस फिल्म के टीजर ने फैंस की एक्साइटमेंट बढ़ा दी है। बैदा को कंतारा-फेम प्रतीक शेट्टी ने संपादित किया है। इसके कलाकारों में सुधांशु राय के साथ शोभित सुजय, मनीषा राय, हितेन तेजवानी, तरुण खन्ना, अखलाक अहमद आजाद और सौरभ राज जैन शामिल हैं। पैनोरमा स्टूडियो द्वारा वितरित बैदा साल 2025 की उन फिल्मों में से एक है जो किसी सरप्राइज पैकेज से कम नहीं है।

# मेरे ख्याल से शादी सिर्फ एक स्टैंप होती है : डीनो मोरिया



49 साल की उम्र में भी बॉलीवुड एक्टर डीनो मोरिया अब तक कुंवारे हैं, लेकिन हाल ही में उन्होंने कंफर्म कर दिया कि वह रिलेशनशिप में हैं। हाल ही में एक इंटरव्यू के दौरान डीनो मोरिया ने प्यार, रिश्तों और शादी को लेकर अपनी राय रखी।उन्होंने कहा, मेरे ख्याल से शादी सिर्फ एक स्टैंप होती है, एक कॉन्ट्रैक्ट, जो कहता है कि तुम दोनों साथ में जिंदगी बिताओगे। लेकिन अब मेरा मानना है कि यह सिर्फ समाज की बनाई हुई चीज है। अगर किसी रिश्ते में दिक्कतें आ रही हैं और चीजें ठीक नहीं हो रही हैं, तो उसे जबरदस्ती निभाने की जरूरत नहीं है। डीनो ने पहली बार खुलासा किया कि बिपाशा बसु से ब्रेकअप का फैसला उन्होंने खुद लिया था। उन्होंने बताया कि जब राज फिल्म के दौरान हम अलग हो रहे थे, तो बिपाशा के लिए यह बहुत मुश्किल था। लेकिन हमारे बीच कुछ मुद्दे थे, जिनकी वजह से मुझे यह फैसला लेना पड़ा। हम इसे ठीक करने की कोशिश कर रहे थे, लेकिन चीजें बेहतर नहीं हो रही थीं। मैंने मूव ऑन करने का फैसला किया। डीनो मोरिया का मानना है कि प्यार सबसे खूबसूरत चीज है और हर किसी को इसे महसूस करना चाहिए। उन्होंने कहा, आप इस धरती पर प्यार फैलाने के लिए आए हैं। अपने परिवार, दोस्तों और यहां तक कि अपने पालतू जानवरों से भी प्यार करें। जितना प्यार आप देंगे, उतना ही प्यार आपको वापस मिलेगा। अगर उनके करियर की बात करें तो डीनो मोरिया ने 1999 में फिल्म प्यार में कभी कभी से बॉलीवुड में डेब्यू किया था। हालांकि, 2002 में रिलीज हुई हॉरर फिल्म राज ने उन्हें जबरदस्त पहचान दिलाई। इसके बाद उन्होंने गुमराह, गुमनाम, श्श्श, फाइट क्लब और इश्क है तुमसे जैसी फिल्मों में काम किया, लेकिन वह इंडस्ट्री में अपनी खास पहचान नहीं बना सके। हालांकि, अब वह वेब सीरीज और ओटीटी प्रोजेक्ट्स में सक्रिय नजर आ रहे हैं। बता दें कि बॉलीवुड एक्टर डीनो मोरिया अपनी फिल्मों के अलावा अपनी पर्सनल लाइफ को लेकर भी काफी चर्चा में रहे हैं। उनका नाम बिपाशा बसु, नंदिता महतानी और लारा दत्ता जैसी एक्ट्रेसेस के साथ जुड़ा, लेकिन उनका कोई भी रिश्ता ज्यादा समय तक नहीं टिक पाया।

# सुभाष घई ने कभी फिल्म का ऑफर नहीं दिया : आमिर खान

बालीवुड के दिग्गज गीतकार और पटकथा लेखक जावेद अख्तर के साथ एक बातचीत में बॉलीवुड अभिनेता आमिर खान ने दिलचस्प किस्सा शेयर किया। आमिर खान ने बताया कि वह हमेशा से मशहूर फिल्म निर्माता-निर्देशक सुभाष घई के साथ काम करना चाहते थे, लेकिन उन्हें



कभी कोई फिल्म ऑफर नहीं की गई। आमिर ने कहा, सुभाष घई उस दौर के सफल निर्देशकों में से एक थे, लेकिन उन्होंने मुझे कभी अपनी फिल्म के लिए नहीं चुना। मैं उनके साथ काम करने की ख्वाहिश रखता था, लेकिन मुझे मौका नहीं मिला। यह बयान मुंबई में आयोजित 'आमिर खान- सिनेमा का जादूगर' फिल्म फेस्टिवल के दौरान आया, जहां आमिर ने अपने फिल्मी सफर से जुड़े कई अनुभव साझा किए। कार्यक्रम के दौरान जावेद अख्तर ने कहा, आप जोखिम लेते हैं, कोई और नहीं ले सकता। कौन अपने दिमाग से 'दंगल' करता, जिसमें एक बूढ़े व्यक्ति की भूमिका थी, जो कुश्ती में अपनी बेटी से हार जाता है? इस पर आमिर ने कहा कि सही फिल्मों का चयन करना उनके करियर की सबसे महत्वपूर्ण बात रही है।

# चोटिल उमरान मलिक की जगह चेतन सकारिया हुए केकेआर में शामिल

नई दिल्ली ,(आरएनएस)। कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) ने चोटिल तेज गेंदबाज उमरान मलिक की जगह बाएं हाथ के तेज गेंदबाज़ चेतन सकारिया को आईपीएल 2025 के लिए अपने दल में शामिल किया है। मलिक ने आखिरी बार आईपीएल 2024 में कोई प्रतिस्पर्धी मैच खेला था, तब उन्हें सनराइजर्स हैदराबाद की तरफ़ से सिर्फ एक मैच खेलने का मौका मिला था। वहीं सकारिया भी चोट से वापस आ रहे हैं। उन्होंने फरवरी 2024 में सौराष्ट्र के लिए कोई रणजी ट्रॉफी मैच खेला था। मलिक हालिया समय में लगातार चोटिल रहे हैं, जिसके कारण वह 2024-25 का पूरा घरेलू सीजन नहीं खेल पाए। उन्होंने अब तक आठ टी20 में 10.48 की इकॉनमी से रन देते हुए 11 विकेट लिए हैं। वहीं सकारिया ने भी भारत के लिए दो टी20 खेला है, जिसमें उनके नाम 9.27 की इकॉनमी से रन देते हुए एक विकेट है।

मलिक ने आखिरी बार आईपीएल 2024 में कोई प्रतिस्पर्धी मैच खेला था, तब उन्हें सनराइजर्स हैदराबाद की तरफ़ से सिर्फ एक मैच खेलने का मौका मिला था। वहीं सकारिया भी चोट से वापस आ रहे हैं। उन्होंने फरवरी 2024 में सौराष्ट्र के लिए कोई रणजी ट्रॉफी मैच खेला था।

## सचिन की इंडिया मास्टर्स बनी करोड़पति, फाइनल हारकर भी वेस्टइंडीज को मिली भारी भरकम प्राइज मनी

नई दिल्ली (आरएनएस) । सचिन तेंदुलकर की कप्तानी वाली इंडिया मास्टर्स ने इंटरनेशनल मास्टर्स लीग टी20 2025 का खिताब अपने नाम कर लिया है। बीते रविवार, 16 मार्च को शहीद वीर नारायण सिंह इंटरनेशनल स्टेडियम, रायपुर में खेले गए फाइनल में इंडिया मास्टर्स ने विपक्षी टीम वेस्टइंडीज मास्टर्स को 6 विकेट से हराकर ट्रॉफी अपने नाम कर ली। इंडिया मास्टर्स को फाइनल में जीत के लिए 149 रनों का लक्ष्य मिला था जिसे उन्होंने 4 विकेट खोकर 17.1 ओवर में ही हासिल कर लिया। अंबाती रायडू ने इस मैच में 74 रनों की शानदार मैच जिताऊ पारी खेली जिसके लिए उन्हें फाइनल में प्लेयर ऑफ द मैच भी चुना गया। इस ट्रॉफी को जीतने के बाद ज्यादातर फैंस ये जानना चाहते हैं कि सचिन तेंदुलकर की टीम को कितनी प्राइज़ मनी मिलेगी? तो चलिए आपको इस सवाल का जवाब देते हैं। वेस्टइंडीज को हराने और इंटरनेशनल मास्टर्स लीग जीतने के बाद, इंडिया मास्टर्स को नकद पुरस्कार के रूप में एक बड़ी राशि मिली है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, सचिन तेंदुलकर की अगुवाई वाली टीम को 1 करोड़ रुपये मिले हैं, जबकि ब्रायन लारा की वेस्टइंडीज मास्टर्स को टूर्नामेंट में उपविजेता के रूप में समाप्त करने के लिए 50 लाख रुपये मिले। फाइनल में आक्रामक अर्धशतक लगाने वाले सलामी बल्लेबाज अंबाती रायडू को प्लेयर ऑफ द मैच, मास्टरस्ट्रोक ऑफ द मैच और मैच में सबसे अधिक छक्के लगाने के साथ 1.5 लाख रुपये मिले। इस बीच, दिग्गज ऑस्ट्रेलियाई ऑलराउंडर शेन वॉटसन को टूर्नामेंट में सबसे अधिक छक्के (25) लगाने के लिए 5 लाख रुपये का इनाम दिया गया।

श्रीलंका के पूर्व कप्तान कुमार संगकारा को भी सीजन में सबसे अधिक चौके (38) लगाने के लिए 5 लाख रुपये का आकर्षक नकद पुरस्कार मिला।

# धोनी ने 6 साल बाद मान ली अपनी गलती, बोले- नो बॉल विवाद पर मैदान में नहीं घुसना चाहिए था



नई दिल्ली ,(आरएनएस)। चेन्नई सुपरकिंग्स के पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी ने आईपीएल में एक ऐसे पल का खुलासा किया, जिसका उन्हें सबसे ज़्यादा अफ़सोस है। धोनी ने 6 साल बाद अपनी उस गलती को माना है जब उन्होंने अपना आपा खो दिया था। धोनी ने बताया कि 2019 में चेन्नई सुपर किंग्स बनाम राजस्थान रॉयल्स मैच के दौरान मैदान पर वॉकआउट करना उनके आईपीएल करियर की सबसे बड़ी गलती थी। ये घटना मैच के अंतिम ओवर में हुई, जब बेन स्टोक्स ने धीमी गति की गेंद फेंकने की कोशिश की और गेंद उनके हाथ से फिसल गई और कमर तक ऊंची फुल टॉस हो गई। स्ट्रेट अंपायर ने इसे नो-बॉल करार दे दिया, लेकिन स्क्वायर लेग अंपायर ने इस फ़ैसले को खारिज कर दिया। इससे धोनी भड़क गए और उन्होंने मैदान में घुसकर अंपायर से बहस की। अंपायरों से खूब बातचीत करने के बाद भी फैसला नहीं बदला गया और धोनी को गुस्से में मैदान से बाहर जाते हुए देखा गया। अब मास्टरकार्ड के एक कार्यक्रम में मंदिरा बेदी से बात करते हुए, धोनी से पूछा गया कि क्या उन्होंने भी कभी अपना आपा खो दिया था। पूर्व भारतीय कप्तान ने कहा कि ऐसा कई बार हुआ है और उन्होंने 2019 में मैच में हुई घटना का ज़िक्र भी किया।धोनी ने कहा, ऐसा कई बार हुआ है। आईपीएल के एक मैच के दौरान मैं मैदान पर चला गया था। ये एक बड़ी गलती थी। इसके अलावा, ऐसे कई उदाहरण हैं, जब कुछ ऐसा हुआ है, जो हमें परेशान कर सकता है, क्योंकि हम ऐसा खेल खेलते हैं, जिसमें दांव बहुत ऊंचे होते हैं।

आपको हर मैच जीतना होता है। इसलिए मैं कहता हूं कि जब आप किसी बात पर गुस्सा या निराश हों, तो अपना मुंह बंद रखें और उससे दूर रहें। गहरी सांस लेने की कोशिश करें, क्योंकि ये दबाव को संभालने जैसा है। बता दें कि धोनी सीएसके के लिए एक महत्वपूर्ण खिलाड़ी बने हुए हैं और आईपीएल में अपने 18वें सीजन में भी वो खेलते हुए नजर आएंगे। धोनी सक्रिय रूप से ट्रेनिंग कर रहे हैं और इस साल के अभियान की शुरुआत से पहले ही शिविर में शामिल हो गए हैं।

## वरुण बोले, इस कारण मुझे टेस्ट में नहीं मिल सकता अवसर

नई दिल्ली (ए)। आईसीसी चैम्पियंस ट्रॉफी में अपनी शानदार गेंदबाजी से सभी को प्रभावित करने वाले भारतीय क्रिकेट टीम के मिस्ट्री स्पिनर वरुण चक्रवर्ती ने कहा है कि कि वह टेस्ट क्रिकेट खेलना चाहते हैं पर शायद ही खेल पाये। वरुण का मानना है कि वह टेस्ट के लिए नहीं बने हैं।साथ ही कहा कि जिस प्रकार की गेंदबाजी उनकी है उससे टेस्ट में जगह मिलना संभव नजर नहीं आता। इस स्पिनर ने सितंबर 2018 में घरेलू क्रिकेट में डेब्यू के बाद से 27 लिस्ट ए और 106 टी20 मैच खेले हैं। इसके बाद उन्हें सीमिल ओवरों के लिए भारतीय टी20 और फिर एकदिवसीय टीम में जगह मिली। वरुण 2021 टी20 विश्वकप में भारत की टीम का हिस्सा थे, जहां टीम ग्रुप स्टेज में ही बाहर हो गई थी। इसके बाद उनको काफी आलोचना झेलनी पड़ी थी।

वरुण के नाम सिर्फ एक फर्स्ट क्लास मैच है। नवंबर 2018 में हैदराबाद के खिलाफ उन्होंने यह मुकाबला खेला था। वरुण टेस्ट क्रिकेट खेलना चाहते हैं पर घरेलू क्रिकेट में कम अनुभव की वजह से उनको लगता है कि वो इस प्रारुप में भारत के लिए खेलने का सपना पूरा नहीं कर सकते।

## मेगा ऑक्शन में नहीं मिला खरीदार, क्या IPL 2025 में बजेगी इस खिलाड़ी की ताल?

लखनऊ (ए)। आईपीएल 2025 का आगाज 22 मार्च से होने वाला है और सभी टीमें अपनी तैयारियों को अंतिम रूप देने में




जुटी हैं। हालांकि, लखनऊ सुपर जायंट्स (LSG) की टीम इस बीच अपने कुछ प्रमुख खिलाड़ियों की फिटनेस को लेकर चिंता में है। टीम के तीन स्टार तेज गेंदबाज - मोहसिन खान, आवेश खान और मयंक यादव - अभी तक पूरी तरह से फिट नहीं हो पाए हैं। इस बीच, LSG के ट्रेनिंग कैंप से एक ऐसी तस्वीर सामने आई है जिसने क्रिकेट गलियारों में हलचल मचा दी है। इस तस्वीर में टीम इंडिया के ऑलराउंडर शार्दुल ठाकुर नजर आ रहे हैं, जिन्हें हाल ही में हुए मेगा ऑक्शन में कोई खरीदार नहीं मिला था।शार्दुल ठाकुर को LSG के ट्रेनिंग सेंटर में देखे जाने के बाद से ही अटकलों का बाजार गर्म है। उन्हें लखनऊ में LSG के खिलाड़ियों और कप्तान केएल राहुल के साथ होली मनाते हुए भी देखा गया था। इसके अलावा, शार्दुल की LSG की ट्रेनिंग जर्सी पहने हुए एक तस्वीर भी सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रही है।

## आईपीएल से शुरुआती सत्र से बाहर रहेंगे बुमराह सहित ये खिलाड़ी

मुम्बई (ए)। 22 मार्च से शुरु हो रहे इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के पहले सत्र में तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह सहित कई अन्य प्रमुख खिलाड़ी भी नजर नहीं आयेंगे। इस सत्र का पहला



मुकाबला कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के बीच खेला जाएगा। ये खिलाड़ी शुरुआती कुछ मैचों में चोटिल होने या निजी कारणों से नहीं खेल पायेंगे। तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह, एनरिक नॉर्खिया और मयंक यादव तीनो ही अभी फिट नहीं होने के कारण खेल से दूर हैं।

मुंबई इंडियंस के मुख्य तेज गेंदबाज बुमराह पीठ की चोट के कारण जनवरी से ही प्रतिस्पर्धी क्रिकेट से बाहर हैं। बुमराह ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ जनवरी में सिडनी में खेले गए पांचवें और अंतिम टेस्ट मैच के दूसरे दिन चोटिल हो गए थे और इसी कारण वह दूसरी पारी में भी गेंदबाजी नहीं कर पाए थे। इसी प्रकार केकेआर के तेज गेंदबाज एनरिक नॉर्खिया भी कमर की चोट से जूझ रहे हैं और इसी कारण चैंपियंस ट्रॉफी से भी वह बाहर थे। लखनऊ सुपर जायंट्स के मिचेल मार्श और मयंक यादव भी फिट नहीं हैं। आरसीबी के जोश हेजलवुड और जैकब बेथेल का खेलना भी पक्का है। वहीं हार्दिक पांड्या एक मैच के प्रतिबंध के कारण पहले मैच से बाहर रहेंगे।

# भारत के खराडी ने बनाया विश्व रिकॉर्ड, मस्क ने साझा किया वीडियो



सूरत (ए)। भारत के विस्पी खराडी ने हरक्यूलिस पिलर को सबसे ज्यादा समय तक पकड़ने का नया विश्व रिकार्ड बनाया है। खराडी ने 2 मिनट और 10.75 सेकंड तक विशाल पिलर को थामे रखकर सभी को हैरान कर दिया। इसके लिए उनका नाम गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड में भी दर्ज हुआ है। ये खंभे 123 इंच ऊंचे थे और इनका व्यास 20.5 इंच था। 166.7 किलोग्राम और 168.9 किलोग्राम वजन वाले इन खंभों को पकड़कर खराडी ने पिछले सभी रिकार्ड तोड़ दिये। उनकी इस उपलब्धि को टेस्ला के मालिक एलन मस्क ने भी सोशल मीडिया में साझा किया है।

खराडी ने इसके बाद सोशल मीडिया में खुशी जताते हुए लिखा कि मस्क ने उनके प्रदर्शन का एक वीडियो साझा किया है जिससे उन्हें बेहद खुशी हुई। इस वीडियो को मूल रूप से गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड्स के आधिकारिक अकाउंट से जारी किया गया था। खराडी ने सोशल मीडिया में लिखा, यह जानकर वाकई बहुत अच्छा लगा कि मस्क ने मेरा गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड वीडियो सोशल मीडिया में साझा किया है। मुझे इस बात पर बहुत गर्व है कि एक भारतीय की दुनिया भर में प्रशंसा हो रही है। खराडी के नाम कई ब्लैक बेल्ट और 13 गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड शामिल हैं। फिटनेस विशेषज्ञ होने के अलावा वह सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के कमांडो को युद्ध का प्रशिक्षण देते हैं। उनके पिछले कुछ रिकॉर्ड में एक मिनट में सबसे ज़्यादा ड्रिंक कैन को हाथ से मसलने का भी रिकार्ड है।



# आज धरती पर लौट आएंगी सुनीता विलियम्स, नासा ने बताया- कहां लैंड होगा स्पेसएक्स का कैप्सूल

न्यूयॉर्क (ए.)। अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) पर नौ महीने से फंसे दो अमेरिकी अंतरिक्ष यात्रियों को लेकर नासा ने पुष्टि की है कि वे मंगलवार की शाम पृथ्वी पर लौट आएंगे। बुच विल्मोर और सुनीता विलियम्स एक अन्य अमेरिकी अंतरिक्ष यात्री और एक रूसी कॉस्मोनॉट के साथ स्पेसएक्स क्रू ड्रैगन यान से वापस आएंगे, जो रविवार सुबह आईएसएस पर पहुंचा था।

नासा ने रविवार शाम को कहा कि इन अंतरिक्ष यात्रियों की वापसी मंगलवार को फ्लोरिडा तट पर समुद्र में उतरने का समय शाम 5:57 बजे (भारतीय समयानुसार 19 मार्च की सुबह 3:30 बजे) होगी। पहले यह वापसी बुधवार से पहले नहीं होने जा रही थी।विल्मोर और विलियम्स जून 2023 से आईएसएस पर हैं। वे बोइंग स्टारलाइनर यान के पहले मानवयुक्त परीक्षण उड़ान में गए थे, लेकिन उसमें तकनीकी खराबी आ गई, जिससे वह सुरक्षित वापसी के लिए अनुपयुक्त हो गया। नासा ने बताया कि इस वापसी का समय



इस तरह तय किया गया है कि आईएसएस के दल अपना काम पूरा करने का समय मिल जाए और साथ ही सप्ताह के अंत में खराब मौसम की आशंका को देखते हुए लचीलापन बना रहे। नासा ने कहा है कि वो स्पेसएक्स क्रू-9 के अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन से धरती पर लौटने का सीधा प्रसारण करेगा। ये प्रसारण 17 मार्च की रात 10:45 बजे (अमेरिका के समय के अनुसार) से शुरू होगा। भारत में ये समय लगभग 18 मार्च की सुबह 8:30 बजे होगा।

नासा के अंतरिक्ष यात्री निक हेग और रोस्कोस्मोस के अंतरिक्ष यात्री अलेक्जेंडर गोरबुनोव भी ड्रैगन कैप्सूल में वापस आएंगे। यह यात्रा विलमोर और विलियम्स के लिए राहत लेकर आएगी, जो कुछ दिनों की यात्रा के लिए गए थे, लेकिन नौ महीने तक फंसे रह गए। बुच विल्मोर और सुनीता विलियम्स का अंतरिक्ष स्टेशन में रहना, आम तौर पर छह महीने के रहने से ज्यादा था, लेकिन यह अमरीकी अंतरिक्ष यात्री फ्रैंक रुबियो के 2023 में बनाए 371 दिन के रिकॉर्ड और रूसी अंतरिक्ष यात्री वालेरी पॉलाकोव के मीर स्टेशन पर बनाए 437 दिन के विश्व रिकॉर्ड से कम था।

## जनरेटर में जोरदार धमाका होने से पूरे देश की चली गई बिजली, पानी के लिए तरसे लोग

पनामा (आरएनएस)। ला चोरेरा थर्मोइलेक्ट्रिक पावर प्लांट के एक जनरेटर में विस्फोट के बाद पनामा में पूरे देश में ब्लैकआउट हो गया। मध्य अमेरिकी देश पनामा में रविवार को पूरे देश की बत्ती गुल हो गयी।

जानकारी के अनुसार जब जनरेटर में विस्फोट हुआ तो उसमें भयंकर आग लग गई। वहीं, पूरे देश की बत्ती जाने के बाद राष्ट्रपति जोस राउल मुलिनो भी इसकी जानकारी देते हुए कहा कि एक जेनेरेटर के फटने के बाद ऐसे हालात पैदा हो गए। इंस्टीट्यूट ऑफ एक्वाडक्ट्स एंड सीवर्स (आईडीएएएन) ने कहा कि ब्लैकआउट के कारण वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट प्रभावित होने के कारण पेयजल की आपूर्ति भी बाधित हो गई है। बिजली आपूर्ति बहाल करने के लिए कड़ी मशक्कत करनी पड़ी। मुलिनो ने एक्स पर एक वीडियो पोस्ट किया, जिसमें उन्होंने कहा कि इसमें राजधानी पनामा सिटी के दक्षिण-पश्चिम में एक प्रतिष्ठान में विस्फोट दिखाया गया है। उन्होंने लिखा, सेवाएं धीरे-धीरे बहाल कर दी जाएंगी।

## नाइट क्लब में चल रहा था Live Show, भड़क उठी आग... 51 लोगों की जलकर मौत

कोकानी ,(आरएनएस)। उत्तरी मैसेडोनिया के दक्षिणी शहर कोकानी में देर रात एक नाइट क्लब में भीषण आग लगने से कम से कम 51 लोगों की मौत हो गई और लगभग 100 से अधिक घायल हो गए। देश के गृह मंत्री पांसे तोशकोवस्की ने रविवार को एक संवाददाता सम्मेलन में यह दुखद जानकारी दी।

तोशकोवस्की ने बताया कि आग स्थानीय समयानुसार देर रात 2:35 बजे एक पॉप समूह के संगीत कार्यक्रम के दौरान लगी। उन्होंने प्रारंभिक जांच के आधार पर कहा कि क्लब में मौजूद युवाओं द्वारा आतिशबाजी करने के कारण यह हादसा हुआ।

इस घटना के बाद से मृतकों और घायलों के परिवार के सदस्य अस्पतालों और कोकानी में विभिन्न कार्यालयों के बाहर एकत्रित होकर अधिकारियों से अपने प्रियजनों के बारे में अधिक जानकारी की मांग कर रहे हैं। गृह मंत्री ने यह भी बताया कि पुलिस ने इस संबंध में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है, हालांकि उन्होंने गिरफ्तार व्यक्ति की संलिप्तता के बारे में विस्तृत जानकारी साझा नहीं की।

# क्या हाफिज सईद मारा गया या पाकिस्तानी सरकार ने भेज दिया जेल!

### रविवार को भारत के दुश्मन पर अज्ञात हमलावरों ने बरसाई थी गोलियां

इस्लामाबाद,(ए)। भारत में कई आतंकी घटनाओं का मास्टरमाइंड हाफिज सईद कहां है? क्या वह मर चुका है? या अस्पताल में है? या फिर पाकिस्तानी सरकार ने उसे जेल में



डाल दिया है। ये सवाल हैं जो बार-बार उठ रहे हैं। बता दें रविवार को हाफिज सईद को गोली लगने की खबर आई थी। वह पाकिस्तानी सेना के साथ बैठक कर लौट रहा था तभी झेलम इलाके में उसकी गाड़ी पर गोलियां बरसाई गईं। रिपोर्ट के मुताबिक इस हमले में उसका करीबी अबू कताल मारा गया।

बीते करीब पांच सालों में पाकिस्तान में अज्ञात बंदूकधारियों ने कई आतंकवादियों को मौत की नींद सुला दिया है। बीते साल ऐसी ही रिपोर्ट कंधार विमान हाईजैक के मास्टर माइंड मसूद अजहर के बारे में आई थी। दावा किय गया था कि एक बम विस्फोट में वह मारा गया। हालांकि उसकी आज तक पुष्टि नहीं हो पाई है। कुछ रिपोर्ट में मसूद अजहर के घटना के बाद के दिनों में देखे जाने के दावे किए गए थे। सोशल मीडिया पर हाफिज सईद के बारे में दावे किए जा रहे हैं कि रविवार के हमले में वह गंभीर रूप से घायल हो गया था और उसे अस्पताल में भर्ती करवाया गया वहां उसकी मौत हो गई। इस बारे में आधिकारिक तौर पर कोई रिपोर्ट सामने नहीं आई है।

सोशल मीडिया पर दावे किए जा रहे है। एक्स पर एक यूजर ने वीडियो शेयर किया है जिसमें उन्होंने हाफिज सईद के मारे जाने का दावा किया है। यूजर कहते हैं कि पाकिस्तान का असली दुश्मन वहां के टॉप आर्मी जनरल्स हैं। उन्होंने जो वीडियो पोस्ट किया है उसे सईद के काफिल के स्थल का बताया जा रहा है। हाफिज सईद लश्कर-ए-तैयबा और जमात-उद-दावा का संस्थापक है. वह भारत में कई बड़े आतंकी हमलों का मास्टरमाइंड रहा है।

## बांग्लादेश : रेप के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे लोगों पर कार्रवाई, बीएनपी ने साधा यूनुस सरकार पर निशाना

ढाका (ए)। बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) ने देश में बलात्कार की बढ़ती घटनाओं के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे छात्र कार्यकर्ताओं पर हाल ही में हुए हमलों के लिए मुहम्मद यूनुस की अगुवाई वाली अंतरिम सरकार की आलोचना की। प्रदर्शनकारी गृह मामलों के सलाहकार जहांगीर आलम चौधरी को हटाने की भी मांग कर रहे हैं।

प्रमुख बांग्लादेशी समाचार पत्र द डेली स्टार की रिपोर्ट के अनुसार, बीएनपी महासचिव मिर्जा फखरुल इस्लाम आलमगीर ने हालात को गंभीर बताया। उन्होंने महिलाओं और बच्चों की सुरक्षा सुनिश्चित करने में नाकाम रहने के लिए अंतरिम सरकार पर निशाना साधा साथ ही प्रदर्शन कर रहे 12 छात्र नेताओं के खिलाफ मामला दर्ज करने की आलोचना की।

बीएनपी नेता ने कहा, बलात्कार और उत्पीड़न के खिलाफ जागरूकता फैलाने वालों की मदद करने के बजाय उन्हें परेशान करना गलत है।

हाल ही में विश्वविद्यालय के शिक्षकों और छात्रों ने बलात्कार और हिंसा के खिलाफ बांग्लादेश नामक एक मंच बनाया है। देश भर में महिलाओं के खिलाफ दुष्कर्म और हिंसा को लेकर उठ रही चिंताओं और विरोधों के बीच यह कदम उठाया गया। पिछले सप्ताह उन्होंने महिलाओं और बच्चों के साथ बलात्कार के विरोध में और बलात्कारियों को कड़ी सजा दिलाने की मांग करते हुए मुख्य सलाहकार यूनुस के घर की ओर मार्च निकाला था।

## पाकिस्तान : अफगान शरणार्थियों के मुद्दे पर संघीय और प्रांतीय सरकार आमने-सामने, केपी सीएम बोले- मैं तय करुंगा क्या सही है

पेशावर (ए)। अफगान शरणार्थियों के मुद्दे को लेकर पाकिस्तान की संघीय और खैबर-पख्तूनख्वा प्रांत (केपी) सरकार आमने ङ्क सामने है। प्रांतीय सरकार ने अफगान शरणार्थियों को वापस भेजने की केंद्र की नीति को 'अमानवीय' करार दिया है।

केपी के मुख्यमंत्री अली अमीन गंडापुर ने कहा कि उनकी सरकार प्रांत में रहने वाले अफगानों को निष्कासित करने के केंद्र के निर्देशों का पालन करने या न करने का फैसला 31 मार्च के बाद लेगी।

पाकिस्तानी दैनिक 'डॉन' के मुताबिक उन्होंने अफगान शरणार्थियों पर केंद्र की नीति की निंदा करते हुए इसे 'अमानवीय और दमनकारी' बताया।

गंडापुर ने कहा, मैं संघीय सरकार की नीति के अनुसार अफगानों के प्रत्यावर्तन के पक्ष में नहीं हूं। मैं तय करूंगा कि मुझे क्या सही लगता है, केपी की संस्कृति और परंपराओं के अनुकूल क्या है।

गंडापुर ने आगे कहा कि अफगानों को उनके देश में उनके लिए किसी भी व्यवस्था के बिना जबरन वापस भेजना 'गलत और अमानवीय' है। उन्होंने अफगानों के जबरन प्रत्यावर्तन को 'बुनियादी मानवाधिकारों का उल्लंघन' बताया।केपी के सीएम ने कहा कि संघीय सरकार ने इस मुद्दे पर उनसे संपर्क नहीं किया, बल्कि जब उन्होंने अफगानिस्तान के साथ बातचीत का सुझाव दिया तो उनकी आलोचना की गई, हालांकि संघीय सरकार पहले अफगानिस्तान के साथ बातचीत के मुद्दे पर उनसे सहमत थी।

इस्लामाबाद ने अफगान प्रवासियों को



लेकर बार-बार कथित तौर पर उनके आतंकवादी गतिविधियों और अपराध में शामिल होने का हवाला दिया है।

देश के प्रमुख समाचार पत्र, 'द एक्सप्रेस ट्रिब्यून' के मुताबिक केपी के मुख्यमंत्री ने तर्क दिया कि जिन लोगों का कोई आपराधिक रिकॉर्ड नहीं है, उन्हें रहने की अनुमति दी जानी चाहिए और उन्हें पाकिस्तानी नागरिकता दी जानी चाहिए।

आतंकवाद में बढ़ोतरी पर बात करते हुए गंडापुर ने सुरक्षा के मामले में संघीय सरकार के रवैये पर सवाल उठाए। उन्होंने कहा, आज मैं खुले तौर पर कहता हूं कि आतंकवाद का फिर से उभरना सत्ता में बैठे अधिकारियों की नाकामी, संघीय सरकार और संस्थाओं की अक्षमता का नतीजा है। केपी पाकिस्तान में सबसे बड़ी अफगान शरणार्थी आबादी का घर है, जिसमें पेशावर में सबसे अधिक संख्या में लोग रहते हैं। संयुक्त राष्ट्र के अनुसार, पाकिस्तान द्वारा अपनी प्रत्यावर्तन नीति शुरू करने के बाद से 8,00,000 से अधिक अफगान स्वदेश लौट चुके हैं।

## मोजाम्बिक : चक्रवात जूड से भारी तबाही, 14 लोगों की मौत, हजारों विस्थापित

मापुटो, (आरएनएस)। उत्तरी मोजाम्बिक में आए उष्णकटिबंधीय चक्रवात जूड ने भारी तबाही मचाई है। इस चक्रवात से अब तक 14 लोगों की मौत हो चुकी है और कई इलाकों में 1 लाख से ज्यादा लोग प्रभावित हुए हैं।

मोजाम्बिक की राजधानी मापुटो में सरकारी प्रवक्ता इनोसेंशियो इम्पिसा ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि चक्रवात जूड से हुई मौतें ज्यादातर नामपुला और नियासा प्रांतों में हुई। उन्होंने कहा कि दीवारें गिरने, बिजली गिरने और डूबने की वजह से लोगों की जान गई।

सरकारी प्रवक्ता ने बताया कि चक्रवात जूड की वजह से करीब 20,000 घरों को नुकसान पहुंचा। इनमें से 7,000 घर पूरी तरह बर्बाद हो गए, जबकि 13,000 से ज्यादा घरों को आंशिक क्षति हुई। इससे हजारों परिवार बेघर हो गए हैं। समाचार एजेंसी सिन्हुआ के मुताबिक, चक्रवात जूड से मोजाम्बिक में स्वास्थ्य और शिक्षा क्षेत्र को भारी नुकसान हुआ है। 30 स्वास्थ्य केंद्र क्षतिग्रस्त हो गए हैं, वहीं 59 स्कूलों की 182 कक्षाएं तबाह हो गईं।

# तम्बाकू नियंत्रण समिति की बैठक में कलेक्टर ने कहा तंबाकू का सेवन करने वालों को जागरूक करें और त्यागने के लिए प्रेरित करें

## मध्यप्रदेश में लगभग 1.86 करोड़ लोग करते हैं धूम्रपान और धूम्ररहित तंबाकू का सेवन

सीहोर(निप्र)। कलेक्टर बालागुरू के की अध्यक्षता में राष्ट्रीय तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम अंतर्गत जिला स्तरीय समन्वय समिति की बैठक सम्पन्न हुई। कलेक्टर बालागुरू के ने निर्देश दिए कि तम्बाकू के सेवन से होने वाले दुष्परिणामों की जानकारी देकर नशा त्यागने के लिए नगरीय एवं ग्रामीण क्षेत्रों में जागरूकता कार्यक्रम चलाए जाएं। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम अंतर्गत गठित जिला स्तरीय समिति के सदस्य भी अपने-अपने कार्य क्षेत्र में तम्बाकू मुक्त समाज बनाने में अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करें। उन्होंने सभी अधिकारियों से कहा कि वह कोटपा एक्ट -2003 के नियमों का कढ़ाई से पालन करवाना सुनिश्चित करें। इसके तहत सार्वजनिक स्थानों पर धूम्रपान निषेध का चिन्ह वाला बोर्ड एवं फ्लैक्स लगाए जाएं। उन्होंने कोटपा एक्ट के उल्लंघन पर जुर्माने की कार्यवाही भी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक में जिला पंचायत सीईओ डॉ नेहा जैन, अपर कलेक्टर वृंदावन सिंह, मध्यप्रदेश वॉलन्ट्री हेल्थ एसोसिएशन के परियोजना समन्वयक आनंद वर्मा सहित जिला अस्पताल के अधिकारी एवं चिकित्सक उपस्थित थे।




### तम्बाकू और कानून

तंबाकू के विरुद्ध कानून तंबाकू सेवन को प्राप्त सामाजिक मान्यता को समाप्त करने की दिशा में एक प्रभावी कदम है। सिगरेट और अन्य तंबाकू उत्पाद (विज्ञापन का प्रतिषेध और व्यापार तथा वाणिज्य उत्पादन, प्रदाय और वितरण का विनियमन) अधिनियम, 2003 में निहित प्रावधानों के अनुसार तंबाकू उत्पादक एवं उसके उत्पाद बनाने वाले (निर्माता) को दो साल की सजा या 5000 रूपये तक जुर्माना या दोनो हो सकते हैं। उन्हें दोबारा ऐसा करते पाये जाने पर 5 साल की सजा या 10000 रूपये तक जुर्माना या दोनों हो सकते हैं। शैक्षणिक संस्थानों के परिसर से 100 यार्ड की दूरी तक तंबाकू उत्पाद बेचने पर प्रतिबंध है। इस अधिनियम के अनुसार अठारह साल से कम उम्र के बच्चों को किसी भी प्रकार का तंबाकू उत्पाद नहीं बेचा जा सकता तथा वैधानिक चेतावनी अंग्रेजी तथा कोई एक भारतीय भाषा में दी जानी चाहिए। तंबाकू उत्पाद बनाने वाली कोई भी कंपनी खेलों तथा सांस्कृतिक आयोजनों को प्रायोजित नहीं कर सकेगी। नियमों के अनुसार निकोटिन एवं टार अवयव तथा उनकी अधिकतम स्वीकृत मात्रा पैकेटों पर दर्शाया जाना चाहिए। यह एक्ट सिगरेट, सिगार, चिरूट, बीड़ी, हुक्का चबाने वाली तंबाकू, पान मसाला और गुटखा या किसी भी अन्य चबाकर खाये जाने वाले उत्पाद जिसमें तंबाकू हो उन सभी पर लागू होता है।

### तंबाकू छोड़ने के लिये क्या करें

तंबाकू छोड़ने के लिए 'शुभश्च शीघ्र' एक बार दृढ़ता पूर्वक निश्चय कर लीजिए। उसी दिन इस बात की जानकारी अपने रिश्तेदारों मित्रों व परिचितों को दीजिए की आपने तंबाकू छोड़ने का निर्णय लिया है।

अपने किसी मित्र या परिजन को आपका साथ देने के लिए तैयार कीजिए ताकि वे कमजोर क्षणों में आपको साहस दे सकें। जिन क्षणों में तंबाकू सेवन की जरूरत होती है उन क्षणों में अपने आपको दृढ़ता पूर्वक रोकें तथा अपना ध्यान दूसरी ओर लगायें।

# अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा सीहोर का होली मिलन समारोह 19 मार्च को

सीहोर(निप्र)। अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा सीहोर का होली मिलन समारोह भूतेश्वर महादेव मंदिर पुराना पेपर मिल के पास, सीहोर में दिनांक 19 मार्च को आयोजित किया जाएगा। अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा के जिलाध्यक्ष गणेश सिंह चौहान ने जानकारी देते हुए बताया कि नगर और आसपास के ग्रामों मे रहने वाले सभी समाजजन उक्त समारोह मे भाग लेगें। कार्यक्रम प्रातः ग्यारह बजे प्रारम्भ होगा। उक्त समारोह में सभी स्वजातीय बन्धु एकत्रित होकर गुलाल और फूलों से होली खेलेंगे। कार्यक्रम के अंत में सहभोज का आयोजन भी रखा गया है। उक्त आयोजन में उपस्थित होने की अपील करने वालों में अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा के डॉ. महेन्द्र सिंह राठौड़, गणेश सिंह चौहान, जितेन्द्र सिंह राठौड़, मुकेश दरबार, विजय सिंह तोमर, धीरेन्द्र सिंह राजावत, शैलेन्द्र सिंह चन्देल, रमेश सिंह चौहान, के.वी.एस. चौहान, महेन्द्र सिंह चौहान, शिवनाथ सिंह जादौन, गोपाल सिंह ठाकुर, अजय सिंह पंवार, अजीत सिंह सिंदल, राजेन्द्र सिंह सिकरवार, गजराज सिंह राघव, चन्दन सिंह सिसौदिया, इन्द्रपाल सिंह गहरवार, के पी सिंह, लखन सिंह गौर, नरेन्द्र सिंह चौहान, शिवशंकर सिंह, सियाराम सिंह गौतम, विनय सिंह चौहान आदि शामिल हैं।

# खसरा-रूबेला निर्मूलन की कलेक्टर एवं जिला पंचायत सीईओ ने दिलाई शपथ

### 17 से 22 मार्च तक किया जा रहा है बच्चों का टीकाकरण

सीहोर(निप्र)। जिला पंचायत सभाकक्ष में आयोजित टीएल बैठक के दौरान कलेक्टर बालागुरू के तथा जिला पंचायत सीईओ डॉ नेहा जैन ने सभी जिलाधिकारियों को खसरा-रूबेला निर्मूलन की शपथ दिलाई। इस दौरान सभी अधिकारियों ने समाज में खसरा रूबेला के प्रति जागरूकता लाने, टीकाकरण की महत्ता के बारे में जागरूकता बढ़ाने, समुदाय में खसरा रूबेला टीकाकरण अभियानों का सक्रिय समर्थन और प्रोत्साहन करने, खसरा रूबेला के विरूद्ध लड़ने वाले शासकीय और गैर शासकीय संगठनों के प्रयासों में सहयोग करने, अफवाहों और भ्रांतियों को दूर करने और खसरा रूबेला उन्मूलन के लिए निरंतर प्रयत्नशील रहने की शपथ ली। उल्लेखनीय है कि खसरा-रूबेला उन्मूलन कार्यक्रम के तहत पांच साल तक के सभी बच्चों को एमआर के दो टीके लगाए जा रहे है। इसके टीकाकरण के लिए 17 से 22 मार्च तक विशेष सत्र आयोजित किया जा रहा है, जिसके तहत जिले के 26 सब सेंटरों में बच्चों का टीकाकरण किया जा रहा है।

# जतिन को चलते देखकर माता-पिता की आंखों में छलक उठे खुशी के आंसू

सीहोर(निप्र)। सीहोर जिले के ग्राम थूनाकला निवासी श्रीमती अनसुईया और विजय के चेहरे की खुशी का उस समय ठिकाना नही रहा जब उन्होंने अपने तीन साल के बेटे जतिन को चलते हुए देखा। दरअसल जातिन का वजन जन्म से ही कम था और उम्र बढ़ने के साथ ही वजन सही मात्रा में नही बढ़ रहा था। जतिन तीन साल का होने के बावजूद भी अभी चलना तो दूर बल्कि खड़ा भी नही हो पा रहा था।इसके लिए जतिन को जिला अस्पताल के न्यूट्रीशन रिहैबिलिटेशन सेंटर में भर्ती कराया गया। इसके बाद जतिन को अस्पताल के जिला शीघ्र हस्तक्षेप केंद्र (डीईआईसी) में भर्ती कराया गया। डीईआईसी में जतिन की फिजियोथेरेपी शुरू की गई। इसके साथ ही बेलेंसिंग, स्ट्रेचिंग, एनडीटी, गेट ट्रेनिंग की शुरूआत की गई।

# सीएम राइज स्कूल में प्रवेश के लिए पहले ही दिन रिक्त सीटों से अधिक आवेदन पत्र वितरित

## अधिक आवेदन प्राप्त होने की स्थिति में लॉटरी प्रक्रिया से किया जाएगा चयन



सीहोर(निप्र)। जिले के भैरूंदा स्थित सीएम राइज स्कूल में सत्र 2025-26 के लिए प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ हो गई है। यह आवेदन प्रक्रिया 29 मार्च तक चलेगी। स्कूल में प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ होने के प्रथम दिवस में ही स्कूल में अपने बच्चों के एडमिशन के लिए अविभावकों में उत्साह दिखाई दिया। स्कूल की कक्षा केजी वन के लिए रिक्त 30 सीटों पर एडमिशन के लिए पहले दिन ही 50 आवेदन पत्र वितरित किए गए। जिससे विद्यालय की लोकप्रियता और उसकी गुणवत्तापूर्ण शिक्षा की मांग स्पष्ट होती है। इसी प्रकार स्कूल की कक्षा नौवी (अंग्रेजी माध्यम) की 90 सीटों के लिए 31 आवेदन पत्र वितरित किए गए।

स्कूल के प्राचार्य शैलेन्द्र लोया ने बताया कि विद्यालय की उच्च गुणवत्ता वाली शिक्षा और शासन द्वारा दी जाने वाली सुविधाएँ इसे क्षेत्र के अभिभावकों के लिए पहली पसंद बना रही हैं। कक्षा नौवी से अंग्रेजी माध्यम की उपलब्धता, निशुल्क बस परिवहन सेवा, स्मार्ट क्लासरूम, पुस्तकालय, प्रयोगशालाएँ और अन्य आधुनिक शिक्षण संसाधन पालकों के आकर्षण का प्रमुख कारण हैं। प्राचार्य शैलेंद्र लोया ने बताया कि यदि आवेदन पत्रों की संख्या रिक्त सीटों से अधिक होती है, तो 03 अप्रैल 2025 को दोपहर 2:00 बजे लॉटरी प्रक्रिया के माध्यम से चयन किया जाएगा। इसलिए, अभिभावकों से समय पर आवेदन करने का आग्रह किया गया है, ताकि वे इस प्रक्रिया में सम्मिलित हो सकें।

# सरकार किसानों को देगी 175 रू प्रति क्विंटल गेहूं पर बोनस : राय

## सायलो केंद्र पर शुरू हुई खरीदी,विधायक ने किया शुभारंभ



सीहोर(निप्र)। जमुनिया मार्ग स्थित सायलों केंद्र में विधायक सुदेश राय के द्वारा सोमवार को समर्थन मूल्य पर गेंहू खरीदी कार्य का शुभारंभ किया गया। किसान हितैशी विधायक विधायक सुदेश राय द्वारा सायलों केंद्र पर इस वर्ष की पहली गेंहू से भरी ट्राली इलेक्ट्रिक कांटे पर तुलवाने वाले किसान का पगड़ी बांधकर फूलमालाऐ पहनाकर स्वागत किया गया।

विधायक सुदेश राय ने कहा कि रबी उपार्जन के लिए पंजीयन जारी है। किसान 31 मार्च तक खसरा-खतौनी, आधार कार्ड, समग्र आईडी, बैंक पासबुक, आधार और बैंक से जुड़ा मोबाइल नंबर देकर ऑनलाइन, सीएससी केंद्रों और किसान एप के माध्यम से भी गेंहू विक्रय के लिए पंजीयन करा सकते है। गेहूं विक्रय पर किसानों के लिए केंद्र सरकार ने समर्थन मूल्य 2425 प्रति क्विंटल निर्धारित किया है और राज्य सरकार द्वारा किसानों को बोनस के रूप में प्रति क्विंटल 175 रूपये दिया जायेगा। इस प्रकार सरकारी समर्थन केंद्रों पर गेहूँ विक्रय करने पर प्रति क्विंटल 2600 रू का भुगतान सरकार के द्वारा किसानों को किया जायेगा। विधायक सुदेश राय ने कहा की सायलों केंद्र सहित विधानसभा क्षेत्र के सभी गेंहू उर्पाजन केंद्रों पर सरकार के द्वारा निर्धारित समर्थन मूल्य 26 रूपये प्रति क्वंटल के भाव से गेंहू की खरीदी किसानों से की जाएगी। समर्थन मूल्य गेंहू उपार्जन केंदों पर किसानों के लिए सभी जरूरी सुविधाऐं उपलब्ध कराने जाने के निर्देश दिए गए है। खरीदी शुभारंभ अवसर पर सायलों केंद्र के अधिकारी कर्मचारी भाजपा कार्यकर्ता और बड़ी संख्या में किसान गण मौजूद रहे।

### अखिलेश राय फेन्स क्लब, सर्व सेन समाज एवं युवा सेन समाज का होली मिलन समारोह सम्पन्न

सीहोर(निप्र)। वरिष्ठ समाजसेवी अखिलेश राय एवं राष्ट्रीय संत पं.मोहितराम पाठक, समाजसेवी अतुल काका राठौर, सर्व सेन समाज अध्यक्ष तुलसीराम सेन, एल.एस.सेन की उपस्थिति में होटल रिसोर्ट में अखिलेश राय फेन्स क्लब, सर्व सेन समाज एवं युवा सेन समाज का होली मिलन समारोह का आयोजन सर्व सेन समाज सीहोर द्वारा आयोजित किया गया। जिसमें सामाजिक बन्धु एवं अनेक समाज के गणमान्य नागरिक, समाजसेवी, जनप्रतिनिधि कार्यक्रम में सम्मिलित हुए।

# सर्व ब्राह्मण समाज की युवा बैठक संपन्न

### नवयुवक संघ के चुनाव मे सर्व सहमति से पंडित रजत व्यास अध्यक्ष नियुक्त



सीहोर (निप्र)। सर्व ब्राह्मण समाज के द्वारा नवयुवक संघ के चुनाव को लेकर एक बैठक का आयोजन ब्राह्मण समाज की धर्मशाला में आयोजित की गई जिसमें आगामी परशुराम जयंती चल समारोह को लेकर भी चर्चा की गई एवं युवा अध्यक्ष का चुनाव संपन्न कराया गया जिसमें सर्व सहमति से अध्यक्ष पंडित रजत व्यास को नियुक्त की गया बैठक की अध्यक्षता पंडित रमाकांत समाधिया महामंत्री सर्व ब्राह्मण समाज ने कीएवं सभी युवकों ने सर्व सहमति से अपना मत पं रजत व्यास को दिया अंत मे समाज के कोषाध्यक्ष पंडित रूपेश जी तिवारी ने सभी का आभार व्यक्त किया ।

# विद्यार्थी नामांकन वृद्धि शिक्षा रथ प्रांतीय शिक्षक संघ की अभिनव पहल



सीहोर(निप्र)। सरकारी स्कूलों में छात्र संख्या बढ़ाने हेतु प्रांतीय शिक्षक संघ जिला सीहोर ने मैदानी प्रयास प्रारंभ किये हैं। इस हेतु जिन स्कूलों में छात्र संख्या कम थी वहां पर पिछले वर्ष भी प्रयास किए गए थे इसलिए दस हजार पंपलेट के माध्यम से स्कूल के स्टाफ के साथ प्रांतीय शिक्षक संघ के साथियों ने घर-घर संपर्क किया था एवम छात्र संख्या बढ़ाने का प्रयास किया था। जिलाध्यक्ष संजय सक्सेना ने बताया कि इस वर्ष भी छात्र संख्या बढ़ाने का प्रयास किया जा रहा है।इस हेतु प्रांतीय शिक्षक संघ द्वारा जारी सरकारी स्कूलों की विशेषताएं बताने वाले पंपलेट वितरण के साथ विद्यार्थी नामांकन वृद्धि शिक्षा रथ चलाया जाएगा । विद्यार्थी नामांकन वृद्धि शिक्षा रथ सीहोर नगर के साथ जिले के 101 ग्रामों में पहुंचेगा। शिक्षा रथ के माध्यम से शासकीय स्कूल की विशेषताएं लोगों तक पहुंचाई जाएंगी।इसके साथ ही 10000 पंपलेट के माध्यम से विभिन्न स्कूलों के स्टाफ के साथ प्रांतीय शिक्षक संघ के साथी कंधे से कंधा मिलाकर सर्वे करवाएंगे जिससे सरकारी स्कूलों के छात्रों की संख्या बढ़ सके। प्रांतीय शिक्षक संघ के पदाधिकारी एवं स्कूल स्टाफ घर-घर जाकर संपर्क करेंगे और प्रेरित करेंगे कि सरकारी स्कूल में एडमिशन कराएं ।इस हेतु विशेष बैठक में डाइट प्राचार्य डॉ अनिता बड़गुजर,प्रांतीय शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष संजय सक्सेना, प्रांतीय मीडिया प्रभारी प्रदीप नागिया, बीएसी हेमलता सेंगर, सुरेंद्र यादव,दिनेश मेवाड़ा,मनोज व्यास,बद्री प्रसाद वर्मा, हेमन्त मालवीय, भोजराज रघुवंशी,नरेश गुर्जर,चंदर वर्मा, श्याम प्रजापति,राजेश चौहान, कमल वर्मा,योगेश उपाध्याय , धर्मेंद्र मालवीय, अभिषेक भार्गव, लखन महेश्वरी, राकेश केलोदिया,राजेंद्र परमार,नरेश मेवाड़ा, विनोद प्रजापति, अर्जुन मेवाड़ा आदि शामिल थे।

# जनजातीय कार्य मंत्री श्री शाह ने किया कन्या शिक्षा परिसर का निरीक्षण

## छात्राओं से की पढ़ाई के बारे में की चर्चा



सीहोर(निप्र)। जनजातीय कार्य विभाग मंत्री कुंवर विजय शाह ने सीहोर स्थित शासकीय कन्या शिक्षा परिसर का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने विद्यालय में अध्यनरत बालिकाओं से उन्हें मिलने वाली सुविधाओं एवं पढ़ाई के बारे में चर्चा की तथा छात्रावास का भी निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने संस्थान में संचालित शैक्षणिक एवं खेलकूद संबधी गतिविधियों के बारे में विस्तार से जानकारी ली। मंत्री श्री शाह ने विद्यालय के पुस्तकालय, प्रयोगशाला एवं कक्षाओं का भी निरीक्षण किया। उन्होंने छात्राओं से चर्चा करते हुए कहा कि शिक्षा के साथ-साथ खेल और अन्य रचनात्मक गतिविधियों में भी सक्रिय भागीदारी आवश्यक है। उन्होंने विद्यालय में छात्राओं को बेहतर शैक्षणिक वातावरण उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। इस अवसर पर उन्होंने पौधरोपण भी किया। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर बालागुरू के, एसडीएम तन्मय वर्मा, जिला संयोजक हीरेंद्र कुशवाह तथा संस्था की प्राचार्य श्रीमती प्रमिला राही पांडे सहित अन्य अधिकारी एवं शिक्षकगण उपस्थित थे। उल्लेखनीय है कि सीहोर स्थित कन्या शिक्षा परिसर सूर्य फाउंडेशन द्वारा पीपीपी मोड पर संचालित किया जा रहा है।

### "न्याय सबके लिए" की परिकल्पना को डिफेंस काउंसिल्स के माध्यम से साकार कर रहा है सीहोर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण

सीहोर(निप्र)। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण की लीगल एड डिफेंस काउंसिल स्कीम 2022 के अंतर्गत राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के दिशा निर्देशों एवं प्रधान जिला न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अध्यक्ष सतीश चंद्र शर्मा के कुशल मार्गदर्शन में लीगल एड डिफेंस काउंसिल सीहोर जिला न्यायालय में निरंतर गुणवत्तापूर्ण सेवाएं कुशलतापूर्वक प्रदान की जा रही है।न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव श्रीमती स्वप्नश्री सिंह बताया कि सीहोर जिला मुख्यालय पर कुल 05 लीगल एड डिफेंस काउंसिल आसिफ खान, राजेंद्र कुशवाह, अमन कुलश्रेष्ठ, कु. एकता सेन एवं कु. संयोगिता सोलंकी चयनित होकर पूर्णत: विधिक सेवा का कार्य कर रहे हैं। इनके द्वारा आपराधिक मामलों में बचाव पक्ष अधिवक्ता के रूप में अपनी प्रभावी सेवाएं दे रहे हैं। आसिफ खान डिप्टी चीफ लीगल एड डिफेंस काउंसिल द्वारा सीहोर न्यायालय में लंबित हत्या के प्रकरण शासन वि. लक्की राठौर धारा 302, 324 भा.द.स. में पैरवी की गई जिसमें आरोपिया लक्की राठौर पर अपने जेठ की हत्या करने का आरोप था एवं सीहोर न्यायालय में लंबित बलात्कार के अन्य प्रकरण शासन वि. सुनील गुर्जर धारा 363, 366,376(2) (एन), 344 भा.द.स. एवं 5/6 पॉक्सो एक्ट के प्रकरण में आरोपी सुनील गुर्जर पर नाबालिग पीड़िता के साथ दुष्कर्म करने का आरोप था, दोनो प्रकरणो में पैरवी की गई और प्रकरण में साक्ष्य के आधार पर न्यायालय द्वारा आरोपियों को दोषमुक्त किया गया।


## कार्यालय कलेक्टर ( खनिज ) जिला सीहोर ( म.प्र. )

**E-mail modgmseh@mp.gov.in**

**क्रमांक/998/ खनिज/2025,** **सीहोर, दिनाँक 07.03.2025**

**मध्य प्रदेश गौण खनिज नियम 1996 के नियम, 18 ( 1-क ) के अंतर्गत उत्खनिपट्‌टा अनुज्ञप्ति ( जो भी लागू हो ) प्राप्त करने के लिए,**

**प्रथम सूचना**

यह सूचित किया जाता है कि आवेदक **श्री किशोर वर्मा आ. श्री अशोक कुमार वर्मा निवासी 56/4422 रैगर पुरा करोल बाग मध्य दिल्ली दिल्ली** के द्वारा के द्वारा उत्खनिपट्टा अनुज्ञप्ति (जो भी लागू हो) प्राप्त करने हेतु निम्न क्षेत्र पर ऑनलाईन आवेदन क्रमांक 35910 **दिनांक 15.02.2025** को प्रस्तुत किये गये है। विज्ञप्ति प्रकाशित होने की तिथी से 30 दिवस तक इस क्षेत्र पर यथा स्थिति उत्खनिपट्टा अनुज्ञप्ति आवेदन ऑनलाईन आमंत्रित किये जाते है। आवेदन ई-खनिज पोर्टल https://ekhanij.mp.gov.in पर प्रस्तुत किये जायेंगे।

**आवेदन का संक्षिप्त विवरण**

| जिला. | तहसील | ग्राम | खसरा नम्बर | रकबा | भूमि का प्रकार शासकीय/ निजी | खनिज का नाम | रिमार्क |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| सीहोर | सीहोर | लीलाखाडी | 182/103/1(S) | 2.657 हे. | शासकीय भूमि | यांत्रिकी क्रिया से गिट्टी निर्माण हेतु पत्थर | सम्पूर्ण क्षेत्र में से 2.657 हेक्टेयर क्षेत्र पर आवेदन प्रस्तुत किया गया। |
| | | | कुल रकबा | 2.657 हे. | | | |

1. उपरोक्त प्रस्तुत ऑनलाईन आवेदन पत्र में आवेदित क्षेत्र के संबंध में अन्य इक्छुक आवेदकों से विज्ञप्ति प्रकाशित होने की तारीख से आवेदन प्रस्तुत करनें की अंतिम तिथी तक (कार्यालयीन समय सांय 5:30 बजे तक) ऑनलाईन आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते है।
2. यदि प्रकाशित विज्ञप्ति के उपरांत आवेदन प्राप्त होने की अंतिम तिथि तक 03 अथवा उससे अधिक अन्य आवेदकों के आवेदन पत्र प्राप्त होते है, तो प्रथम आवेदन पत्र एवं प्राप्त सथी आवेदन पत्रों को म.प्र. गौण नियम 1996 के नियम 21 के तहत अधिमान्यता तय करने के आशय से उसी दिन प्राप्त किया गया समझा जाएगा।
3. यदि प्रकाशित विज्ञप्ति में उल्लेखित आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि तक 03 से कम आवेदन पत्र प्राप्त होते है तो पुनः 15 दिवस की अवधि आवेदन प्राप्त करने हेतु निर्धारित कर विज्ञप्ति प्रकाशित की जाएगी। विज्ञप्ति प्रकाशन के दिनांक से 15 दिवस के भीतर अन्य आवेदक भी उपरोक्त आवेदित क्षेत्र पर आवेदन प्रस्तुत कर सकेंगे। उपरोक्त अवधि में प्राप्त आवेदन पत्र तथा पूर्व प्रकाशित विज्ञप्ति की अवधि के दौरान प्राप्त सभी आवेदन पत्रों को म.प्र. गौण खनिज नियम, 1996 के नियम 21 के तहत अधिमान्यता तय करने के आशय से उसी दिन प्राप्त किया गया समझा जाएगा।
4. यदि प्रथम एवं द्वितीय प्रकाशित विज्ञप्ति के उपरांत भी निर्धारित समयावधि में अन्य कोई आवेदन पत्र प्राप्त नहीं होता है तो प्रथम आवेदक के पक्ष में नियमानुसार खनि रियायत स्वीकृति पर विचार किया जा सकेगा।
5. निर्धारित समयावधि के उपरांत प्राप्त आवेदन पत्रों को विचार में नहीं लिया जाएगा।

**उप संचालक**
**( खनिज प्रशासन )**
**जिला-सीहोर( म.प्र. )**

जी/24382/24 हेलमेट पहनकर वाहन चलायें,अपनी व दूसरों की जान बचायें


स्वत्वाधिकारी, सम्पादक, मुद्रक, प्रकाशक कृष्णकांत सक्सेना की ओर से श्री बालाजी प्रिटंर्स, प्लाट नं.21,सेक्टर-एच,इंडस्ट्रियल एरिया,गोविंदपुरा भोपाल से मुद्रित तथा कलेक्ट्रेट के सामने कलेक्ट्रेट रोड सीहोर म.प्र. से प्रकाशित। ब्यूरो प्रमुख -भावना सक्सेना। स्थानीय प्रतिनिधि-मनोज दीक्षित, सभी विवादों का न्याय क्षेत्र भोपाल रहेगा। मो.9425025999 ई-मेल - dainikkshitijkiran@gmail.com, वेबसाइट- www.kshitijkiran.com